


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





10 भारत का सेमीफाइनल खेलना लगभग तय ...

विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने समकक्ष नाहयान से की मुलाकात ... 12



वर्ष : 12 | अंक : 74 | पटना, मंगलवार, 25 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## 18वीं लोकसभा की कार्यवाही शुरू, पीएम ने चुनकर आए सांसदों का किया अभिवादन

# तीसरे कार्यकाल में तीन गुना बेहतर तरीके से चलाएंगे सरकार : मोदी

### बोलें- जनता ने जो भरोसा जताया है, उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतारना होगा



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18वीं लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले सोमवार को चुनकर आये सांसदों का अभिवादन करते हुए सभी से जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का आग्रह किया और कहा कि वह सबकी सहमति से सरकार चलाएंगे इसलिए उन्हें उम्मीद है कि विपक्ष जिम्मेदारी से काम कर जन भावनाओं पर खरा उतरेगा। श्री मोदी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा देश के 65 करोड़ लोगों ने 18वीं लोकसभा के प्रतिनिधियों को आकांक्षाओं के साथ चुनकर भेजा है। जनता ने जो भरोसा जताया है, हम सबको मिलकर उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतारना होगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह सबकी सहमति से सरकार चलाएंगे और विपक्षी दलों से उम्मीद जताई है कि वे भी जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतर कर काम करेंगे। उन्होंने कहा संसदीय लोकतंत्र में आज का दिन गौरव का दिन है। आजादी के बाद पहली बार हम अपने बनाये नये संसद भवन में शपथ लेने जा रहे हैं। अब तक यह प्रक्रिया पुराने संसद भवन में हुआ करती थी। आज का दिन विशेष महत्वपूर्ण है और इस अवसर पर मैं सभी नवनिर्वाचित सांसदों का अभिनंदन करता हूं और सबको शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, विकसित भारत 1947 जैसे कई संकल्पना को लेकर आज 18वीं लोकसभा का आरंभ हो रहा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनाव बड़े शांत और गौरवपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। करीब 65 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने चुनाव में हिस्सा लिया।

**जनता ने तीसरे कार्यकाल के लिए राजग सरकार को पसंद किया :** लोकसभा चुनाव के नतीजों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि देश की जनता ने तीसरे कार्यकाल के लिए राजग सरकार को पसंद किया है जो कि उसकी नीयत, नीतियों और जनता-जनार्दन के प्रति उसके समर्पण भाव पर मुहर है। उन्होंने कहा कि करीब 65 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने इसमें हिस्सा लिया और यह इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण बन गया है क्योंकि आजादी के बाद जनता ने दूसरी बार किसी सरकार को लगातार तीसरी बार सेवा करने का अवसर दिया है और यह 60 साल के बाद आया है जो कि अपने आप में बहुत बड़ी गौरवपूर्ण घटना है।

उन्होंने कहा, यह बहुत ही महान विजय है। बहुत ही भव्य विजय है। और तब हमारा दायित्व भी तीन गुना बढ़ जाता है। हमें तीसरी बार मौका दिया है। दो बार सरकार चलाने का अनुभव हमारे साथ जुड़ा है। मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि हमारे तीसरे कार्यकाल में हम पहले से तीन गुना ज्यादा मेहनत करेंगे। हम परिणामों को भी तीन गुना लाकर के रहेंगे। इस संकल्प के साथ हम इस नए कार्यभार को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, नए उमंग, नए उत्साह के साथ नई गति, नई ऊंचाई प्राप्त करने के लिए ये अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है।

**सबको साथ लेकर और सबकी सहमति से जनता की सेवा करना है :** पीएम मोदी ने 2024 के चुनाव को महत्वपूर्ण बताया और कहा, यह चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि आजादी के बाद दूसरी बार किसी सरकार को लगातार तीसरी बार सेवा करने के लिए देश की जनता ने अवसर दिया है और यह अवसर लंबे समय बाद देश में आया है इसलिए यह सब हम सबके लिए गौरव का विषय है। जनता ने तीसरे कार्यकाल के लिए हमारी सरकार को मौका दिया और इसका मतलब है कि उन्होंने हमारे काम पर भरोसा किया है और उस पर मुहर लगाई है। इसके लिए मैं देशवासियों का आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा देश चलाने के लिए सहमति होती है और सरकार बनाने के लिए बहुमत होता है इसलिए हमारा लक्ष्य है कि सबको साथ लेकर और सबकी सहमति से देश की जनता की सेवा करना है। देश के 140 करोड लोगों की आशा और आकांक्षाओं को पूरा करना है। हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं, सबको साथ संविधान की मयादाओं का पालन करते हुए विकास को गति देना चाहते हैं। यह खुशी की बात है कि 18वीं लोकसभा में युवा सांसदों की संख्या अच्छी खासी है।

## 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर जो काला धब्बा लगा था

### देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में फिर कभी कोई ऐसी हिम्मत नहीं करेगा

आपातकाल को लोकतंत्र के लिए काला धब्बा बताते हुए उन्होंने कहा, जो लोग देश के संविधान के प्रति समर्पित हैं देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए निष्ठावान है, उनके लिए 25 जून ना भूलने वाली तिथि है क्योंकि 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर धब्बा लगा था, उसके 50 साल कल पूरे हो रहे हैं। भारत के लोग कभी नहीं भूलेंगे कि इस दिन लोकतंत्र को पूरी तरह से दबोच दिया गया था। आपातकाल देश के संविधान में काला धब्बा था। हम संकल्प करेंगे कि संविधान के अनुसार जन सामान्य के सपनों को पूरा करना है और अब कोई दूसरी बार कभी भी देश में दूसरा आपातकाल नहीं लग सकेगा। उन्होंने कहा देश की जनता ने तीसरी बार मौका दिया है।

यह बहुत ही महान विजय है और अब हमारा दायित्व भी तीन गुना बढ़ गया है इसलिए देशवासी विश्वास दिलाता हूं कि हमारे पास दो बार सरकार चलाने का अनुभव है और हम पहले की अपेक्षा तीन गुना बेहतर सरकार चलाएंगे। श्री मोदी ने कहा, हम नए कार्यभार को लेकर आगे चल रहे हैं। सभी सांसदों से देश को बहुत अपेक्षा है इसलिए सबसे आग्रह करुंगा कि जनहित के लिए मील अवसर का उपयोग करें और हर संभव जनहित में कदम उठाएं। प्रधानमंत्री ने विकसित दलों से भी जनहित के काम करने की अपील करते हुए कहा देश की जनता को विपक्ष से अच्छे कदमों की अपेक्षा हैं। अब तक उससे निराश मिली है लेकिन अब उम्मीद है कि विपक्ष जनता की आकांक्षाओं पर खराब उतरेगा।

**भारत के अमृत काल मे 18वीं लोकसभा का गठन शुभ संकेत:** प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताते हुए कहा, देश को अच्छे और जिम्मेदार विपक्ष का आवश्यकता है और हमें विश्वास है कि 18वीं लोकसभा में जो सांसद जीत कर आए हैं वे लोगों की आकांक्षा को पूरा करेंगे। देश को आगे बढ़ने का हम सब का दायित्व है और हम सबको मिलकर जनता जे विश्वास पर खरा उतारते हुए आगे बढ़ाना है। देश के 25 करोड़ नागरिकों का गरीबी से बाहर निकलना नया विश्वास पैदा करता है और इससे यह भी विश्वास पैदा होता है कि जल्दी ही भारत को गरीबी से मुक्त करने में सफलता हासिल करेंगे। हमें उम्मीद है कि 18वीं लोकसभा संकल्प का सदन बनेगा ताकि सामान्य नागरिक के सपने साकार हो सभी सांसदों का स्वागत करता हूं अभिनंदन करता हूं और जो देश की जनता ने दायित्व दिया है उसे हम मिलकर के बखूबी निभाएं। प्रधानमंत्री ने 18वीं लोकसभा को शुभ बताया और कहा हमारे यहां 18 अंक का बहुत मूल्य है। गीता के 18 अध्याय कर्म, कर्तव्य और करुणा का संदेश देते हैं। हमारे यहां पुराणों की संख्या भी 18 है। भारत के अमृत काल मे 18वीं लोकसभा का गठन शुभ संकेत है।

## इंडिया समूह के नेताओं ने संविधान की प्रति के साथ संसद परिसर में किया प्रदर्शन



● लोकसभा सत्र के पहले दिन इंडिया गठबंधन के सांसदों ने दिखाई एकजुटता

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस इंडिया के कई घटक दलों के नेता 18वीं लोकसभा के प्रथम सत्र के पहले दिन सोमवार को संविधान की प्रति लेकर सदन में पहुंचे और एकजुटता प्रकट की। कार्यवाही आरंभ होने से पहले विपक्षी गठबंधन के सांसद संसद परिसर में एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

उन्होंने संविधान की रक्षा हम करेंगे और तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाए। इस दौरान सोनिया गांधी, खरगे, राहुल गांधी तथा द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के कई अन्य घटक दलों के सांसद मौजूद थे। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया और कहा कि यह उन्हें स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह संविधान पर हमला कर रहे हैं। हम संविधान पर वह हमला नहीं होने देंगे। उनका यह भी कहना था, यह हमला हमें स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने विपक्षी सांसदों की नारेबाजी का वीडियो साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, हम लोकतंत्र के प्रहरी हैं। हम संविधान की रक्षा करने और उसे कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अन्याय के खिलाफ लड़ने के अपने संकल्प में एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आशीर्वाद लेकर और संसद में लोगों के मुद्दों, चुनौतियों, आशाओं और आकांक्षाओं को आवाज देने और सरकार को हर मिनट नियंत्रण में रखने के नए संकल्प के साथ 18वीं लोकसभा में प्रवेश करता है।

हालिया लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संविधान को एक बड़ा मुद्दा बनाया था। उनका आरोप था कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है। नई लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से आरंभ हुआ। इसके पहले और दूसरे दिन नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण होगा। प्रोटेम स्पीकर (अस्थायी अध्यक्ष) नियुक्त किए गए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ लोकसभा सदस्य भर्तृहरि महताब नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। इसके बाद बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बृहस्पतिवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत-पाकिस्तान के तटस्थ विशेषज्ञों का प्रतिनिधिमंडल किश्तवाड़ के लिए रवाना

जम्मू। सिंधु जल संधि के तहत भारत और पाकिस्तान का 38 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को यहां से किश्तवाड़ जिले के लिए रवाना हुआ। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व तटस्थ विशेषज्ञ मिशेल मार्क लिनो कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में पाकिस्तान से पांच, भारत से 19, तटस्थ सदस्यों के अलावा फ्रांस और ब्रिटेन से दो-दो, कनाडा से तीन, केन्या, रूस, स्विट्जरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और डेनमार्क से एक-एक सदस्य शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार ने तटस्थ विशेषज्ञों की यात्रा के लिए 25 संपर्क अधिकारी भी नियुक्त किए हैं। उन्होंने बताया कि यह यात्रा सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के प्रावधानों के तहत आयोजित की गयी है। यह भारत और पाकिस्तान के बीच जल-वितरण संधि है। विश्व बैंक ने सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों में उपलब्ध जल का उपयोग करने के लिए व्यवस्थित तरीके अपनाने पर बल दिया गया है।

### कैदी फरार मामले में सिटी एसपी ने चार को किया निलंबित

पटना सिटी (प्राकि)। चौक थाना परिसर से रविवार को गिरफ्तार दो शराब माफिया में से एक विनोद राय संदिग्ध स्थिति में फरार हो गया था। इसे लेकर डीएसपी-2 डॉक्टर गौरव कुमार को सिटी एसपी ईस्ट ने जांच कर रिपोर्ट की मांग की थी। डीएसपी कार्यालय के द्वारा सौंपे गए रिपोर्ट के आधार पर दो पुलिस पदाधिकारी, एक मुंशी और एक संतरी को निलंबित किया गया है। सिटी एसपी ईस्ट भारत सोनी ने बताया कि ओडी में रहे सहायक आरक्षी निरीक्षक हैदर अली, सब-इंस्पेक्टर विपुल कुमार सिंह, मुंशी इंदर और एक संतरी को लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

## पेपर लीक मामला : सीबीआई का दल ईओयू कार्यालय पहुंचा

प्रात : किरण




पटना। दिल्ली से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का एक दल राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक 2024 (नीट-यूजी) में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में सोमवार को यहां बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्थिक अपराध इकाई इस मामले में अबतक 18 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। केंद्र द्वारा इस मामले की सीबीआई जांच का आदेश दिये जाने से पहले तक ईओयू ही इसकी जांच कर रही थी। एक अधिकारी ने कहा, सीबीआई अधिकारी ईओयू से इस मामले के सबूत ले रहे हैं। सीबीआई ने चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में शिक्षा मंत्रालय की संस्तुति पर रविवार को एक प्राथमिकी दर्ज की थी। यह परीक्षा पांच मई को हुई थी। परीक्षा के प्रश्नपत्रों के लीक हो जाने के आरोपों पर देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं और कई अभ्यर्थी अदालत पहुंच गये हैं। एक ईओयू अधिकारी ने कहा, ईओयू द्वारा जुटाये गये सबूतों में यहां एक मकान से बरामद किये गये जले हुए प्रश्नपत्र के टुकड़े, गिरफ्तार लोगों के मोबाइल फोन, सिमकार्ड, लैपटॉप, आगे की तारीख वाले चेक, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से प्राप्त संदर्भ प्रश्नपत्र आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा, जो लोग गिरफ्तार किये गये हैं वे सभी पटना में न्यायिक हिरासत में हैं और सीबीआई का दल यहां एक अदालत से ट्रांजिट रिमांड हासिल कर उन्हें सघन पूछताछ के लिए दिल्ली ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीबीआई सबूतों को नष्ट करने की जांच के सिलसिले में कई प्राथमिकियां दर्ज कर सकती है तथा वह कुछ आरोपियों के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति का मामला भी दर्ज कर सकती है। अधिकारी ने कहा, गिरफ्तार किये गये आरोपी, दानापुर नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता सिकंदर प्रसाद यादवेंदु के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया जा सकता है क्योंकि उसने अपनी आय के ज्ञात स्रोत से काफी अधिक संपत्ति कथित रूप से अर्जित की है। उन्होंने बताया कि मूल रूप से समस्तीपुर के रहने वाले यादवेंदु की पहचान इस मामले में मुख्य आरोपी के रूप में हुई है।

## हिंदी, संस्कृत, असमिया, मैथिली में शपथ ग्रहण के दौरान लोकसभा में दिखी भाषाई विविधता की झलक

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों ने सोमवार को जब शपथ ली तो भारत की भाषायी विविधता की झलक देखने को मिली। अधिकतर सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली तो कई सदस्यों ने संस्कृत, असमिया, मैथिली, तेलुगू तथा पंजाबी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में सत्य और निष्ठा का प्रतिज्ञान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन सबसे पहले सदन के सदस्य के तौर पर हिंदी में शपथ ली। उनके शपथ लेने के बाद सत्तापक्ष से कई सदस्यों ने जय श्रीराम के नारे भी लगाए। हिंदी में शपथ लेने वालों में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल शामिल थे।

मंत्रियों चंद्रशेखर पेम्मासानी, बंडी संजय कुमार और भूपति राजू ने तेलुगू में शपथ ली। शांतनु ठाकुर और सुकांतो मजूमदार ने बांग्ला में तथा सुरेश गोपी ने मलयालम में शपथ ली। गोवा से भाजपा के सदस्य तथा विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक और मध्य प्रदेश के बैतूल से सदस्य निर्वाचित हुए केंद्रीय आदिवासी कार्य राज्य मंत्री दुगार्दास उइके ने संस्कृत भाषा में शपथ ली। अन्य सभी मंत्रियों ने हिंदी भाषा में शपथ ली और किसी भी मंत्री ने अंग्रेजी में शपथ ग्रहण नहीं की। असम के धुबरी से कांग्रेस के रकीबुल हुसैन ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर असमिया भाषा में शपथ ली। असम के दरांग उदालगुड़ी से भाजपा सदस्य दिलीप सैकिया ने संस्कृत में शपथ ली, वहीं राज्य के दिफू से भाजपा सदस्य अमर सिंह टिसो ने अंग्रेजी में शपथ ली। बिहार के शिवहर से जनता दल (यूनाइटेड) की सांसद लवली आनंद, मधुबनी से भाजपा सांसद अशोक कुमार यादव, झंझारपुर से जदयू के रामप्रीत मंडल और दरभंगा से भाजपा सदस्य गोपालजी ठाकुर ने मैथिली भाषा में शपथ ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की पुत्री और नई दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा की सदस्य बांसुरी स्वराज ने संस्कृत भाषा में शपथ ली। तेलुगू देशम पार्टी के कृष्णा प्रसाद टेन्नेटी और भाजपा के चिंतामणि महाराज ने भी संस्कृत में शपथ ली। चंडीगढ़ से कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने पंजाबी भाषा में शपथ ली। आंध्र प्रदेश के अराकू संसदीय क्षेत्र से वाईएसआरसीपी की सदस्य गुम्मा तनुजा रानी ने हिंदी में शपथ ली।कर्नाटक के अधिकतर सदस्यों ने कन्नड मे शपथ ली, वहीं केरल के ज्यादातर सदस्यों ने मलयालम भाषा में शपथ पढ़ी।

**कार्यशाला**

## तीन नए आपराधिक कानूनों पर पीआइबी द्वारा मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का हुआ आयोजन, नए आपराधिक कानून के संबंध में वक्ताओं ने विस्तार व बारीकी से की चर्चा

# नए कानून लागू होने से आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जाएगा भारत

प्रात : किरण

### बिहार पुलिस प्रशासन ने नये कानूनों को लेकर शुरू कर दी है पहल : श्रीनिवासन




पटना। तीन नए आपराधिक कानूनों : भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लेकर प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना द्वारा सोमवार को कपूर्री ठाकुर सदन पटना में मीडिया कार्यशाला वातार्लाप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन बी. श्रीनिवासन, आईपीएस, निदेशक, पुलिस अकादमी, राजगीर, प्रो.(डॉ) फैजान मुस्तफा, कुलपति, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विशाविद्यालय पटना, पी. कन्नन, पुलिस महानिरीक्षक, सीआइडी, पटना, डॉ प्रज्ञा पालीवाल गौड़, महानिदेशक, पीआईबी, नई दिल्ली और एस. के. मालवीय अपर महानिदेशक पीआईबी, पटना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मौके पर पीआईबी-सीबीसी के उपनिदेशक संजय कुमार मौजूद रहें।

कायाशार्ला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बी. श्रीनिवासन, आईपीएस, निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद एफआईआर से लेकर अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी और भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जाएगा। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों से देश में एक ऐसी न्यायिक प्रणाली स्थापित होगी जिसके जरिए तीन वर्षों के भीतर न्याय मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इस नये कानूनों के लेकर बिहार पुलिस प्रशासन ने अपनी पहल शुरू कर दी है। इस सिलसिले में 26 हजार से अधिक एसआई से लेकर डीएसपी रैक तक के अधिकारियों को हाईब्रीड मोड में प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण देने का मकसद साफ है कि नये आपराधिक कानूनों की जानकारी पुलिसकर्मियों को सही-सही हो व उसका अनुपालन हो ताकि जनता को किसी भी तरह की परेशानी न हो सके।

**आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की होगी शुरूआत : फैजान**

चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डॉ) फैजान मुस्तफा ने अपने संबोधन में कहा कि इस ऐतिहासिक कानून के बनने के साथ ही भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरूआत हुई है। पुराने कानून हत्या और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में कार्रवाई को प्राथमिकता देने की बजाय ब्रिटिश राज्य की सुरक्षा को प्राथमिकता देते थे। उन्होंने कहा कि तीन नए प्रमुख कानूनों का मकसद सजा देने की बजाय न्याय देना है।

इन तीन कानूनों से पहली बार हमारी आपराधिक न्यायिक प्रणाली भारत द्वारा, भारत के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानूनों से चलेगी। उन्होंने कहा कि इस कानून को लेकर बिहार सरकार ने जो तैयारी की है वह ऐतिहासिक व सराहनीय है। प्रो. फैजान ने कहा कि जब नये कानूनों में बदलाव हो रहा है तब और नयी चीजों को जोड़ने की जरूरत थी। उन्होंने मीडियाकर्मियों से आग्रह किया कि मीडिया ट्रायल से बचें, इससे कानूनी व्यवधान पड़ता है। नये आपराधिक कानूनों में कई प्रावधान किए गयें हैं जो स्वागत योग्य हैं, इससे मानवीय पक्ष सामने आएगा।

वहीं, प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो, पटना के अपर महानिदेशक एस.के. मालवीय ने अतिथियों और मीडियाकर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों को संसद द्वारा पारित किया गया है जो 01 जुलाई, 2024 से लागू हो जाएगा। मीडिया कायाशार्ला का मुख्य उद्देश्य मीडियाकर्मियों को आपराधिक कानूनों से अवगत कराना है। उन्होंने पत्रकारों से अनुरोध भी किया कि वे इस नये कानून के बारें में आम लोगों तक इसकी जानकारी पहुचाएं ताकि इसका उद्देश्य पूर्ण हो सकें। वातार्लाप का संचालन संजय कुमार, उपनिदेशक ने किया। वातार्लाप में पटना सहित राज्य भर से संपादक,मीडिया प्रमुख,ब्यूरो प्रमुख और वरिष्ठ संवाददाता मौजूद रहे।

## नए आपराधिक कानून दंड-केंद्रित नहीं, न्याय केंद्रित : पी. कन्नन

सीआईडी पटना के पुलिस महानिरीक्षक पी कन्नन ने नए आपराधिक कानूनों का परिचय देते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों से समय पर न्याय मिलेगा।

इलेक्ट्रॉनिक तरीके से शिकायत दायर करने के तीन दिन के भीतर एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही यौन उत्पीड़न के मामलों में सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट देनी होगी। पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय करने का प्रावधान किया है। भगोड़े अपराधियों की गैर-मौजूदगी के मामलों में 90 दिनों के भीतर केस दायर करने का प्रावधान है। आपराधिक मामलों में सुनवाई पूरी होने के 45 दिनों के भीतर फैसला होगा। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानून दंड-केंद्रित नहीं, न्याय केंद्रित है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध पर खास फोकस किया गया है।

**महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध पर है खास फोकस : गौड़**

डॉ प्रज्ञा पालीवाल गौड़, महानिदेशक, पीआईबी, नई दिल्ली ने विशेष प्रवेश के दौरान कहा कि नये आपराधिक कानून का उद्देश्य पीड़ितों को न्याय दिलाना है। ऐसे में जरुरी है कि जो कानूनी बदलाव हुए हैं उसकी जानकारी जनता को हो। इसी मकसद को लेकर मीडियकर्मियों के साथ वातार्लाप का कार्यक्रम किया गया है। उन्होनें कहा कि 150 साल के कानून में जो नये बदलाव हुए हैं उसे जन जन तक पहुँचाने में मीडिया की भुमिका अहम है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य अपराधी को दण्ड देने के साथ-साथ पीड़ित को न्याय दिलाना है। इस कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष और त्वरित प्रावधान किए गए है।

# शराब के साथ गिरफ्तार रविरंजन को भेजा जेल, फरार विनोद राय की तलाश जारी

## बरामद 770 लीटर स्प्रिट से 7-8 हजार लीटर देसी-विदेशी शराब बनता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के हाजीगंज स्थित गोप ट्रांसपोर्ट परिसर में पवन ट्रांसपोर्ट परिसर में पवन ट्रांसपोर्ट है। यहां रविवार को मद्य निषेध विभाग की टीम के द्वारा छापेमारी की गई थी। इसमें इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह, एसआई राकेश कुमार, आकाश आनंद, आरक्षी गौतम कुमार और चालक आरक्षी हबीब शामिल थे। यहां से एक पिकअप, जिस पर पंजीयन संख्या बीआर 01जीएम 0262 और एक मोटरसाइकिल, जिस पर पंजीयन संख्या बीआर 04एआर 3491 के साथ ही 42 गैलन में रहे 35 लीटर यानी कुल 770 लीटर स्प्रिट जब्त किया गया था। वहीं इस संबंध में छपरा जिला के अमौर थाना क्षेत्र के पैएगा शेखपुरा के रहने वाले स्वर्गीय भुटेली राय के पुत्र विनोद राय और वैशाली जिला के लालगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मी नारायणपुर के रहने वाले दिनेश पासवान के पुत्र रवि रंजन कुमार को गिरफ्तार किया गया। दोनों को चौक थाना के सुपुर्द कर दिया गया था। मगर थाना से मुख्य अभियुक्त विनोद राय संदिग्ध परिस्थिति में भाग निकला। ट्रांसपोर्ट से मंगाए गए स्प्रिट से बने शराब से अनेक जिलों में ट्रेजेडी की घटना हुई है। पटना में बड़े पैमाने पर ट्रांसपोर्ट के माध्यम से स्थानीय शराब निमार्ता और माफिया द्वारा स्प्रिट मंगाई जा रही है, मगर जिला पुलिस ऐसे लोगों को नहीं पकड़ पाती है। पकड़ी गई स्प्रिट से करीब सात से आठ हजार लीटर अवैध नकली देसी और विदेशी शराब का निर्माण किया जा सकता था। उक्त पकड़ी गई स्प्रिट का मूल्य करीब पांच लाख रुपया आंका गया है। वहीं इस संबंध में चौक थाना के थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि पकड़ा गया रवि रंजन कुमार और विनोद राय पर मामला दर्ज किया गया है। रवि रंजन कुमार को कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया है। वहीं फरार विनोद राय के खिलाफ अलग से मामला दर्ज किया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पटना, वैशाली और छपरा जिला की पुलिस से संपर्क साधते हुए लगातार छापेमारी की जा रही है। हालांकि विनोद कैसे और किस परिस्थिति में फरार हुआ है, पुलिस इसकी जांच कर रही है। इस संबंध में डीएसपी-2 डॉक्टर गौरव कुमार ने कहा कि आखिर विनोद राय कैसे और किस परिस्थिति में थाना परिसर से फरार हुआ है, इसकी जांच कर संबंधित दोषी पुलिस पदाधिकारी और बल पर कार्रवाई की जाएगी।



● ट्रांसपोर्ट के माध्यम से शराब माफिया द्वारा मंगाई स्प्रिट पुलिस पकड़ नहीं पाती

## भाकपा-माले ने दो दिवसीय बैठक का किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। शहर में गोविंदपुर स्थित वाणी पुस्तकालय में भाजपा के दमनकारी नीतियों के खिलाफ दो दिवसीय बैठक का आयोजन भाकपा-माले ने किया। बैठक की अध्यक्षता पांच मंड अध्यक्ष ने किया। इस अध्यक्ष मंडल में कमलेश कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, जयप्रकाश पासवान एवं मोहन माधुरी गुप्ता शामिल हुए। बैठक में भाजपा की दमनकारी नीतियों के खिलाफ, रोजी-रोटी रोजगार के संघर्ष तेज करने, पार्टी संगठन को विस्तार व मजबूत करने का संकल्प लिया गया तथा लोकसभा चुनाव 2024 की समीक्षा किया गया। बैठक में पिछले 7 अप्रैल से अब तक निधन हुए जिसमें भाकपा के राष्ट्रीय नेता कामरेड अतुल अंजान सहित सभी दिवंगत पटना जिला के 18 साथियों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य जिला सचिव कामरेड अमर, केंद्रीय कमेटी सदस्य पालीगंज के विधायक संदीप सौरभ, केंद्रीय कमेटी सदस्य फुलवारीशरीफ के विधायक गोपाल रविदास सहित 45 जिला कमेटी के सदस्य बैठक में शामिल थे। बैठक में आशा देवी, शैलेंद्र यादव, मुन्ना पंडित, नागेश्वर पासवान, राकेश, बिनेश चौधरी, कृपा नारायण सिंह, प्रमोद यादव, वीरेंद्र प्रसाद, निरंजन वर्मा, सत्यानंद पासवान, अकलू पासवान, मंगल यादव, अरविंद पासवान, सुधीर कुमार भारती, सुरेंद्र प्रसाद यादव, सुरेंद्र पासवान, शंकर पासवान, आनंदी पासवान, श्रीकांत दास, मिथिलेश प्रसाद, साधु शरण प्रसाद, गुरुदेव दास, देवीलाल पासवान, शाहिद एवं अन्य लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चेन्नई से लौट रहा युवक लापता

फतुहा। चेन्नई से लौट रहे एक युवक के लापता हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सन्दर्भ में लापता युवक की पत्नी सुल्तानपुर गांव निवासी सरिता देवी ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है। सरिता देवी के मुताबिक उसके पति राजु पासवान बीते रविवार को चेन्नई से पटना आने के बाद बस से फतुहा लौट रहा था। शाम चार बजे पत्नी को फोन पर सूचना दिया कि वह नरेना मोड़ पहुंच चुका है। थोड़ी देर में घर पहुंच जाएगा। लेकिन वह देर शाम तक घर नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। अब परिजन किसी अनहोनी की आशंका से ग्रसित होकर पति की तलाश के लिए पुलिस से गुहार लगायी है।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी विभेष आनंद विद्यालय का औचक निरीक्षण

दानापुर। नगर के अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी ने तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किये। इस दौरान कमियों को दूर करने का निर्देश प्रधानाध्यापक को दिये। सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विभेष आनंद विद्यालय का औचक निरीक्षण करने जमालुद्दीनचक स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थित कम मिली। साथ ही ज्यातार बच्चो को स्कूल ड्रेस में नहीं थे। जिस पर उन्होंने नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देश दिया। इसके साथ उन्होंने विद्यालय के आधारभूत संरचना समेत विद्यालय के कार्यो का जायजा लेते हुए बच्चो व शिक्षकों से भी जानकारी ली। प्रखंड विकास पदाधिकारी यहां से निकल कर प्राथमिक विद्यालय गोरंगांवा व प्राथमिक विद्यालय घुसुकटोला का भी निरीक्षण किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विद्यालय को जिलाधिकारी के निर्देश पर विद्यालयो को औच्क निरीक्षण किया गया।

### चोरी के मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

दानापुर। नगर के अंतर्गत न्यूतारामंडल में चोरी मामले में दानापुर पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जिनके पास से चोरी गये दो लैपटॉप व दो मोबाइल बरामद किया। इस संबंध में न्यू तारामंडल निवासी दीपक कुमार ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। जिसकी छानबीन करते हुए पुलिस ने कार्रवाई में जुटी। छानबीन में मिली जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुबारकपुर कृषि फार्म निवासी चिन्टू कुमार, पिन्टू कुमार, रौशन कुमार, रॉकी कुमार, अभिषेक कुमार, न्यू मैनपुरा प्रगति नगर निवासी रौशन उर्फ मिथिलेश एवं न्यूतारामंडल निवासी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से चोरी किये गये दो लैपटाप व स्क्रीनटच मोबाइल बरामद किया गया।

### बालू लेकर जा रहा चालक गिरफ्तार, ट्रैक्टर जब्त

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना क्षेत्र के दमराही घाट पर छापेमारी कर पुलिस ने सफेद बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। साथ ही चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि मामले में चालक वैशाली जिला के राघोपुर का रहने वाला सनोज यादव को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर को भी जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बालू लदे ट्रैक्टर के चालक से जब कागजात की मांग की गई तो उसने पेश करने में असमर्थता जताई। मालसलामी थाना की पुलिस अवैध बालू ढुलाई के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

### विप सभापति अमरेंद्र से मिल दी बधाई

पटना सिटी (प्राकि)। भारतीय जनता पार्टी के व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नितिन कुमार रिंकू ने विधान परिषद के नवनियुक्त सभापति अमरेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात की। श्री नितिन ने उनके विधान परिषद में सभापति चुने जाने पर बधाई दी और आशा जताई कि उनके सभापतित्व में विधान परिषद का संचालन बेहतर तरीके से हो सकेगा। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, पटना महानगर के महामंत्री विनय केसरी एवं अन्य नेता भी शामिल थे।

### उद्यान स्थापन पर पॉट पेंटिंग में रणवीर जायसवाल प्रथम

पटना सिटी (प्राकि)। संजय गांधी जैविक उद्यान, पटना के द्वारा आयोजित पटना जू का स्थापना दिवस 2024 आयोजित किया गया था। 22 जून को इसे लेकर छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता भी शामिल था। इस प्रतियोगिता में कन्या मध्य विद्यालय, बेगमपुर के सातवां वर्ग का छात्र राजवीर जायसवाल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उसे उद्यान निदेशक एवं अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया है। सुजीत जायसवाल के पुत्र रणवीर जायसवाल के द्वारा पटना जू के स्थापना दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किए जाने पर कन्या मध्य विद्यालय, डॉ विजेंद्र पासवान के साथ ही वार्ड 62 की पार्षद तारा देवी ने राजवीर को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## राज्यपाल से मिल निमार्णाधीन आधुनिक ब्लड बैंक की दी जानकारी

### गायघाट के बंद पड़े मातृ शिशु कल्याण केंद्र को चालू कराने का आग्रह

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी पटना सिटी शाखा का प्रतिनिधिमंडल चेयरमैन गोविंद कानोडिया के नेतृत्व में राज्यपाल सह अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी बिहार राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से शिष्टाचार मुलाकात सोमवार को किया। इस दौरान मंगल तालाब के पूर्वी छोर में बन रहे अत्याधुनिक ब्लड बैंक के निर्माण कार्य की जानकारी उन्हें दी गई और आगे का मार्गदर्शन प्राप्त किया गया। श्री कानोडिया ने गायघाट स्थित बंद पड़े मातृ शिशु कल्याण केंद्र की ओर भी राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया और उन्हें बताया कि गायघाट स्थित बंद पड़े मातृ शिशु कल्याण केंद्र को जल्द से जल्द चालू कराया जाए, जिससे स्थानीय लोगों को उसका लाभ मिल सके। उनसे यह अनुरोध किया गया कि एक बार स्वयं स्थल का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति देख लें। उन्होंने आश्वस्त किया कि हम उसे देखेंगे। आप लोग बताएं कि वहां क्या किया जा सकता है। प्रतिनिधिमंडल में पवन कुमार केजरीवाल और मनोज डिडवानिया भी थे।

## पानी का संकट झेलते जनता ने बाजार समिति के पास किया सड़क जाम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नगर निगम के वार्ड संख्या 47 के साकेतपुरी मुहल्ला स्थित उच्च प्रवाही बोरिंग बोरिंग पांच दिनों से खराब है। इस कारण से करीब एक दर्जन मुहल्लों में पानी की समस्या बनी है। इस गर्मी में पानी का संकट झेल रहे बहादुरपुर थाना क्षेत्र के बाजार समिति स्लम बस्ती के लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया। सड़क पर दोनों ओर बांस घेराबंदी करने के साथ ही नारा बाजी भी कर रहे थे। रोड जाम किए लोगों का कहना था कि उच्च प्रवाही बोरिंग पंप में पिछले पांच दिनों से आयी गड़बड़ी के कारण बाजार समिति, बहादुरपुर स्लम बस्ती, साकेतपुरी, पंचवटी नगर, बाजार समिति, बहादुरपुर, श्याम मंदिर मुसहरी, रामकृष्ण कॉलोनी सहित अन्य मुहल्लों में पानी की समस्या बनी है। सड़क जाम की सूचना मिलते ही मौके पर बहादुरपुर थाना की पुलिस और वार्ड पार्षद सतीश कुमार गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। यहां पर आक्रोशित लोगों को काफी समझाने-बुझाने पर सड़क जाम हटवाया जा सका। जाम स्थल पर पहुंचे सहायक अभियंता प्रवींद्र कुमार को भी लोगों का आक्रोश झेलना पड़ा। पार्षद सतीश ने बताया कि शाम को बोरिंग पंप चालू करा दिया गया है। बोरिंग पंप की खराबी से लगभग दस हजार की आबादी पानी की समस्या से जूझ रही थी।

### जश्न ईद ए गदीर जुलूस आज, कल होगा तकरीर

पटना सिटी (प्राकि)। करवाने गदीर कमेटी की ओर से बावली इमामबाड़ा से शिया समुदाय के द्वारा मंगलवार को जुलूस ए गदीर निकाला जाएगा। यह जुलूस अशोक राजपथ से होते हुए नौजर कटरा इमामबाड़ा पहुंचेगा। यहां पर मौलाना शमशाद साहेब के द्वारा तकरीर की जाएगी। जुलूस ए गदीर का आयोजन में कर्रार हुसैन, नसीर मेहंदी, शाह जौहर इमाम जौनी, तनवीर हसन तन्नू, जॉन आब्दी, सैयद जौहर अब्बास, अब्बास रजा, अशरफ हुसैन सोनू, इरशाद आसिफ, मालिक अशतर समेत अन्य अंजुमन से जुड़े लोग शामिल होंगे। इसके अगले दिन बावली इमामबाड़ा में जश्न ईद ए गदीर का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में मौलाना मुराद रजा तकरीर करेंगे। मौलाना जॉन अब्दी निजामत करेंगे। आयोजन में बाहर से आए शायर मुबारक जलालपुरी, मीसम काजमी, जैगम कोपागंजवी, मनाजिर अख्तर फतहपुरी व जमाल सिरसवी कलाम पेश करेंगे।

## तख्तश्री कमेटी के कर्मियों के लिए सर्विस रूल है जरूरी : चरणजीत

### पूर्व में कमेटी ने किया था पास, लागू नहीं, समिति गठन का सुझाव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना साहिब पंत सेवक जत्था के अध्यक्ष और तख्तश्री कमेटी के पूर्व महासचिव इंद्रजीत सिंह ने कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि तख्तश्री कमेटी के मातहत काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए सेवा नियमों की तत्काल जरूरत है। यह लंबे समय से चली आ रही चिंता का विषय है कि यहां कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के लिए कोई सेवा नियम लागू नहीं है। अनेक अनुरोध के बाद भी वर्तमान प्रबंधक कमेटी ने जरूरी दिशा-निदेर्शों को मानने और लागू करने की आवश्यकता को वर्षों से नजरअंदाज किया है। इससे कर्मचारियों के बीच अनिश्चिता और असंतोष उत्पन्न हो रहा है। सर्विस रूल नहीं होने के कारण कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा मनमाना निर्णय लिए जाने, भाई-भतीजावाद और अनियमित भुगतान जैसे मामले होते रहे हैं। इससे कर्मचारियों के बीच अनिश्चितता और असंतोष भी बढ़ा है। स्पष्ट दिशा-निदेर्शों की कमी से अक्सर प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी को भी कभी-कभी कठिन स्थिति में ला देता है और गलत परिणाम की ओर ले जाता है। यह कमेटी की स्थिति और प्रतिष्ठा को भी प्रभावित करता है। पत्र में पूर्व महासचिव चरणजीत सिंह ने कहा है कि क्योंकि वर्तमान प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। पटना साहिब पंथ सेवक जत्था इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान देने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन का सुझाव देता है। जत्था सभी कर्मचारियों के कल्याण को सुरक्षित करने के लिए अपनी ओर से विशेष सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है।

उन्हें विश्वास है कि यह सहयोगी दृष्टिकोण एक व्यापक और स्थायी समाधान लाएगा, जो एक निष्पक्ष और पारदर्शी ढांचे को सुनिश्चित करेगा। सभी प्रमुख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के पास इस तरह के नियम और भी विनियम का एक सेट होता है। तख्तश्री कमेटी के लिए सेवा नियमों का दस्तावेज, जो कर्मचारी की सेवा-शर्तों, वित्तीय आवश्यकताओं और अधिकार व कर्तव्यों को परिभाषित करेगा। प्रबंधक कमेटी और धार्मिक और प्रशासनिक कर्मचारी के बीच एक स्वस्थ संबंध को बढ़ावा देगा, जिससे तख्त के मामलों का सुचारू रूप से संचालन होगा और सिख संगत का निर्विवाद समर्थन और प्रशंसा भी मिल सकेगा। दरअसल जब अवतार सिंह हित (अब स्वर्गीय) कमेटी के अध्यक्ष थे, तब चरणजीत सिंह के नेतृत्व में सर्विस रूल लागू करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था। उसने अपना प्रारूप बना कर भी कमेटी को सौंपा था। इसे अवतार सिंह हित के अध्यक्ष कार्यकाल में बोर्ड की बैठक में पारित करते हुए इसे लागू किए जाने की बात भी कही गई थी, मगर वह पास किया गया सर्विस रूल की कॉपी कहां है, किसके पास है, किस स्थिति में है और अब तक क्यों नहीं लागू किया गया, इसे बताने की स्थिति में कोई नहीं है। वर्तमान तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और महासचिव इंद्रजीत सिंह उस समय भी अवतार सिंह हित की कमेटी में पदाधिकारी के पद पर आसीन थे।

## अगले साल तक टीबी उन्मूलन लक्ष्य प्राप्ति को ले मेडिकल ऑफिसर को दिया प्रशिक्षण

### आरएमआरआई के सेमिनार हॉल में किया गया आयोजन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



टीबी उन्मूलन को मेडिकल आफिसर का पांच दिवसीय राज्यस्तरीय प्रशिक्षण राजेन्द्र स्मारक चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान संस्थान, अगमकुआं में सोमवार को शुरू हुआ।

इसका आयोजन यक्ष्मा प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, अगमकुआं के द्वारा किया गया है। यक्ष्मा प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, पटना के अपर निदेशक डॉ रेणु सिंह के प्रयास से यह संभव हो पाया। उक्त अवसर पर अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (यक्ष्मा) बिहार डॉ बीके मिश्रा, आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह, राजेन्द्र स्मारक चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ कृष्णा पांडेय, नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य प्रोडॉ उषा कुमारी, प्राचार्य, एनएमसीएच की अधीक्षक डॉ अलका सिंह, डबल्यूएचओ के सलाहकार के अलावा एसटीएसयू (एनटीपीसी) के विशेषज्ञ शामिल हुए। गण्यमान्य प्रतिनिधियों के द्वारा यक्ष्मा उन्मूलन से संबंधित जानकारी देते हुए प्रशिक्षुओं को अपने कार्य के प्रति प्रोत्साहित किया गया। टीबी उन्मूलन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2025 की प्राप्ति के यह प्रशिक्षण मील का पत्थर साबित होगा। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में टीबी का निदान और मामले का पता लगाना, टीबी का उपचार, टीबी और सह-रुग्णता, एनटीईईपी में टीबी लैब और नैदानिक प्रौद्योगिकियां, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, विभेदित टीबी देखभाल और पर्यवेक्षण, निगरानी और मूल्यांकन की जानकारी दी जाएगी। इससे अधिक से अधिक रोगियो के इलाज में और सुगमता प्रदान कि जाएगी। इस प्रशिक्षण को सफल बनाने में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अनुश्रवण एवं प्रशिक्षण डॉ रविशंकर के साथ ही टीबीडीसी के पदाधिकारियों एवं कर्मचारीगण सक्रिय रहे।

## गुलजारबाग के निर्माणाधीन मकान से बिजली उपकरण की चोरी

### रानीपुर पैजाबा से नाबालिग के अगवा किए जाने का मामला दर्ज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के गुलजारबाग स्थित निमार्णाधीन मकान से चोरों ने बिजली उपकरण की चोरी कर लिया है। वहीं बाइपास थाना क्षेत्र के सोनालिका नगर रानीपुर पैजाबा से नाबालिग लड़की के अगवा किए जाने का मामला दर्ज कराया गया है। दीदारगंज थाना की पुलिस ने मारपीट व हत्या के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के गुलजारबाग स्थित एक निमार्णाधीन मकान से चोरों ने 70 हजार मूल्य का बिजली उपकरण गायब कर दिया है। सीसीटीवी फुटेज से देखने पर पता लगा कि नीले रंग के स्कूटी से चोरी चोरी करने आया था। संबंधित थाना की पुलिस का कहना है कि इस संबंध में जयपाल कुमार की पत्नी कोमल के लिखित आवेदन पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। दूसरी ओर बाइपास थाना क्षेत्र के सोनालिका नगर रानीपुर पैजाबा से 16 साल की नाबालिग लड़की लापता है। इस संबंध में परिजनों ने संभावित स्थान और रिश्तेदारों के यहां भी उसकी खोजबीन किए जाने के बाद भी कोई पता नहीं चला। इसके बाद इस संबंध में बाइपास थाना पुलिस को लिखित आवेदन दिया है। इसमें कहा गया है की नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर अगवा किया गया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों ने पहाड़ी धानुक टोला के रहने वाले आकाश कुमार को आरोपी बनाया है। दूसरी ओर अगमकुआं थाना क्षेत्र के गांधीनगर के रहने वाले धर्मेंद्र कुमार राय ने भी अपने 18 साल के पुत्र अंकित के लापता होने की सूचना अगमकुआं थाना की पुलिस को दिया है। वह घर से सामान खरीदारी के लिए निकला था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा है। वहीं दीदारगंज थाना की पुलिस ने मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें फतेहपुर का रहने वाला बिट्टू कुमार, उसका भाई रोशन कुमार और गजानंद दास की गिरफ्तारी हुई है। दूसरी और बाइपास थाना क्षेत्र के सूरज कुमार ने मारपीट कर जख्मी करने का आरोप गांव के ही तीन लोगों पर लगाते हुए थाना में मामला दर्ज कराया है। उसने पुलिस को बताया कि वह घर से बाजार जा रहा था कि उन तीनों ने उसे चिढ़ाना शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया, तो वह सब मारपीट करने लगा। उसके पिता पप्पू सिंह को ईंट पत्थर से मारकर सिर फोड़ दिया है। पुलिस ने इस मामले में कारू, छोटू और सुमित के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## एमडीए कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला मोबिलाईजेशन को ऑर्डिनेटर की भूमिका रहेगी अहम : डॉ. परमेश्वर प्रसाद

### जिला मोबिलाईजेशन कोऑर्डिनेटर की दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



पटना। पटना स्थित होटल क्लार्क्स इन में राज्य फाइलेरिया कार्यालय एवं पीसीआई इंडिया के तत्वावधान में जिला मोबिलाईजेशन कोऑर्डिनेटर की दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ सभी प्रतिभागियों द्वारा आगामी एमडीए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शपथ लेकर किया गया। कार्यशाला में बिहार के 13 और झारखंड के 9 जिला मोबिलाईजेशन कोऑर्डिनेटर हिस्सा ले रहे हैं। विदित हो कि आगामी 10 अगस्त से राज्य के 13 जिलों में एमडीए कार्यक्रम का संचालन किया जाना है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ। परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि देश में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 1956 से चलाया जा रहा है और 2004 में एमडीए कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया पूरे विश्व में विकलांगता का दूसरा सबसे प्रमुख कारण है और इसके मरीजों को शुरूआती दिनों में पहचानना आसान नहीं होता है क्यूंकि इसके लक्षण 10 से 15 वर्षो के बाद ही नजर आते हैं। पूरे विश्व में हर साल 18 फीसदी मरीज बिहार से चिन्हित किया जाते हैं। उन्होंने अपील किया कि सभी आगे आकर अभियान के दौरान दवा का सेवन करें और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। डॉ। प्रसाद ने कहा कि एमडीए कार्यक्रम के दौरान अपने जिलों में जिला मोबिलाईजेशन कोऑर्डिनेटर की भूमिका अहम होगी क्यूंकि वह समुदाय से नियमित संपर्क कर संवाद स्थापित कर उन्हें जागरूक करेंगे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पीसीआई इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर रणपाल सिंह ने कहा कि गत वर्षो में दवा खिलाने के दौरान रिफ्यूजल में कमी आई है। लेकिन इसे और कम करने की जरुरत है और इसके लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक एवं प्रेरित कर दवा खिलाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि इस राउंड के लिए सभी को शत प्रतिशत दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है और सभी जिला मोबिलाईजेशन कोऑर्डिनेटर इसके लिए प्रयास करेंगे। पीसीआई इंडिया की राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया, डॉ। पंखुड़ी मिश्रा ने बताया कि उन्मुखीकरण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिला मोबिलाईजेशन कोऑर्डिनेटर की फाइलेरिया को लेकर समझ एवं जानकारी बढ़ाना, फाइलेरिया को लेकर सामुदायिक जागृति, एमडीए कार्यक्रम के पहले एवं कार्यक्रम के उपरांत किये जाने वाले कार्य एवं संचार क्षमता को विकसित करना है। उन्होंने बताया कि पिछले राउंड में पीसीआई इंडिया द्वारा करीब 42 लाख जीविका सहेलियों ने अभियान के दौरान दवा का सेवन किया था। अगस्त में संचालित होने वाले राउंड में पीसीआई इंडिया द्वारा जिला स्तरीय कई कार्य किये जायेंगे।

## अमरजीत कुमार सिन्हा को उत्कृष्ट किसान के लिए सम्मानित किया गया

दानापुर नगर के अंतर्गत बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर के तत्वाधान में 26 वीं प्रसार परिषद में कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़ पटना द्वारा नामित दानापुर के रघुरामपुर निवासी किसान अमरजीत कुमार सिन्हा को उत्कृष्ट किसान के लिए सम्मानित किया गया। बिहार कृषि विश्वविद्धालय के कुलपति डी आर सिंह, कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान निदेशक अंजनी कुमार, आर. के. सोहाने व ए के ठाकुर ने अमरजीत कुमार सिन्हा को सम्मानित किया। श्री सिन्हा अपने बगीचे में लगे आम के शाखाओं में विभिन्न प्रभेदों का ग्राफटींग कर नवीनतम तकनीक का प्रयोग करते हुए आस-पास के गाँवों के किसानों को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ जागरूक कर रहे हैं। वे भारत सरकार के बहुर्चिचत योजना किसानों के आय दुगनी करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## जमीन कारोबारी अरुण हत्याकांड में एक गिरफ्तार, बाकी फरार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना क्षेत्र के जल्ला रोड के माल्य महादेव मंदिर के दक्षिणी छोर पर रविवार की सुबह करीब पांच बजे हुई गोलीबारी की घटना में जमीन कारोबारी अरुण कुमार को ताबड़तोड़ गोली मार कर मौत की नींद सुला दिया गया था। इस संबंध में मृतक की पत्नी आशा कुमारी के बयान पर आठ लोगों को नामजद करते हुए मामला दर्ज कराया गया है। सिटी एसपी ईस्ट भारत सोनी ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में बड़ी पटनदेवी रोड का रहने वाला खड़बड़ गोप उर्फ योगेंद्र कुमार पिता स्वर्गीय राम प्रसाद को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने बिना नंबर का मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। सिटी एसपी ईस्ट का कहना है कि इस मामले में नामजद अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पटना सिटी के सहायक पुलिस अधीक्षक-1 शरथ आरएस के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। साथ ही घटना की गंभीरता को देखते हुए अविलंब एफएसएल एवं डॉग स्क्वायड की टीम को बुला कर कांड का उद्भेदन करने एवं साक्ष्य का संकलन करने की कार्रवाई की गई है। पुलिस के द्वारा इस घटना में संलिप्त अन्य अपराधकर्मियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए गठित की गई एसआईटी की टीम के द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। विदित हो कि 23 जून की सुबह करीब पांच बजे जल्ला रोड में जमीन कारोबारी अरुण कुमार को उसके घर के पास ही पौधा में डालने पानी डालने के दौरान दो अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गोली मारकर घायल कर दिया गया था। इसके बाद अपराधी हथियार लहराते हुए मोटरसाइकिल से गली की ओर भागने में सफल रहे थे। खून से लथपथ अरुण कुमार सड़क पर गिर गए। गोलीबारी की आवाज सुन कर परिजन और स्थानीय लोग जुटे और उन्हें इलाज के लिए एनएमसीएच ले जाया गया। यहां चिकित्सक के द्वारा जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद अरुण कुमार की पत्नी आशा कुमारी के द्वारा आलमगंज थाना में कांड 511/24 दर्ज कराया गया है। इसमें धारा 302, 120 (बी)/34 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। कांड का अनुसंधान आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष राजीव कुमार खुद कर रहे हैं। पीएसआई अभिषेक कुमार सिंह को दिए बयान में आशा कुमारी ने कहा कि 23 जून की सुबह करीब पांच बजे उनके पति घर के बाहर दरवाजे पर पौधा में पानी दे रहे थे। इसी दौरान दो व्यक्ति गली में मोटरसाइकिल लगा कर उनके घर के आगे पश्चिम दिशा से आकर ताबड़तोड़ गोली चला कर उसके पति को गोली मार दिया। वह सब तुरंत इलाज के लिए एनएमसीएच ले गए, जहां डॉक्टर के द्वारा जांच करने के बाद उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया गया।

## रेल मंत्रालय द्वारा सभी नागरिकों के लिये रेल यात्रा वृतान्त प्रतियोगिता का आयोजन

हाजीपुर। रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) सभी नागरिकों के लिये हिन्दी में रेल यात्रा वृतान्त प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है । रेलकर्मियों सहित जन साधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव प्राप्त करने और उन अनुभवों के आधार पर रेलवे की सुविधाओं को और बेहतर बनाने तथा उनमें हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय स्तर पर रेल यात्रा वृतान्त प्रतियोगिता आयोजित की गयी है जिसमें हिन्दी में लिखे गये रेल कर्मियों सहित जन साधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव मांगे गये हैं। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों में एक को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार रूपए, एक को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 08 हजार रूपए, एक को तृतीय पुरस्कार के रूप में 06 हजार रूपए तथा पाँच को प्रेरणा पुरस्कार के रूप में प्रत्येक को 04 हजार की राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा । रेल यात्रा वृतान्त हिन्दी भाषा में न्यूनतम 3000 एवं अधिकतम 3500 शब्दों का होना चाहिये। रेल यात्रा वृतान्त डबल स्पेश में टाइप किया हुआ तथा चारो तरफ एक-एक इंच का हासिया छूटा हुआ एवं पृष्ठ संख्या अंकित होना चाहिये । इसके साथ ही शब्दों की कुल संख्या लिखी होनी चाहिये। वृतान्त के प्रारम्भ में एक अलग कागज में बड़े अक्षरों में नाम, पदनाम, आयु, कार्यालय अथवा निवास का पता, मातृभाषा, मोबाइल नम्बर, ई-मेल तथा वृतान्त के शब्दों की संख्या आदि का उल्लेख किया जाना चाहिये।

## विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है : चिराग

पटना। केंद्रीय मंत्री सह लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने संसद भवन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि संविधान के आधार पर देश चलेगा ये बात मेरे प्रधानमंत्री ने एक बार नहीं अनेको बार कहा। बार-बार संविधान के सामने अपना माथा टेकर उन्होंने संविधान की शपथ खाने का काम किए हैं और ये आज से नहीं कर रहे हैं, पिछले 25 सालों से कर रहे हैं, जब से वो गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन्हीं के नेतृत्व में यह सरकार चल रही है। आज तक कोई एक ऐसा उल्लंघन बता दीजिए जो संविधान का हुआ हो, जिसकी वजह से यह लोग इस तरीके का भ्रम फैलाने का कार्य करते हैं। हकीकत है विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, लोगों को सिर्फ डरा कर ही ये उनका मत हासिल करते हैं और यही प्रयास इस बार उन लोगों ने इस चुनाव में किया। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया।

# लोकतंत्र की गला घोंटने वालों का संविधान की दुहाई देना हास्यास्पद : सम्राट

## 25 जून सदैव भारत के इतिहास में काला दिन के रूप में जाना जाएगा



● कांग्रेस अपने पाप को छुपाने के लिए झूठा नैरेटिव गढ़ रही है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि एक बार फिर से कांग्रेस समेत विपक्ष के द्वारा संविधान बदलने वाले झूठ के जरिए अपने पापों को छुपाने की कोशिश की जा रही है। 25 जून, 1975 को संविधान की हत्या कर लोकतंत्र की गला घोंटने वालों का संविधान की दुहाई देना हास्यास्पद है। श्री चौधरी ने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की नई पीढ़ी इस बात को कभी नहीं भूलेगी कि 50 साल पहले 25 जून को कांग्रेस द्वारा देश के संविधान की धज्जियां उड़ाई गई थीं। देश को जेलखाना बना दिया गया और लोकतंत्र को पूरी तरह से कुचल दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज अपने संविधान की रक्षा करते हुए, भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी इस बात का संकल्प लें कि जो 50 साल पहले किया गया, कांग्रेस फिर करने की हिम्मत नहीं करे। कांग्रेस की फितरत में ही तानाशाही है। देश की जनता को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि 25 जून 1975 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक हितों को साधने के लिए देश में आपातकाल लगा दिया था। रातों-रात देशभर के विरोधी राजनेताओं को जेलों में ठूंस दिया गया था। श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की कुकृत्य की वजह से ही 25 जून सदैव भारत के लोकतंत्र के इतिहास में काला दिन के रूप में जाना जाएगा। संविधान और लोकतंत्र में निष्ठा रखने वाले लोगों के लिए 25 जून कभी न भूलने वाला दिन है।

### भाजयुमो करेगी आपातकाल की वर्षगांठ पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन

पटना। बिहार भारतीय जनता युवा मोर्चा 25 जून को देश में आपातकाल की वर्षगांठ पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन करेगी। पटना के विद्यापति भवन में आयोजित इस संगोष्ठी में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अलावा कई दिग्गज नेता भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का नाम आपातकाल : लोकतंत्र के साथ विश्वासघात रखा गया है। इस संगोष्ठी में आपातकाल की पृष्ठभूमि, इसके प्रभाव और तत्कालीन राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा अध्यक्ष सह उप मुख्यमन्त्री सम्राट चौधरी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर विकास विभाग मंत्री नितिन नवीन हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा करेंगे।

## मुलाकात



बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह अपना पदभार ग्रहण करने के बाद राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से शिष्टाचार मुलाकात की।

## निजी कार्यों के लिए मिट्टी के उपयोग पर अब कोई रोक नहीं : विजय

● बोलें- आमजन की सुविधा खनन विभाग की प्राथमिक जिम्मेवारी

● पारदर्शी नियमों से भ्रष्टाचार पर रोक और जनसुविधा के दोहरे लक्ष्य को साधेगा खनन विभाग

● खनन गतिविधियों को रोजगार और विकास का उभरता हुआ क्षेत्र बनाना हमारा लक्ष्य



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि निजी कार्यों के लिए गैरसरकारी जमीनों की मिट्टी के उपयोग पर अब कोई रोक नहीं होगी। जबकि व्यावसायिक अथवा कार्य विभाग द्वारा उपयोग के लिए नियमानुसार लाइसेंस लेना होगा। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि हमारे संज्ञान में आया था कि कई स्थानों पर निजी उपयोग के लिए मिट्टी का उपयोग करने वाले लोगों को स्थानीय प्रशासन या विभाग से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा नियमों का हवाला देकर रोका गया है। साथ ही कई स्थानों से इस बहाने वित्तीय कदाचार की खबरें भी मिल रही थीं। लिहाजा हमने विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट रूप से निदेशित किया है कि नियमों का हवाला देकर आमजन को होने वाली निरर्थक परेशानी और स्थानीय थानों या संबंधित अधिकारियों द्वारा होने वाले आर्थिक कदाचार पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। श्री सिन्हा ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति व्यावसायिक उपयोग के लिए अथवा ठेके आदि से जुड़े कार्यों के निमित्त मिट्टी का इस्तेमाल करना चाहता है तो उसे इसके लिए नियमानुसार लाइसेंस प्राप्त करना होगा। इससे मिट्टी जैसे अनवीकरणीय प्राकृतिक संसाधन के साथ जनता के पैसों का युक्तिगत उपयोग भी हो सकेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि खान एवं भूतत्व विभाग की कार्यप्रणाली को पूरी तरह स्पष्ट और पारदर्शी बनाया जाए। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगने के साथ-साथ आम लोगों को बेवजह की कठिनाइयों से भी मुक्ति मिलेगी। साथ ही हम खनन गतिविधियों से जुड़े उद्यम को रोजगार और विकास का एक उभरता हुआ क्षेत्र बनाने में भी जुटे हैं। ताकि मेहनत और ईमानदारी से काम करने वाले ज्यादा से ज्यादा युवा उद्यमी खनन उद्योग से जुड़ सकें।

## नाबालिग रहते ही करोड़ों की संपत्ति के मालिक कैसे बने नेता प्रतिपक्ष : राजीव रंजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राजद को निशाने पर लेते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि लालू परिवार की जमींदारी बचाने के लिए छाती पीट रहे राजद के नेता हर मसले पर बयान देते हैं लेकिन अपने राजकुमार की अवैध कमाई पर उठ रहे सवालों पर उनकी घिग्घी बंध जाती है। हकीकत में उन्हें डर लग जाता है कि कहीं उनके युवराज उन्हें दो मिनट के लिए बुला कर उनका हाल भरी सभा में धकिया कर अपमानित किये जाने वाले उनके महासचिव जैसा न कर दें। विकास के समर्थक होने का झूठा ढोंग कर रहे इन नेताओं में यदि थोड़ी भी इंसानियत बची है तो इन्हें बताना चाहिए कि आखिर उनके युवराज नाबालिग रहते ही करोड़ों की संपत्ति के मालिक कैसे बन गये? तेजस्वी को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि झूठ बोलने की सारी हदों को पार कर चुके तेजस्वी से जब भी बिना काम-धंधे के अर्जी हुई करोड़ों की संपत्तियों के बारे में सवाल पूछे जाते हैं तो वह उस समय नाबालिग होने की दलील देते हैं। उन्हें बताना चाहिए कि यदि उस समय उन्होंने नादानी में गलती कर दी थी तो आज उन्हें उसे सुधारने से कौन रोक रहा है? उन्हें बताना चाहिए कि यदि वह वास्तव में भ्रष्टाचारी नहीं है तो आम लोगों से हथियाई हुई जमीनों को वापस क्यों नहीं कर देते? वह बताएं कि इस काम को करने से उन्हें कौन रोक रहा है? जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वास्तव में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में आज राजद के समस्त नेता झूठे बयानों के जरिये लालू परिवार द्वारा किये गये काले कारनामों से अपना पिंड छुड़ाना चाहते हैं। उन्हें पता है कि घोटालों के जरिये बिहार के सबसे बड़े जमींदार बने तेजस्वी के परिवार ने किसानों, राजद नेताओं, व्यापारियों व आम जनता तक की जमीनों को हथियाया है। यहां तक कि उन्होंने अपने नौकरों तक को नहीं बख्शा। तेजस्वी जान लें कि झूठे बयानों से उनके परिवार के भ्रष्टाचार की कालिख मिटने वाली नहीं है। इसीलिए यदि वह सही में साफ मन से राजनीति करना चाहते हैं तो अपनी काली आमदनी को खुद से उजागर कर दें और साथ ही आम लोगों से हड़पी जमीनों को वापस कर बिहार की जनता से माफी मांग एक नये सिरे से शुरूआत करें।

## बीकेएमयू खेत मजदूरों के सवालों को लेकर चलायेगा आंदोलन : भाकपा

### 22 से 27 जुलाई तक प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन की राज्य परिषद की बैठक केदार भवन में हुई। बैठक में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने, सभी भूमिहीनों को पांच-पांच डिसमल आवासीय भूमि उपलब्ध कराने, दलितों के घर से बिजली कनेक्शन काटने पर रोक लगाने, केवाईसी के नाम पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को परेशान करने पर रोक लगाने आदि ज्वलंत सवालों को लेकर 22 से 27 जुलाई तक बिहार के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर धरना देने का निर्णय लिया गया। 11 अगस्त को पटना में राज्य स्तरीय दलित कन्वेंशन आयोजित किये जाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि खेत मजदूरों के सवालों को लेकर आंदोलन तेज किया जाएगा। बिहार सरकार पूरे राज्य में गरीबों को उजाड़ने का अभियान चला रही है। उन्होंने इस पर रोक लगाने और सभी भूमिहीनों को पांच- पांच डिसमल भूमि उपलब्ध कराने को कहा। मनरेगा के तहत साल में 200 दिन कार्य और 700 रुपये प्रति दिन मजदूरी दी जाए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि 10 वर्षों से बिहार में नहीं बढ़ाई गई है। केरल के तर्ज पर बिहार में पेंशन की राशि 1500 रुपये प्रति माह की जाए। पूरे बिहार में इस प्रचंड गर्मी में दलितों के घर बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं। इस पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना बंद करने की साजिश कर रही है। केवाईसी लाभार्थियों के छांटने के लिए कराई जा रही है।बिहार के लाखों मजदूर दूसरे राज्य में कार्य कर रहे रहें। केवाईसी नहीं कराने पर इनके नाम राशन कार्ड से छट जाएंगे। इसलिए तत्काल प्रभाव से केवाईसी पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा केंद्र और राज्य सरकार मजदूर और दलित विरोधी है। बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव जानकी पासवान ने कार्य रिपोर्ट पेश की। उन्होंने कहा कि खेत मजदूरों पर लगातार हमले बढ़ रहे हैं। महंगाई आसमान छूने लगी है। जिसका असर गरीबों की जिंदगी पर पड़ रहा है। सभी फैसले गरीब विरोधी ले रही है। केन्द्र में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने के साथ ही महगाई भी बढ़ने लगी है। खाद्य वस्तुओं की कीमते लगातार बढ़ रही है। बैठक की अध्यक्षता सुधीर कुमार ने की। बैठक को उप महासचिव पुनीत मुखिया, अनिल कुमार, सत्येंद्र कुमार, रमाकांत अकेला, रामपुकार मुखिया, तिरपित पासवान, रामचन्द्र पासवान, कन्हैया प्रसाद आदि ने संबोधित किया।

## भाजपा-जदयू शासन में दलित-गरीबों पर भूमाफियाओं के हमले बढ़े: माले

● गया में बेदखली का विरोध कर रहे संजय मांझी पर भूमाफिया ने किया हमला

● माले जांच दल ने किया टिकारी के चिरैली मांझी टोला का दौरा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा है कि भाजपा-जदयू शासन में दलित-गरीबों के आवासीय अधिकार की कोई सुरक्षा नहीं है। पूरे राज्य में भूमाफिया गिरोह के हमले बढ़े हैं। न्यायालय व प्रशासनिक मिलीभगत के जरिए भूमाफिया गिरोह लगातार दलित-गरीबों को बेदखल करके जमीन पर कब्जा जमा रहे हैं। भाकपा-माले एक बार फिर यह मांग करती है कि राज्य सरकार प्राथमिकता देते हुए जो जहां बसे हैं, उस जमीन का पर्चा दे। पर्चा देना ही काफी नहीं है बल्कि उनकी सुरक्षा की गारंटी का भी जिम्मा ले। हमने यह भी मांग की है कि इन मामलों में सरकार पचाधारियों को भी एक पक्ष बनाए। गया जिले के टेकारी प्रखंड के चिरैली मांझी टोला में जिस प्रकार से सामंती ताकतों ने जमीन से बेदखली का विरोध कर रहे संजय मांझी का हाथ काट लिया, उससे जाहिर हो रहा है कि भाजपा-जदयू के शासन में ये ताकतें बेखौफ सी हो गई हैं। विगत दिनों घोसी विधायक रामबली सिंह यादव, अगिआंव विधायक शिवप्रकाश रंजन, गया के जिला सचिव का। निरंजन कुमार एवं अन्य साथियों ने चिरैली मांझी टोला का दौरा किया और संजय मांझी के हाथ काट डालने के मामले की पूरी जानकारी ली।

**जांच दल की रिपोर्ट :** श्री कुणाल ने बताया कि संजय मांझी को अपने पिता बैशाखी मांझी के नाम बासगीत पर्चा मिला हुआ था। वे सुअरबाड़ा के लिए अपनी जमीन पर मिट्टी की दीवार उठा रहे थे। 5 जून की दोपहर को शिवेंद्र मिश्र और उनके परिवार के 8-10 सदस्य ट्रैक्टर से दीवार को रौंदने लगे। जानकारी मिलने पर संजय मांझी जैसे ही वहां पहुंचे कि शिवेंद्र मिश्र ने गर्दन पर तलवार चला दिया। बाए हांथ से गर्दन बचाने में केहुनी के नीचे का हाथ कटकर जमीन पर गिर गया। माले जांच दल का मानना है कि पदाधिकारियों को कोर्ट जाकर रैयतीकरन को रद्द करना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। जिसके कारण सामंतों को मौका मिल गया। माले जांच दल ने रैयतीकरण रद्द कर खाली जमीन को गरीबों में वितरित करने, संजय मांझी की पत्नी को 10 लाख मुआवजा व सरकारी नौकरी तथा उनके ऊपर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लेने, चिरैली मंझी टोला के गरीबों की सुरक्षा की गारंटी करने आदि मांगें उठाईं। भाकपा-माले बिहार के मुख्यमंत्री से इस मामले में अपने स्तर से हस्तक्षेप की मांग करती है।

## वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस राष्ट्रभक्तों के लिए प्रेरणा का श्रोत : उपेन्द्र



पटना। वीरांगना महारानी दुर्गावती हमारे देश की वो वीरांगना हैं, जिन्होंने अपने राष्ट्र की रक्षा के लिए राष्ट्र द्रोहियों से युद्ध कर वीरगति को प्राप्त हो गईं। गढ़मंडला की वीर तेजस्वी रानी दुर्गावती की शहादत को हिंदुस्तान की जनता कभी भुला नहीं सकती। उनका बलिदान राष्ट्र भक्तों के लिए प्रेरणा का श्रोत है। उक्त बातें राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत सरकार के पूर्व मंत्री श्री उपेन्द्र कुशवाहा ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित वीरांगना महारानी दुर्गावती की शहादत दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर श्री कुशवाहा ने महारानी दुर्गावती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोक मोर्चा अनुसूचित जनजाति के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संतोष गोंड ने की। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पार्टी प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा ने बताया की इस श्रद्धांजलि समारोह में पार्टी के प्रभारी बिहार प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, अंगद कुशवाहा,चौधरी बसंत पटेल, मोहन यादव, ई अजय कुशवाहा, सुभाष कुशवाहा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक राम, ई हेमन्त कुमार, पटना महानगर अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, अनिश कुशवाहा डब्लू, माधुरी पटेल, गंगा पाण्डेय, मुन्ना चौधरी, उमेश कुशवाहा उपस्थित थे।

## केन्द्र सरकार के निर्णय के खिलाफ ऐक्टू का पटना में प्रतिवाद.

● मजदूरों की गाढ़ी कमाई में कारपोरेट लूट को सरकार वैधानिक बना रही : ऐक्टू

● ईपीएफ अंशदान जमा नहीं करने पर पूर्व से लागू दंड शुल्क में भारी कमी वाली अधिसूचना वापस ले सरकार




पटना। ऑल इंडिया सेंट्रल कॉउन्सिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स (ऐक्टू) के देशव्यापी आह्वान पर ऐक्टू से जुड़े लोगों ने सोमवार को पटना के बुद्ध स्मृति पार्क के समक्ष प्रतिवाद सभा कर मजदूरों की गाढ़ी कमाई में कारपोरेट लूट को वैधानिक बनाने वाले केन्द्र सरकार द्वारा 14 जून को लागू किए गए भविष्य निधि (पीएफ) से जुड़े उस अधिसूचना को वापस लेने की मांग किया है जिस अधिसूचना के तहत मोदी सरकार ने पीएफ अंशदान जमा नहीं करने वाले कॉरपोरेटों के लिए पूर्व से लागू दंड में भारी कमी कर दिया है। बुद्ध स्मृति पार्क के समक्ष ऐक्टू से जुड़े लोगों ने सरकार के मजदूर विरोधी व कॉरपोरेट परस्त नीतियों व इस फैसले के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया जिसके बाद वहां सभा हुई। बुद्ध स्मृति पार्क के समक्ष देशव्यापी आह्वान पर ऐक्टू नेता रणविजय कुमार की अध्यक्षता में हुए प्रतिवाद सभा को ऐक्टू राज्य महासचिव आरएन ठाकुर, राज्य उपाध्यक्ष एसके शर्मा, महासंघ (गोप गुट) सम्मानित अध्यक्ष रामबली प्रसाद, ऐक्टू सचिव रणविजय कुमार,चन्द्रशेखर सिंह, जितेंद्र कुमार व मुर्तजा अली समेत अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। ऐक्टू नेताओं ने कहा कि श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 14 जून को एक नई अधिसूचना जारी की, जिसके तहत उसने ईपीएफ , कर्मचारी पेंशन योजना और कर्मचारी जमा-लिंक्ड बीमा योजना अंशदान जमा करने में देरी के लिए दंडात्मक शुल्क में भारी कमी की है, जिसमें श्रमिकों का अंशदान भी शामिल है। वक्ताओं ने सरकार से 14 जून को जारी अधिसूचना को अविलम्ब वापस लेने की पुरजोर मांग करते हुए सरकार से मजदूरों की गाढ़ी कमाई में कारपोरेट लूट को वैधानिक बनाने की प्रक्रिया से बाहर निकलने तथा मजदूर हितों वाली कानून का संरक्षण कर कड़ाई से लागू करने की मांग किया। साथ ही कहा कि अगर मोदी सरकार मजदूर विरोधी कारपोरेटरस्ती से बाज नही आती तो सरकार के कारपोरेटरस्ती के खिलाफ ऐक्टू देशभर में व्यापक अभियान चलाएगा।

## हम बिहार को डिजिटल बनाना चाहते है. : राज्यपाल




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सोमवार को ललित नारायण मिश्रा बिजनेस मैनेजमेंट कॉलेज में डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ करते हुए कहा कि हमारी इच्छा है कि हम पूरे बिहार को डिजिटल करके रखें। प्रधानमंत्री की इच्छा है कि भारत डिजिटल बने। प्रधानमंत्री के इसी इच्छा को पूरा करने में बिहार भी अपना योगदान देगा। इस योगदान के लिए हमारी इच्छा है की बिहार के जितने भी विश्वविद्यालय हैं उनके सभी काम डिजिटल तरीके से किए जाएं। मसलन नामांकन , परीक्षा फीस, सर्टिफिकेट का पैसा, माइग्रेशन का पैसा जो भी लेनदेन हो वह नगद नहीं होकर पूर्ण रूपेण डिजिटल तरीके से होना चाहिए। उन्होंने कहा, हम अपने छात्रों को यह बताना चाहते हैं कि हमारे राज भवन को हमने डिजिटल बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है यदि किसी व्यक्ति का कोई आवेदन कागज पर भी आता है तो हम उसे तुरंत स्कैन करके डिजिटल तरीके से अपने वेबसाइट पर लोड कर देते हैं, और हम चाहते हैं की आने वाले दिनों में हर आवेदन और उसका जवाब डिजिटल तरीके से दिया जाए

हमारी इच्छा है की बिहार के जितने भी महाविद्यालय हैं उसमें यदि छुट्टी का आवेदन देना हो तो छात्र डिजिटल तरीके से अपना आवेदन कॉलेज को भेजें और उसकी स्वीकृति भी डिजिटल रूप से ही छात्र को मिले।

## नीट पेपर लीक मामला : आरोपितों को बचा रही एनडीए सरकार : मनोज झा

● नीट परीक्षा को तत्काल रद्द किया जाए

पटना। नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रदेश में सियासी बवाल मचा है। राजनीतिक दल एक दूसरे पर आरोपितों के साथ साठ गांठ होने का आरोप लगा रहे हैं। जदयू और भाजपा के आरोप के बाद अब राजद ने पलटवार किया है। राज्यसभा सांसद सह राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रोफेसर मनोज कुमार झा ने अपने आवास पर नीट पेपर लीक पर प्रेस वार्ता किया। उनके साथ प्रोफेसर नवल किशोर और प्रोफेसर सुबोध मेहता उपस्थित थे। उन्होंने प्रेस वार्ता के माध्यम से नीट पेपर लीक से संबंधित कई महत्वपूर्ण खुलासा किए। 5 मई 2024 को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) का प्रश्नपत्र बिहार, हरियाणा और गुजरात जैसे भाजपा/एनडीए शासित राज्यों में प्रश्न-पत्र लीक हुआ है। भारत के 24 लाख युवा छात्र का भविष्य अधर में लटक गया है। पहले तो भाजपाई शिक्षा मंत्री नीट परीक्षा में लीक को मान ही नहीं रहे थे। जब सारे साक्ष्य मिले तो तब भी एनडीए सरकार इसे रद्द करने से कतरा रहे हैं। आश्चर्य तो यह है की एक गेस्ट हाउस बुकिंग को लेकर भाजपा हायतौबा मचाए हुए है जबकि हरियाणा के एक परीक्षा केंद्र से 6 अभ्यर्थियों ने टॉप पोजिशन हासिल किया हैं। भाजपा के एक नेता का इस केंद्र से सीधा जुड़ाव है। यही हाल बिहार, गुजरात और झारखंड में भी है। इस संगठित भ्रष्टाचार में भाजपा और जदयू के नेताओं का नीट के आरोपियों से सीधा संपर्क होने के साक्ष्य मिल रहे हैं। नालंदा के संजीव मुखिया गिरोह ने बीपीएससी द्वारा आयोजित तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का भी पेपर लीक किया था लेकिन उसपर कोई कारवाई नहीं हुई? उसके बेटे डॉक्टर शिव का नाम आया लेकिन बिहार पुलिस द्वारा उसे गिरफ़्तार नहीं किया गया? बीपीएससी पेपर लीक में तमाम साक्ष्य मिलने के बावजूद उसका मास्टरमाइंड संजीव मुखिया और उसकी पत्नी जो एनडीए की पूर्व प्रत्याशी व जदयू नेत्री पुलिस गिरफ़्त से बाहर है। क्या ये रसूखदार मंत्री के करीबी है। अभी तक जितने भी पेपर लीक हुए है उनके सरगनाओं का संबंध जेडीयू और बीजेपी के नेताओं से ही क्यों है? क्या यह इतेफाक है? राजद प्रवक्ताओं ने आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से अमित आनंद का क्या रिश्ता है? अमित आनंद का बीजेपी सांसद और पूर्व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल से क्या रिश्ता है? क्या अमित आनंद जदयू की उपाध्यक्ष का सुपुत्र नहीं है? क्या उसे सत्ता का संरक्षण नहीं मिला? सिकंदर यादवेंदु को नौकरी किसने दी? पड़ताल करो? सिकंदर का 2021 में जल संसाधन विभाग से नगर विकास विभाग में ट्रान्सफर किसकी सरकार में हुआ? क्या यह जदयू और बीजेपी मंत्री की आपसी सहमति से नहीं हुआ? राजद एनडीए सरकार से मांग करती है कि नीट परीक्षा को तत्काल रद्द किया जाए और भ्रष्टाचार में डूबे विश्वसनीयता खो चुकी एनटीए को भी तुरंत भंग कर दिया जाए। इस कड़ी ी शिक्षा मंत्री को अविलंब इस्तीफा देना चाहिए।

## ब्लैक टॉप पर नहीं लगेंगी दुकानें, वार्ड स्तर पर बनेंगे वेडिंग जोन

### पटना नगर निगम की टाउन वेंडिंग कमिटी की बैठक में लिये गए महत्वपूर्ण निर्णय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना नगर निगम द्वारा टाउन वेंडिंग कमिटी की बैठक का आयोजन सोमवार को किया गया। बैठक के दौरान नगर आयुक्त एवं फुटपाथी विक्रेता एवं विभिन्न एसोसिएशन के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान नगर आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि शहर के सभी वेडिंग जोन और वेंडर को वार्ड वार स्थान चिन्हित कर दिया जाएगा। नगर निगम के जो वेडिंग जोन बने हुए है उन्हें लॉटरी सिस्टम के माध्यम से जगह उपलब्ध कराया जाएगा।

**बैठक के दौरान दिये गए दिशा निर्देश :**

सभी वेंडर को निर्देश दिया गया कि नेहरु पथ पर टाईमिंग के साथ ही दुकान लगया जाएगा। सुबह 5 से 9 एवं शाम 7 से 10 बजे तक चार घंटे ही दुकानें लगेंगी। जिससे यातायात बाधित न हो। गौरतलब है कि पटना नगर निगम द्वारा वेंडर को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि नेहरू पथ के ब्लैक टॉप दुकान नहीं लगेगी। शहर के मार्केट पटना जंक्शन, अंटाघाट, हथुआ मार्केट को व्यवस्थित कर वेंडर को स्थल को मार्किंग कर व्यवस्थित किया जाएगा। मांस मछली के वेंडर को निर्देश दिया गया कि किसी भी सूरत में खुले में मांस मछली नहीं बेचना है। ऐसा करने पर पटना नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी। गंगा किनारे जहां क्रिकेट के मैदान के पास वेडिंग जोन बानाया जाएगा। जहां वेंडर के लिए फुड फेस्ट का विशेष आयोजन किया जाएगा। हिन्दुस्तान कार्यालय के पीछे वेडिंग जोन बनाया जाएगा। जहां स्टेशन एवं जीपीओ के वेंडर को व्यवस्थित किया जाएगा।

**अतिक्रमण के लिए जीरो टोलरेंस :**

इसके साथ ही मॉनसून एवं जलनिकासी की तैयारी के लिए नगर आयुक्त द्वारा सभी वेंडर को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि नालों पर अतिक्रमण हटाने के लिए निगम द्वारा जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया जा रहा है। दुकानदार इसमें सहयोग करें एवं कर्मियों के साथ किसी तरह की अप्रिय घटना को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। बैठक में संयुक्त नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, राज्य स्वास्थ्य समिती के पदाधिकारी, बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स, ट्रेफिक डीएसपी, नियोजन पदाधिकारी, फुटपाथी दुकानदार संघ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## संपूर्ण क्रांति की मशाल हमेशा जलते रहना चाहिए

● विप सभागार में संपूर्ण क्रांति स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार विधान परिषद के सभागार में आयोजित संपूर्ण क्रांति स्वर्ण जयंती समारोह में मंगल पाण्डेय ने कहा कि सम्पूर्ण क्रांति व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई थी। जिसमे मानव मूल्यों को बचाने के लिए संघर्ष किया गया यह बात आने वाले पीढ़ी को जानने कि जरुरत है। जे पी ने पुरे देश में लोगो के अधिकार के लिए संघर्ष किया था, जो एक तरह से अपनी ही आजादी के लिए दूसरी लड़ाई के जैसी थी। देश के संविधान की मयार्दा को जब भी चोट पहुंचाने की कोशिश होगी तो देश के युवाओ को आगे आकर संघर्ष करना पड़ेगा। समारोह में बोलते हुए सिक्किम एवं मेघालय के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि गांधी मैदान में जब जयप्रकाश नारायण ने युवाओं का आह्वान कर कहा था, सिंहासन खाली करो की जनता आती है । जेपी का यह शंखनाद सत्ता संभालने वाले उन लोगों को बड़ी चुनौती थी, जिसे लोकनायक जय प्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति के जरिए दिया था। व्यवस्था में संपूर्ण परिवर्तन जेपी चाहते थे, लेकिन उन्हें सत्ता की कुर्सी से प्यार नहीं था । कुम्हरार, पटना के विधायक अरुण कुमार सिन्हा ने कहा, संपूर्ण क्रांति का लक्ष्य सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं था बल्कि हर क्षेत्र में बदलाव लाने का था। कविवर सत्यनारायण ने कहा कि जब जेपी का आंदोलन शुरू हुआ था तो फणीश्वर नाथ रेणु ने उन्हें बताया था कि हम साहित्यकारों का भी दायित्व बनता है कि उनके आंदोलन को ताकत दिया जाए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में विधायक समीर महासेठ, पूर्व उद्योग मंत्री ने कहा कि संपूर्ण क्रांति की मशाल हमेशा जलते रहना चाहिए। जो लोग मुख्य धारा में नहीं है, उन्हें मुख्य धारा में लाने का प्रयास करना चाहिए और इसके लिए आज की युवा पीढ़ी को संकल्प लेना होगा। उन्होंने बताया कि आन्दोलन में उनके घर को जलाने आये थे क्युकी उनके घर के एक हिस्से में सरकारी दफ्तर हुआ करता था। इस मौके पर जे पी आन्दोलन से जुड़े पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजय पासवान, बिहार के पूर्व मंत्री विक्रम कुंवर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल एवं कई लोगों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुयश ने किया और धन्यवाद ज्ञापन इंटरनेशनल हुमन राइट्स यूनियन के महासचिव और कार्यक्रम के संयोजक संदीप स्नेह ने किया । आयोजन समिति से बिरेश कुमार सिंह, वेद प्रकाश, वंदना सिन्हा, संजीव कर्ण, सुवर्ण कुमार, निलेश कुमार, अजित कुमार यादव, अजीत कुमार, अरुण कुमार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्पाद विभाग की छापेमारी में अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

समस्तीपुर। उत्पाद विभाग की टीम द्वारा रविवार को कपूर्रीग्राम गांव में छापेमारी कर अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये आरोपित की पहचान कपूर्रीग्राम गांव के वार्ड संख्या-5 निवासी रणधीर सिंह के रूप में की गयी है। उत्पाद अधीक्षक शैलेन्द्र चौधरी ने बताया कि रविवार को सूचना मिली की कपूर्रीग्राम गांव में चोरी छुपे अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही है। उत्पाद विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल के आसपास संभावित ठिकानों पर दबिश बनायी। इस दौरान उक्त आरोपित के पास से 6.375 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ।

### रंगदारी मामले के तीन आरोपी गिरफ्तार

समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र की वसंतपुर रमणी पंचायत अंतर्गत भादोघाट गांव से पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रंगदारी मामले का तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष निरंजन कुमार ने बताया कि गांव से रविवार को टुनटुन चौधरी उर्फ मुनटून चौधरी, रामेश्वर राय एवं रौशन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। बताते चलें कि शनिवार को पंचायत के किशनपुर बैकुंठ गांववासी मनोज कुमार सिंह के पुत्र नवी राज ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसमें कहा था कि शनिवार को जब वह अपने घर जा रहा था तो भादोघाट गांव में आरोपियों ने उसे घेरकर रंगदारी मांगी थी।

### परीक्षार्थी हुई बेहोश

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के बालिका उच्च विद्यालय प्लस टू में डीएलएड के चल रहे परीक्षा में अधिक गर्मी होने के कारण एक छात्रा अचानक बेहोश हो गई। केंद्र अधीक्षक ने उक्त महिला परीक्षार्थी को ईलाज के लिए पीएचसी कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। जहां ईलाज के उपरांत परीक्षार्थी की हालत में सुधार होने की बात डॉक्टर ने बताया। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी के ठाकुर ने बताया कि परीक्षार्थी की पहचान दलसिंहसराय के प्रमोद दास के 35 वर्षीय पत्नी रेखा देवी के रूप में हुई है।

### डॉ जगन्नाथ मिश्र की जयंती पर पूर्व विधान पार्षद ने दी श्रद्धांजलि

दरभंगा। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री डा जगन्नाथ मिश्र की जयंती पर पूर्व विधान पार्षद प्रो दिलीप कुमार चौधरी ने सोमवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि डा जगन्नाथ मिश्र बिहार की राजनीति के एक मजबूत स्तंभ थे। उन्होंने अर्थशास्त्र के एक प्रोफेसर के रूप में अपने कैरियर की शुरुआत की और बाद में कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर बिहार के तीन बार मुख्यमंत्री बने। साथ ही भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में भी मंत्री के रूप में काम किया। उन्होंने कहा कि बिहार की सियासत में दो दशक तक कद्दावर चेहरा बनकर चमकते रहने वाले इस शख्स ने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। बिहार के गांव-गांव में उनके समर्थकों और चाहने वालों की बड़ी संख्या थी। अपना रास्ता खुद तय करनेवाले बिहार के इस महान जननेता का अपना अलग राष्ट्रीय व्यक्तित्व था।

### आधार अपडेटिंग के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट प्रखंड मुख्यालय स्थित आधार कार्ड सेंटर पर आधार कार्ड अपडेटिंग के नाम पर अवैध रूप से रुपया वसूली की जा रही है। बता दें कि राशन कार्ड केवाईसी कराने को लेकर प्रखंड मुख्यालय पर आधार अपडेट कराने के लिए प्रतिदिन सैंकड़ों लोगों की भीड़ जुट रही है। दुर्गानगर गांव के मालती देवी, शकुंतला देवी, मीना देवी, सुस्ता गांव के रानी देवी, कौशल्या देवी, विभा देवी, पागा लक्ष्मी गांव के नारायणी देवी, निर्मला देवी शकुंति देवी आदि ने बताया कि यह सभी लोग अपने बच्चों का आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए आए हुए थे। यहां पर संचालक के द्वारा एक बच्चे पर 20 रुपया फार्म भरने व दो सौ रुपया आधार अपडेट करने के लिए मांगा गया है। जबकि बाहर बोर्ड पर इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार राय ने बताया कि अवैध रूप से पैसा वसूलने की शिकायत मिली है। जांच किया जा रहा है, इसके बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

### विभिन्न मामलों में 55 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने पिछ्ले 24घंटे के दौरान विभिन्न मामलों में 55अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिसमें शराब कांड में 24अभियुक्त गिरफ्तार किए गये हैं। यह जानकारी एसएसपी राकेश कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि महिला उत्पीडन मामले में एक एवं 6वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। शराब कांड में 24गिरफ्तारियां हुई हैं। इस दौरान 111लीटर देशी एवं लगभग305लीटर विदेशी शराब जब्त की गई है। वाहन चेकिंग में 7लाख 71हजार का जुमार्ना वसूल किया गया है।

# कचरे के पास मिला अज्ञात युवक का शव नशे के ओवरडोज से मौत होने की संभावना

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 34 आजाद नगर मोहल्ला से कचरे के पास एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। जिसे नगर थाना पुलिस के द्वारा जब्त कर ले जाया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक युवक की उम्र 25 वर्ष के आसपास बतायी गई है। हालांकि उसके शरीर पर कहीं भी चोट के निशान देखने को नहीं मिला है। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक पिछले 15 दिनों से मोहल्ले में दिखाई दे रहा था। वह पीठ पर बोरी लेकर कचरा बिनने का काम करता था और वह कहां से आया था इसकी जानकारी लोगों नहीं है। वह रात में किसी घर के सामने नीचे जमीन पर ही सो जाता था। लोगों के अनुसार युवक नशापन करने का आदी था। लोगों ने आशंका का व्यक्त करते हुए कहा कि संभवत नशे के ओवरडोज के कारण युवक की मौत हुई होगी। हालांकि पुलिस का मत इससे भिन्न है, नगर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष प्रताप कुमार सिंह ने बताया कि शव की पहचान नहीं हुई है। मृतक युवक के कचरा बिनने की बात स्थानीय लोगों के द्वारा कही जा रही है, हालांकि पहचान को लेकर पुलिस प्रयास कर रही है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बता दें कि कचरे के पास पड़े शव के इर्द-गिर्द दर्जनों नशीली दवाओं के शीशियां, इंजेक्शन, सिगरेट के खाली पैकेट, सलाई, पानी के खाली बोतल फेंके हुए थे। स्थानीय पुलिस व आसपास के लोगों ने मादक पदार्थ के ओवरडोज से युवक के मौत की आशंका व्यक्त की। शव के शरीर पर मटमैले रंग का हाफ पैंट, आसमानी, लाल और मटमैले रंग के टी शर्ट और हवाई चप्पल है। अपर थानाध्यक्ष प्रताप कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर जांच के लिए एफएसएल की टीम बुलाई गई है, फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हुई है।

## विद्यापतिनगर में शराब छापेमारी में विदेशी शराब आर्म्स व दो वाहन के साथ एक लाख रुपये बरामद

प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर। जिले के विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के हरपुर बोचहा गांव में शनिवार की रात एक घर में की गई छापेमारी में पुलिस ने दो कार्टन विदेशी शराब, 99 हजार 500 नगद व शराब बरामदगी वाले दो वाहनों को जब्त किया है। पुलिस ने कार्रवाई यह कार्रवाई शराब बेचे जाने की गुप्त सूचना के सत्यापन पर की गई छापेमारी में की है। जहां पुलिस को एक देसी मस्केट बंदूक, दो कार्टन विदेशी शराब, दो वाहन व 99 हजार 500 नकद रुपए बरामद किया है। वहीं इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष पुलिस चौधरी ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए दो नामजद संजीव सिंह, अमित सिंह व चार अज्ञात लोंगो पर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज किया है।

आरोपी फरार बताया जाता है। एएसएचओ पुलिस चौधरी के आवेदन पर दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि पटना से ऑनलाइन द्वारा दी गयी शराब तस्करी होने के जानकारी पर एएसआई रंजीत कुमार पुलिस बल के साथ हरपुर बोचहा गांव स्थित आरोपी के घर सूचना का सत्यापन करने गए थे। इस दौरान घर वाले के विरोध को देख अपर थानाध्यक्ष दल बल के साथ घर की घेराबंदी कर छापेमारी की। वहीं इस दौरान घर के सदस्य भाग गए। छापेमारी में एक देसी पिस्टल, एक तलवार, 99 हजार 500 रुपये नकद व घर के बाहर स्कॉर्पियो एवं मारुति कार में रखा एक एक कार्टन विदेशी शराब बरामद किया। प्रभारी थानाध्यक्ष पुलिस चौधरी ने जानकारी दिया है कि सभी की जब्ती सूची बनाकर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई करने में जुटी है। घटना को लेकर कारोबारी के पिता पृथ्वीधर प्रसाद सिंह व भाभी पार्वती देवी ने बताया कि घर मे शराब होने की सूचना पर पुलिस छापेमारी के लिए पहुंची थी। घर में कोई नही था। गली गलौज करते हुए घर का ग्रिल का ताला तोड़कर घर मे घुसकर गोदरेज से 2 लाख 85 हजार व ड्रेसिंग टेबुल में रखे दुकान का बिक्री 1 लाख 65 हजार नकद जेवरात दो गाड़ी व मेरे देवर अमित सिंह के छोटे छोटे दो बच्चे 8 वर्षीय केशव माधव एवं 10 वर्षीय ओम को उठाकर पुलिस अपने साथ ले गई।

## बाल भवन में तीन दिवसीय लेखन कार्यशाला आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। किलकारी बिहार बाल भवन में आयोजित तीन दिवसीय सृजनात्मक लेखन कार्यशाला का आज पहला दिन बड़े उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। बिहार बाल भवन किलकारी पटना से आए आकाश कुमार एवं मुनटुन राज की विशेषज्ञता में आयोजित इस कार्यशाला में पहले दिन लगभग 50 बच्चों ने कविता लेखन के गुर सीखे और 20 से अधिक कविताओं की रचना भी की। प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक पूनम कुमारी ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में साहित्यिक रुचि को प्रोत्साहित करना और उनकी लेखन क्षमता को निखारना है। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी स्नेहा कुमारी ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर चर्चा की और तीन दिवसीय कार्यक्रम के महत्व और इसके संभावित लाभों के बारे में बताया। प्रमंडल संसाधन सेवी नेहा कुमारी ने बताया कि बच्चों में साहित्य के प्रति उत्साह और जिज्ञासा को देखते हुए सत्र की शुरूआत की गई। कविता लेखन सत्र के दौरान बच्चों ने खेल गीत झ 'खेल खेल के मस्ताने' से कार्यशाला की शुरूआत की। यह गतिविधि न केवल मनोरंजक थी, बल्कि इससे बच्चों का ध्यान केंद्रित करने में भी मदद मिली। इसके बाद, बच्चों को तीन नियमों के आधार पर कविता लेखन के लिए प्रेरित किया गया। इन नियमों के तहत बच्चों ने सृजनात्मकता और अनुशासन का अद्भुत मेल दिखाया। स्वतंत्र कविता लेखन सत्र में बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता को खुलकर व्यक्त किया और अद्वितीय कविताएँ लिखीं। दूसरे सत्र में लेखन कार्यशाला खेल गतिविधियों से प्रारंभ हुआ। इन खेलों का उद्देश्य बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से सक्रिय रखना था। इसके बाद हेड एंड टेल खेल के आधार पर कविता लेखन की गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने नए अंदाज में कविताएँ लिखी। इस सत्र में बच्चों ने अपनी लिखी कविताओं का पाठ किया, जिससे उनकी लेखन क्षमता और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। लेखन कार्यशाला में प्रशिक्षक बच्चों को उनके गृहकार्य के बारे में बताया, जिससे वे अपने घर पर भी साहित्यिक गतिविधियों में संलग्न रह सकें। कठपुतली प्रशिक्षक सुनील सरला ने बताया कि लेखन कार्यशाला का पहला दिन बच्चों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक था, बल्कि उनके रचनात्मक विकास में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## डिजिटल जागरूकता जोड़े गांव को दुनिया से कार्यक्रम की हुई शुरूआत

प्रात: किरण संवाददाता



समस्तीपुर। समस्तीपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरूखी में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के नेतृत्व में डिजिटल जागरूकता जोड़े गांव को दुनिया से कार्यक्रम की शुरूआत सहगल फाउंडेशन के सहयोग से इस सत्र के लिए किया गया। इस अवसर पर कोर्स कोआर्डिनेटर लक्ष्मी कुमारी, कंप्यूटर विशेषज्ञ अनुपम कुमार ने डिजिटल दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में विस्तार से बताया, उन्होंने कहा कि आज मानव पृथ्वी से अंतरिक्ष तक का सफर कर रहा है, जिसमें नई तकनीक मददगार साबित हो रहा है। दैनिक जीवन में रेल टिकट से लेकर उपभोक्ता सामग्रियों के विनिमय में मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर, टैबलेट, गैजेट्स जैसे डिवाइसों की जरूर आ पड़ी है। आज जीवन के हर क्षेत्र में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल निर्माण, विभिन्न परीक्षा संचालन, रोड, रेल, वायु, परिवहन सहित अनेक क्षेत्र में डिजिटल जागरूकता की आवश्यक है। अतः विद्यालय में इसकी महत्ता को स्वीकार करते हुए नियमित वर्ग संचालन हेतु प्रधानाध्यापक ने छात्र छात्राओं के आग्रह पर इस कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत किया। मौके पर आईसीटी इंस्ट्रक्टर मोहम्मद सद्दाम, शिक्षिका कंचन कुमारी, विभा कुमारी, किरण कुमारी, रेणु कुमारी, अंकिता कुमारी, विनय सिंह आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए बैंक अधिकारियों के साथ हुई बैठक

दरभंगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण संबंधी मामलों के निष्पादन के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री विनोद कुमार तिवारी ने बैंक अधिकारियों के साथ बैठक किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि 13 जुलाई 2024 को दरभंगा, बेनीपुर तथा बिरौल न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले भर के सभी बैंकों के ऋण संबंधी मामलों का निपटारा किया जाएगा। पूर्व के बैठक में अधिक से अधिक मामलों में प्रि-काउंसलिंग करने को कहा गया था।

परंतु बैंकों से प्राप्त रिपोर्ट संतोषजनक नहीं है,अधिक से अधिक मामलों में प्रि-काउंसलिंग करना है, तत्परता से नोटिस जारी करें,अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करायें। उन्होंने कहा कि लोगों को लोक अदालत में ऋण भुगतान के फायदे बतायें। अन्य दिनों की अपेक्षा लोक अदालत में ऋण भुगतान का सुनहरा अवसर दें। बैठक में विभिन्न बैंकों के अधिकारी मौजूद थे।

## जिलाधिकारी ने की स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक की गयी तथा संबंधित अधिकारियों को विभागीय निदेश के अनुरूप पूरी जबावदेही से ससमय कार्य निष्पादन करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने उत्कृष्ट एवं सराहनीय उपलब्धि हासिल करनेवाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने तथा न्यून उपलब्धि हासिल करनेवाले अधिकारियों को चिन्हित कर कारणपृच्छा करने, क्षेत्र भ्रमण कर मॉनिटरिंग करने तथा समीक्षा कर कार्य में सुधार एवं प्रगति लाने को कहा। जिलाधिकारी ने पूर्ण टीकाकरण की समीक्षा करते हुए सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को ड्यू लिस्ट एवं सेशन साईट के अनुरूप शत-प्रतिशत बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित करने तथा शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने को कहा। इस क्रम में जिलाधिकारी ने परिवार नियोजन, जननी बाल सुरक्षा, प्रसव पूर्व जांच परीक्षण, ओ.पी.डी., आई.पी.डी., संस्थागत प्रसव, एम्बुलेंस, दवा की उपलब्धता, ए.ई.एस. संबंधी किये जा रहे कार्य तथा डेंगू से बचाव आदि की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु क्षेत्र भ्रमण करने, मॉनिटरिंग करने तथा अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। अस्पतालों में प्रसव पूर्व जांच परीक्षण तथा कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु सभी पी.एच.सी. की समीक्षा की गई तथा जिलाधिकारी ने कुपोषित बच्चों को चिन्हित करने, उन्हें अस्पताल लाने तथा स्वास्थ्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने डी.पी.ओ., आई.सी.डी.एस. को सी.डी.पी.ओ. के कार्य की समीक्षा करते हुए प्रसव पूर्व जांच परीक्षण, कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने तथा शत-प्रतिशत बच्चों के टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अपेक्षित कार्रवाई करने को कहा। साथ ही गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उनके हेमोग्लोविन, सुगर, बी.पी. एवं अन्य संबंधित जांच करने तथा रिपोर्टिंग करने को कहा। इसके अतिरिक्त अस्पतालों में ही संस्थागत प्रसव कराने हेतु आशा कार्यकर्ता को समन्वय स्थापित कर प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा पी.एच.सी.वार टीकाकरण की समीक्षा में पाया गया कि कुढ़नी में 72 प्रतिशत, मुशहरी ग्रामीण में 72 प्रतिशत, पारू में 72 प्रतिशत, सरैया में 74 प्रतिशत, सकरा में 78 प्रतिशत, बन्दरा में 77 प्रतिशत, मुरौल में 74 प्रतिशत, मीनापुर में 82 प्रतिशत, बोचहां में 82 प्रतिशत, अघोरिया बाजार में 58 प्रतिशत, मोतीपुर में 92 प्रतिशत, कटरा में 94 प्रतिशत टीकाकरण किया गया है। जिलाधिकारी ने डी.आई.ओ. को क्षेत्र भ्रमण करने तथा लगातार मॉनिटरिंग एवं समीक्षा कर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सिविल सर्जन को कुढ़नी, मुशहरी, पारू, सरैया, बन्दरा के एम.ओ.आई.सी. बी.एच.एम., एवं सी.डी.पी.ओ. से कारणपृच्छा करने का निर्देश दिया।

## मैथिली में शपथ लेने वाले सांसदो को सम्मानित करेगा विद्यापति सेवा संस्थान

प्रात: किरण

दरभंगा। लोकसभा सांसद के रूप में मातृभाषा मैथिली मे शपथग्रहण करने वाले सांसदों को विद्यापति सेवा संस्थान सम्मानित करेगा। यह जानकारी देते हुए संस्थान के महासचिव डॉ बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने बताया कि सोमवार को मैथिली में शपथ लेकर लोकसभा के नव निर्वाचित सांसदों डा गोपालजी ठाकुर, अशोक कुमार यादव, रामप्रीत मंडल एवं लवली आनंद ने मातृभाषा मैथिली का मान और सम्मान बढ़ाया है। इसके लिए उन्हें संस्थान की ओर से आगामी नवम्बर महीना में आयोजित होने वाले 52वें मिथिला विभूति पर्व समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मंगलवार को भी अनेक सांसद मैथिली में शपथ लेकर मातृभाषा का मान बढ़ाएंगे। संस्थान के अध्यक्ष सह कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो शशिनाथ झा ने मैथिली के प्रति जन प्रतिनिधियों में बढ़ रहे उत्साह को देखते हुए उम्मीद जाहिर की कि इनकी सकारात्मक पहल से केंद्र व राज्य सरकार मिथिला एवं मैथिली के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करने के प्रति तत्पर होगी। पूर्व विधान पार्षद प्रो दिलीप कुमार चौधरी ने सांसदों द्वारा मातृभाषा मैथिली में शपथ ग्रहण करने का स्वागत करते कहा कि माँ की भाषा के प्रति सांसदों का यह प्रेम सुखद भविष्य का संकेत है। विभिन्न राजनीतिक दलों से संबद्ध नव निर्वाचित सांसदों द्वारा मैथिली में शपथ लिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करने वाले लोगों में मैथिली अकादमी के पूर्व अध्यक्ष पं कमलाकांत झा, पुरुषोत्तम वत्स आदि शामिल थे।

## मानसून की बेरुखी से किसान चिंतित

मुजफ्फरपुर। जून का महीना समाप्त होने को है लेकिन मुजफ्फरपुर सहित आसपास के जिलों में मानसून अबतक नहीं पहुंचा है।मानसून की इस बेरुखी से किसान चिंतित हैं।मौसम वैज्ञानिकों का बिहार में मानसून पहुंचने सम्बंधी सारी भविष्यवाणियां विफल होती दिखाई दे रही है।पहले 15जून तक मानसून आने की बात कही गई थी।इसके बाद उत्तर बिहार के जिलों में 22,23एवं 24जून को मानसूनी बारिश की सम्भावना बताई गई । लेकिन भीषण गर्मी से त्रस्त लोग बारिश की राह देखते रह गये। जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय से मिली आज के मौसम के बारे में बताया गया है कि आज का अधिकतम तापमान सामान्य से 3.8डिग्री बढ़कर 38. डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक है।

## भाजपा का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारा बिल्कुल खोखला है : साधना शर्मा

प्रात: किरण




दरभंगा। मुजफ्फरपुर में एक चिट फंड कंपनी द्वारा राज्य की दो ढ़ाई सौ लड़कियों को झांसा देकर यौन हिंसा करने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना को मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड की पुनरावृति के तौर पर देखा जा रहा है।

आइसा, आरवाईए तथा ऐपवा ने इस जघन्य हिंसा में संलिप्त दोषियों और राज्य सरकार के खिलाफ विद्यापति चौक से दरभंगा जंक्शन तक प्रतिवाद मार्च निकाला। मार्च के उपरांत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया।

मौके पर ऐपवा नेत्री साधना शर्मा ने कहा कि भाजपा का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा बिल्कुल खोखला साबित हो चुका है। अब समाज में लोग इस नारे को चेतावनी के रूप में ले रहे हैं क्योंकि एनडीए के राज में बहु बेटियों की अस्मिता पर हर क्षण संकट है। आइसा जिला सचिव मयंक कुमार ने कहा कि मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड में अबतक पीड़िताओं को न्याय भी नहीं मिल सका है और वैसा ही एक अन्य जघन्य मामला सामने आ चुका है।

मुजफ्फरपुर सूबे की लड़कियों बच्चियों की अस्मिता की कब्रगाह बन चुका है। यह बिना सत्ता संरक्षण के संभव नहीं है। आरवाईए नेता राजू कर्ण ने कहा कि नीतीश सरकार के विकास के दावों का यही वास्तविक चेहरा है। प्रतिवाद मार्च में आरवाईए नेता संदीप चौधरी, ऐपवा नेत्री शनिचरी देवी, आइसा जिलाध्यक्ष शम्स तबरेज, रूपक कुमार, सुभाष कुमार, एहसान, राहुल, राजीव, समीर सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

## अखिल भारतीय रोटी बैंक के वार्षिक उत्सव सह सम्मान समारोह आयोजित

प्रात: किरण



मधुबनी। जयनगर मंजिलों की तो फितरत ही ये होती है कि खुद उठती कभी नहीं आती है।समाज में मानव सेवा प्रथम अध्याय यह बात अखिल भारतीय रोटी बैंक के वार्षिक उत्सव सह सम्मान समारोह में समाज सेवी अमरनाथ प्रसाद डीएसपी विप्लव कुमार एसएसबी के कार्यवाहक कमांडेंट विवेक ओझा थाना प्रभारी सह डीएसपी अंकुर कुमार क्रिप्स हॉस्पिटल के डायरेक्टर मो नियाजी डा त्रिपुरारी प्रसाद समाजसेवी संतोष अग्रवाल पहलाद पूर्व ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा की जयनगर रोटी बैंक 2 अक्टूबर 2018 से लगातार लगभग 6 सालों से शहर के विभिन्न जगह घूम-घूम कर गरीब, पीर फकीर साधु संत निसहाय भूखे लोगों को भोजन करवाती है। यह कार्य अनमोल एवं सबसे बड़ा कार्य है आज के भौतिक युग में सभी अपने कामों में व्यस्त है।

मगर रोटी बैंक की टीम के द्वारा लगातार नॉनस्टॉप सेवा के तहत भूखे को खाना खिलाने का काम सहित समय-समय पर रक्तदान एवं कोरोना कल सहित अन्य विषम परिस्थितियों में रोटी बैंक की टीम के द्वारा मानव सेवा में जुड़कर पूरे भारत में एक नया इतिहास लिख दिया है ।

पूरे भारत के रोटी बैंक की तारीफ प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम में किया था। कौन बनेगा करोड़पति शो में स्पेशल गेस्ट के रूप में रोटी बैंक को बुलाना यह दशार्ता मानव सेवा के पहले कदम पर रोटी बैंक की टीम सबसे आगे है। सोमवार को भारत के विभिन्न शहर अयोध्या प्रयागराज, रायपुर दिल्ली बनारस छपरा सीतामढ़ी सहित साथ विभिन्न शहरों से रोटी बैंक सहित समाज सेवा से जुड़े हुए मिथिला परंपरा के अनुसार संस्था का सम्मान रोटी बैंक के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर समाज सेवा से जुड़े हुए सभी संस्था के लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र में मानव सेवा के कारवां को आगे बढ़ने का संकल्प लेकर देश सेवा में जुडने का निर्णय लिया। इस मौके पर संस्था के द्वारा शहर में भूख ना कोई सोए का नारा देते हुए अन्य की बबार्दी को रोकने की अपील आम लोगों से की गई इस मौके पर पूरे देश भर से आए 114 संस्था को मिथिला परंपरा के अनुसार पग दुपट्टा से सम्मानित किया गया।

## हत्याकाण्ड के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के डढ़िया गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पीट-पीटकर हुई हत्या मामले में एक नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गिरफ्तार नामजद आरोपी की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के डढ़िया गांव निवासी स्व बुधन सहनी के पुत्र महेश सहनी के रूप में हुई है। ज्ञात हो कि 27 मई को स्वर्गीय देवेंद्र शर्मा के पुत्र गिरी शंकर शर्मा को चार-पांच अज्ञात लोगों ने घर पर पहुंचकर 2500 एपये को लेनदेन को लेकर मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें मृतक किसान गिरी शंकर शर्मा को चार-पांच लोगों ने पीट-पीट कर जख्मी कर दिया था। जख्मी किसान को ईलाज के दौरान दरभंगा के डीएमसीएच में मौत हो गई थी। इस मामले में नामजद आरोपी था। वहीं थानाध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को समस्तीपुर कोर्ट भेजने की तैयारी की जा रही है।

## एससी एसटी छात्रों के नामांकन में फीस को लेकर एसएफआई देगी आज धरना

विभूतिपुर,। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत डीबीकेएन महाविद्यालय नरहन में एससी एसटी के छात्र व सभी जाति के छात्राओं के नामांकन फीस को लेकर एसएफआई आज धरना देगी। एसएफआई इन छात्र-छात्राओं की निःशुल्क नामांकन हेतु बिहार सरकार के शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय के आदेश का हवाला देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य यश रंजन को तत्काल नामांकन कार्य रोक कर फीस की राशि वापस करने के लिए एक मांग पत्र सौंपा है। इसके बाद महाविद्यालय के द्वारा अन्य फीस की बातें लिखते हुए विरोध करने वाले पर मुकदमा दर्ज कराने की बात बोली गई।

## विद्युत ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर विद्युत आपूर्ति प्रशाखा नरहन के कनीय विद्युत अभियंता रणधीर कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें कल्याणपुर बाजार वार्ड 10 निवासी मुन्नीलाल महतो के पुत्र गगन महतो और चकहवीब मलिकाना वार्ड 15 निवासी रामप्रीत राय के पुत्र राम विनोद राय को नामजद करते हुए आरोपित किया है। बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम के साथ छापामारी करने गगन महतो के यहां पहुंचा तो गगन महतो के यहां पूर्व का विद्युत बकाया होने के कारण विद्युत विच्छेदित कर दिया गया था। बकाया राशि का बिना भुगतान किए हुए ही अवैध तरीके से विद्युत प्रयोग किया जा रहा था।

## विधायक अजय कुमार पर लगाए गए आरोप वेबूनियाद व आधारहीन है: महेश

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता




विभूतिपुर विधायक अजय कुमार पर लगाए गए आरोप वेबुनियाद व आधारहीन है। उक्त बातें प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से सीपीएम जिला सचिव मंडल सदस्य महेश कुमार ने कहा। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों थाना पर आयोजित शांति समिति की बैठक में कुछ बातों को लेकर हुई विवाद मामले को विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा भूल कबूल करने के बाद निपटारा किया गया। वहीं भाजपा के कुछ नेताओं द्वारा स्थानीय विधायक पर आरोप लगाते हुए भ्रष्ट एवं एक्सीडेंटल विधायक बताया गया। जिसका खंडन करते हुए उन्होंने बताया कि विभूतिपुर की जनता पूरे होशो आवास वर्षो समझ कर विधायक को चुना है। जनादेश का सम्मान होना चाहिए। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सीपीएम विधायक हमेशा तत्पर रहते हैं और यही वजह है कि प्रत्येक मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पर बैठकर जनता की समस्या को सुनते हैं और उसके निपटारे के लिए संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को निर्देशित करते हैं। रही बात 20 सूत्री कार्यालय में बैठने की तो वह भवन 20 सूत्री का नहीं है साथ ही पूरे बिहार में 20 सूत्री अभी भंग है। विधायक के द्वारा जनता की समस्या को सुनना इस काम को कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने विभूतिपुर की जनता पर विश्वास जताते हुए कहा कि अहंकारियों की अहंकार विभूतिपुर की जनता चकनाचूर करेगी। प्रेस सम्मेलन में श्याम किशोर कमल, मिथिलेश सिंह, सिया प्रसाद यादव, बबलू कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद, जय नारायण शर्मा आदि मौजूद थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 25 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### आभाकार्ड निर्माण एवं स्केन एंड शेयर सुविधा को लेकर लगाया गया कैंप

जमुई। आभाकार्ड निर्मार्ण एवं स्केन एंड शेयर सुविधा का जिला स्तर पर क्रियान्वयन हेतु लक्ष्य प्राप्ति के संबंध में सिविल सर्जन सह सदस्य जिला क्रियान्वयन इकाई जमुई के डॉ. कुमार महेंद्र प्रताप के आदेशानुसार रेफरल अस्पताल में इन दिनों कैंप लगाकर आभा कार्ड निर्माण करवाया जा रहा है। इस संदर्भ में अस्पताल प्रबंधक नवनीत कुमार ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलाइजेशन के लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी नागारिकों का आभा कार्ड बनाया जाना है। आभा एप्प जो कि आभा कार्ड निर्माण हेतु प्रयोग किया जाता है एक व्यक्तिगत रिकार्ड को संचित किये जाने वाला मोबाइल एप्लीकेशन है जो नागरिकों को स्वास्थ्य रिकार्ड जैसे जांच रिपार्ट, डॉक्टर का पची एवं सलाह, टीकाकरण प्रमाण पत्र आदि का लिंक कर देखने एवं पंजीकृत चिकित्सक से साझा करने की अनुमति प्रदान करता है। आगे प्रबंधक ने बताया कि इस संदर्भ में निदेशित है कि ओपीडी में आने वाले शत प्रतिशत लाभार्थी को भाव्या पोर्टल से अथवा आभा एप्प के द्वारा जागरूक करते हुए आभा कार्ड निर्माण सुनिश्चित किया जाए।

### 14वीं पुण्यतिथि पर गुलजार हुआ नयागांव

जमुई। गिद्धौर खुशा की आज फिर उस आरजू की याद आईं उसी तलाश, उसी जुस्तजू की याद आईंह्व। मौका था पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. दिग्विजय सिंह की 14 वीं पुण्यतिथि का। जहां दादा के समाधि स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिये लोग आये। गिद्धौर के नयागांव में कटहरा नदी के तट पर अवस्थित दादा के समाधि स्थल पर जिले के कई दिगग्ज नेताओं ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. दिग्विजय सिंह के प्रतिमा पर नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। सोमवार को स्व. दादा के पैतृक घर नयागांव के कटहरा नदी के किनारे अवस्थित उनके समाधि स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित सर्वप्रथम करने वालों में बांका लोकसभा की पूर्व सांसद व स्व. दादा की पत्नी पुतुल कुमारी, छोटी पुत्री व जमुई विद्यायिका श्रेयसी सिंह, भाई दिनेश सिंह, भतीजा चंदन सिंह, राष्ट्रदीप सिंह व उनके परिजनों ने स्व. दादा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दे उन्हें याद किया।

### गिद्धौर पहुंचे डीएसएम, कौशल विकास केंद्र का किया निरीक्षण

जमुई/गिद्धौर। बिहार सरकार के सात निश्चय योजना अंतर्गत गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में संचालित कौशल विकास केंद्र (बी एस डी सी) का निरीक्षण डीएसएम प्रतीक जैन ने सोमवार को किया। इस निरीक्षण के क्रम में डीएसएम प्रतीक जैन ने सेन्टर कोऑर्डिनेटर चुनचुन यादव से सेंटर संचालन एवं पंजीकृत प्रशिक्षण प्राप्तकताओं की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही मानकों के अनुरूप सेंटर के बेहतरीन दिशा में संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। वहीं, सेंटर के साफ-सफाई के अलावा तकनीकी बिंदु समेत से आधारभूत संरचनाओं को अपडेट रखने की भी बात कही। मौके पर सेन्टर कॉर्डिनेटर चुनचुन यादव, एल एफ पंकज कुमारी, स्वाति सुमन के अलावा पंजीकृत प्रशिक्षु मौजूद रहे।

### जमीन बंटवारा को लेकर दंपति के साथ हुई मारपीट

जमुई। जमीन के बंटवारे को लेकर एक भाई ने अपने बड़े भाई और भाभी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम देते हुए घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र के भोलाडीह करहरा गांव की है। मारपीट में घायल हुए दंपति की पहचान अवधेश यादव और उसकी पत्नी चिंता देवी के रूप में हुई है। घायल दंपति को इलाज के लिए उसके परिजनों के द्वारा रेफरल अस्पताल लाया गया जहां घायल दंपति का इलाज किया गया। घायल अवधेश यादव ने बताया कि मेरे और मेरे भाई सुभाष यादव में जमीन का बंटवारा को लेकर विवाद हो रहा था कि तभी मेरा भाई ने टांगी से मेरे उपर वार कर मुझको घायल कर दिया और जब मेरी पत्नी मुझको बचाने के लिए आई तो उसकी पत्नी ने ईट पत्थर चलाते हुए मेरी पत्नी को भी घायल कर दिया।

### बाइक चालक पर कुत्ता ने लगाई छलांग, बाइक चालक हुआ घायल

जमुई। बाइक से स्टेशन रोड़ से अपने घर खलासी मुहल्ला जा रहे एक युवक पर अचानक कुत्ता ने छलांग लगा दिया जिससे बाइक चला रहे युवक सड़क दुघर्टना में घायल हो गया। घायल युवक की पहचान मो. शहनवाज के रूप में हुई है। घटना की जानकारी परिजन एवं मुहल्लेवालों को मिलने के बाद लोग मौके स्थल पर पहुंचा और घायल युवक को उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसका इलाज किया गया। घायल युवक ने बताया कि स्टेशन रोड़ से अपने खलासी मुहल्ला जाने के लिए बाइक से आ रहा था कि तभी रेलवे पॉलि क्लिनिक के पास अचानक काटने की नियत से एक कुत्ता मेरे उपर छलांग लगा दिया।

# लाखों की लागत से बना सेवा पंचायत सरकार भवन व्यवस्था नदारद, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौर। सरकार का पंचायती राज विभाग सूबे के ग्रामीण इलाकों के लोगों के लिए जाति, आवासीय, आय, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित कई तरह के लोक हित से जुड़े प्रमाण पत्रों को निर्गत करने के लिये प्रखंड के विभिन्न पंचायतों मे पंचायत सरकार भवन स्थापित कर आम ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए हर व्यवस्था इस सरकार भवन में उपलब्ध करवायी है, लेकिन इन दिनों यह सरकार भवन में विभिन्न विभागों के लिये बने प्रमाण पत्र के निर्गमन की व्यवस्था के लिए स्थापित आरटीपीएस काउंटर सहित अन्य कार्यालय बंद ही रहता है, ऐसे में स्थिति यह है कि क्षेत्र के लोगों को अब अपने जरूरी प्रमाण पत्रों के निर्गमन को ले मुख्यालय में भटकना पड़ता है।सरकार के पंचायती राज व्यवस्था के तहत पंचायत सरकार भवन में स्थापित इन कार्यालयों में जब व्यवस्था लापरवाह हो जाय तो ऐसे कार्यालयों का होना या न होना बराबर है।अब इसे प्रसासनिक व्यवस्था का रोना कहे या ग्रामीणों का दुर्भाग्य जो भी हो प्रखंड के सेवा पंचायत सरकार भवन में कार्यरत सरकारी बाबुओं के कार्यालय गाहे बगाहे ही यहां लोक सेवा के लिए खुलता है। जिसकी सुधि लेने वाला यहां कोई नही। जिसका जीता जागता उदाहरण सोमवार को प्रखंड के सेवा पंचायत के सरकार भवन में संचालित कार्यालय को बंद देखकर इसका अंदाजा यहां साफ लगाया जा सकता है। यहां पर प्रत्येक पंचायत के कर्मी के लिए अलग अलग कमरे में सप्ताह के निर्धारित दिन बैठने का समय निर्धारित है, लेकिन इसके वाबजूद पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक, आरटीपीएस काउंटर, आवास सहायक, राजस्व कर्मचारी, किसान सलाहकार, तकनीकी अभियंता सभी के कमरों में 2 बजे दिन तक ताला लटका ही मिला।

कहते हैं पंचायत के मुखिया

वहीं पंचायत सरकार भवन में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर सेवा पंचायत के मुखिया रामाशीष साह ने बताया कि कोई भी पंचायत कर्मी निर्धारित दिन पर अपने कार्यालय नही आते हैं, जिससे ग्रामीणों को छोटे छोटे कार्यो के निष्पादन को लेकर मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है, उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी कई बार प्रखंड कार्यालय में भी दी गयी है। मामले में विभागीय स्तर पर कार्रवाई सिफर है।

# बिजली की आंख मिचैली से अस्पताल में एक्स रे कार्य हो रहा प्रभावित




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] एक तरफ भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचैली से लोग परेशान है तो दूसरी ओर अस्पताल में पहुंचने वाले मरीज भी आंख मिचैली की परेशानी का सामना एक्स रे रूम के बाहर में इंतेजार में करते है। रेफरल अस्पताल में सोमवार को भी बड़ी संख्या में मरीज बिजली के इंतेजार में एक्स रे कक्ष के बाहर अपना अपना एक्स रे करवाने को लेकर इंतेजार करते दिखाई दिया। दरअसल बिजली की आंख मिचैली के कारण एक्स रे के कार्य में बाधा पहुंच रही है जिसके कारण मरीज परेशान होते है। अस्पताल में बड़ा जेनसेट लगा हुआ लेकिन एक फेज होने के कारण एक्स रे मशीन का लोड नही ले पा रहा है। हालात यह उत्पन्न हो जाती है कि एक्स रे मशीन जेनसेट से नही चल पाता है और इससे अस्पताल में एक्स रे करवाने मरीज को परेशानी होती है। अस्पताल में पहुंचने वाले बरामद पर बैठकर बिजली का इंतेजार करते है और जब बिजली आती है तो वे लोग अपना एक्स रे करवाते है। मरीजों ने बताया कि भीषण गर्मी होने के कारण पहले से हमलोग परेशान है तो वही बिजली नही रहने के कारण घंटो देर तक एक्स रे का इंतेजार करना पड़ता है। सोमवार को भी अस्पताल में एक्स रे करवाने वालों की अच्छी भीड़ देखी गई। अस्पताल प्रबंधक ने कहा कि समस्या को लेकर पहले भी स्वास्थ्य विभाग जमुई को पत्र लिखकर अवगत करवाया गया है।

# सोनो पुलिस द्वारा 24 घंटे में शराब माफियाओं पर दुसरी कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। पुलिस कप्तान डॉ० शौर्य सुमन जमुई के द्वारा मिली गुप्त सुचना के आधार पर एवं उनके निर्देश पर सोनो पुलिस द्वारा चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान में एक बाइक से तकरीबन साढ़े 25 लीटर प्रतिबंधित विदेशी शराब की जप्ती के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार करने में दुसरी सफलता हासिल की गई हे। जिसमें रॉयल चैलेंज फाईनेस्ट प्रिमियम व्हिस्की 375 एम एल का 64 बोतल, बाकार्डी लैमन सेलेक्ट ओरिजनल केटर्स रम 750 एम एल का 02 बोतल शामिल हैं।

सोनो थाना अध्यक्ष दीनानाथ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कप्तान जमुई के द्वारा यह निर्देश मिला कि एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति चकाई सोनो के रास्ते विदेशी शराब लेकर जमुई की ओर आ रहा है। शराब तस्कर को दबोचने के लिए पुलिस अधीक्षक जमुई के निर्देश पर एक टीम का गठन कर सोनो चोक के सभी राहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, तभी अचानक चकाई की ओर से आ रही एक बाइक को जब रोका गया तो मोटर साइकिल की पिछली सीट पर बैठा व्यक्ति बाइक पर लदा पिले कलर का बोरे को जमीन पर फेंककर भागने का प्रयास किया जिसे सशस्त्र बलों के द्वारा पकड़ लिया गया जबकि दुसरा बाइक सवार चालक बाइक लेकर भाग निकला। फेंके गए उक्त बोरे की तलाशी के क्रम में सभी शराब को जप्त करते हुए मध्य निषेध एवं उत्पात अधिनियम के तहत कांड संख्या 196 / 24 दिनांक 23 जुन 2024 धारा 30 ए० मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जमुई जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार शराब तस्कर चरका पत्थर थाना क्षेत्र के ग्राम चरका पत्थर निवासी रामनरेश यादव का 24 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार उर्फ छोटू यादव के रूप में की गई है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी झाझा के नेतृत्व में गठित टीम में पुलिस निरीक्षक सह सोनो थाना अध्यक्ष दीनानाथ सिंह, झाझा अंचल के अंचल निरीक्षक संतोष कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विशाल कुमार सिंह एवं चंद्रदेव महतो तथा रामवरण सिंह सहित सोनो थाना के अन्य सशस्त्र बल शामिल थे। थाना अध्यक्ष दीनानाथ सिंह ने आगे बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति का शराब तस्कर के खिलाफ चरका पत्थर थाना में अपराधिक इतिहास रहा है, जिस पर दिनांक 15, 10, 2023 को बिहार मध्य निषेध एवं उत्पात संशोधित अधिनियम 2022 के तहत एक मामला दर्ज किया जा चुका है जिसकी धारा 272 / 273 कांड संख्या 374 / 23 भारतीय दण्ड विधान 30 ए० शामिल हे।

# पांच पिक अप जप्त, कुल 47 मवेशी बरामद जबकि 6 पशु तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई। जमुई में पुलिस ने छापेमारी कर मवेशियों की तस्करी कर रहे गिरोह को गिरफ्तार किया है। सभी तस्कर मवेशियों को लेकर पश्चिम बंगाल बेचने जा रहे थे। पुलिस को देर रात गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार से भारी मात्रा में मवेशी की तस्करी कर आधा दर्जन वाहनों से जमुई के रास्ते उसे पश्चिम बंगाल के अलग-अलग जिलों में भेजा जा रहा था। सूचना के बाद जमुई एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन के निर्देश पर एक टीम बनाई गई, इसमें लाइन डीएसपी और मुख्यालय डीएसपी के साथ सिकंदरा थाने की पुलिस को भी शामिल किया गया। टीम ने जमुई सिकंदरा मुख्य मार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान सिकंदरा थाना क्षेत्र के जकराज स्थान मंदिर के पास पुलिस को देखते ही मवेशी तस्कर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। कार्रवाई में पांच पिकअप को जप्त किया गया है, जबकि कुल 47 मवेशी को बरामद किया गया है। इसके साथ ही 6 तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

# भीषण गर्मी में नगर क्षेत्र में लगे चापाकल की स्थिति बनी हुई दयनीय

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई। भीषण गर्मी के कारण पानी कि किल्लत हर जगह बनी हुई है वही नगर परिषद क्षेत्र में पूर्व में लगे चापाकल की स्थिति भी दयनीय होती जा रही है जिसके कारण लोगों को सामने पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्ड में लगे कई चापाकल दम तोड़ चुकी है तो कई चापाकल से नाममात्र ही पानी निकल रहा है। जिसके कारण लोगों को पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। भीषण गर्मी में इस बार पानी कि किल्लत का मामला अत्यधिक सामने आया है। इधर नप क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में चापाकल की स्थिति दयनीय होने के कारण लोगों ने नप के पदाधिकारी से जगह जगह चापाकल बनवाने की मांग किया है। इस संदर्भ में नप के ईओ नीलम स्वेता ने बताया कि जहां जहां से चापाकल की खराबी का मामला सामने आ रहा है वहां वहां चापाकल बनवाया जा रहा है। लोग दूरभाष या फिर कार्यालय में आकर चापाकल की समस्याओं के बारे में जानकारी देगे तो उनलोगों की समस्याओं को दूर किया जाएगा।

# संपोषित स्टडी सर्किल के तीसरे व्याख्यान के आयोजन में बीएनएमयू की भागीदारी

प्रात : किरण संवाददाता, मधेपुरा



दर्शनशास्त्र विभाग, लंगट सिंह महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा संपोषित स्टडी सर्किल के तीसरे व्याख्यान का आयोजन हुआ। इसमें बीएनएमयू, मधेपुरा की भी महती भागीदारी रही।कार्यक्रम के अंतर्गत दर्शनशास्त्र विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई की प्रोफेसर डॉ. नमिता निम्बालकर ने रामायण में संघर्ष समाधान की पद्धति विषयक विद्वतापूर्ण व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दर्शन विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना की पूर्व अध्यक्षा एवं दर्शन परिषद्, बिहार की वर्तमान अध्यक्ष प्रो. पूनम सिंह ने की। संचालन समन्वयन डॉ. विजय कुमार (मुजफ्फरपुर) ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधांशु शेखर ने किया। बीएनएमयू के शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान ने कार्यक्रम का तकनीकी पक्ष संभाला और इसे यू-ट्यूब चैनल बीएनएमयू संवाद पर लाइव प्रसारण में योगदान दिया।

इस अवसर पर प्रो. सरोज कुमार वर्मा (मुजफ्फरपुर), प्रो. अविनाश श्रीवास्तव (नालंदा), डॉ. आलोक टंडन (हरदोई), डॉ. सुधा जैन (वाराणसी), डॉ. सुनील कुमार सिंह, डॉ. श्याम किशोर सिंह, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. सुबोध श्रीवास्तव, डॉ. स्मिता पांडेय, डॉ. सुमन लता सिंह, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. जूली सिंह आदि उपस्थित थे।

# पत्नी और बच्चे को घर ले जाने के लिए आ रहे व्यक्ति को दिनदहाड़े अपराधियों ने मारी गोली, मौत

प्रात : किरण संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा)। परमानंदपुर थाना क्षेत्र के मेहता टोला आम गाछी के समीप अपराधियों ने एक व्यक्ति की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। वही मृतक की पहचान सहरसा जिला के सौरबाजार थाना क्षेत्र के समदा वार्ड नंबर 13 निवासी स्व. पुरण पासवान के 35 वर्षीय पुत्र बालानंद पासवान के रूप में हुई है। जो अपने घर समदा से लगभग 11 बजे अपने ससुराल घैलाढ़ प्रखंड क्षेत्र के श्रीनगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 बाली गांव आ रहे थे। इसी क्रम में अपराधियों ने अपाची बाइक सवार को बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधियों ने ओवरटेक कर चार गोली मार दी, जो उनके दो गोली सीने व दो गोली सिर में लगी। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

गोली मारने के बाद अपराधियों घटनास्थल से फरार हो गया। गोली चलने की आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीण वहां पहुंचे, लेकिन तब तक अपराधी फरार हो गये थे और उनकी मौत भी हो चुकी थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस बीच सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा भेज दिया। वहीं पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। घटना के बाद से इलाके में हरकंप मच गया। मृतक युवक बालानंद पासवान ससुराल से अपनी पत्नी समतोलिया देवी और बच्चे को घर ले जाने के लिए आ रहा था। वही दिनदहाड़े अपराधियों ने घटना को अंजाम देते हुए पुलिस को खुली चुनौती दिया है आए दिन लगातार परमानंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुछ दिनों पर अपराधियों के द्वारा तांडव मचाया जाता है और खुलेआम घटना को अंजाम देकर पुलिस को चेतावनी दी जाती है फिर भी पुलिस अपराधियों के ऊपर नकेल कसने में नाकामयाब साबित होते हैं। यदि समय से लगातार थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराधियों पर नकेल कसने के उम्मीद से गस्ती की जाती तो इतनी बड़ी घटना को अपराधियों अंजाम नहीं दे पाते।।वही इस घटना के संबंध में परमानंदपुर थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। छानबीन शुरू कर दिया गया है।

# शहीद रमेश कुमार सिंह के शोकाकुल परिवार से मिले मंत्री, हरसंभव मदद का दिया भरोसा

प्रात : किरण संवाददाता



मुरलीगंज (मधेपुरा)। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में पदस्थापित एसएसबी जवान रमेश कुमार सिंह (39) वर्ष की अमरनाथ यात्रा के दौरान हुए आकस्मिक निधन के बाद शनिवार को बिहार सरकार में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने उनके पैतृक गांव दिग्घी पहुंचकर शहीद जवान के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दिया। मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू के गांव पहुंचते ही दिग्घी के ग्रामीणों ने एक जुट होकर शहीद जवान के पत्नी तथा बच्चों के भरण पोषण समेत उनके परिवार को राष्ट्रीय परिवार का दर्जा दिलाने सहित बिहार सरकार एवं भारत सरकार से मिलने वाली सभी सहायता दिलवाने का मांग किया। साथ ही इस क्षेत्र में उनके नाम से सड़क पर उनका स्टेच्यू लगाने की भी बाते रखी।

मंत्री ने शहीद के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि शहीद का परिवार देश का परिवार है। देश ने अपना बेटा गंवाया है। उन्होंने शहीद के परिवार को सरकार से मिलने वाली हरसंभव सहायता दिलवाने का आश्वाशन दिया। इसी क्षेत्र में कहीं स्टेच्यू लगवाने की भी बातें कही ताकि उन्हें भुलाया ना जा सके। ज्ञात हो कि यूपी के बलरामपुर में पदस्थापित एसएसबी जवान की अमरनाथ यात्रा के दौरान 18 जून मंगलवार की दोपहर करीब ढाई बजे नगरोटा (जम्मू) में तबीयत बिगड़ जाने से मौत हो गई थी। जवान रमेश कुमार सिंह (39 वर्ष) मुरलीगंज थाना क्षेत्र के दिग्घी निवासी था। उनके आकस्मिक निधन के बाद उनकी पत्नी तथा दो छोटे बच्चे के सिर से पिता का साया उठ गया।

# भोकराहा वार्ड नंबर 7 में जमीनी विवाद को ले हुई दो पक्षों में जमकर मारपीट, एक पक्ष के 6 लोग घायल

प्रात : किरण संवाददाता,



कुमारखंड (मधेपुरा)। भतनी थाना क्षेत्र के भोकराहा वार्ड नंबर 7 में जमीनी विवाद को लेकर हुए जमकर मारपीट की घटना में एक पक्ष के 6 लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया है। बताया गया कि एक पक्ष के विष्णुदेव राम दूसरा पक्ष के मनोज राम के बीच पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा है। घायल विष्णुदेव राम ने बताया 7 एकड़ जमीन को लेकर न्यायालय में मामला लंबित है। फिर भी मेरे खेत में लगे फसल को दूसरा पक्ष के मनोज राम, भीम राम, कपिल देव राम, अनिल कुमार राम, सुमन कुमार राम, सरोज राम समेत अन्य लोग फसल को क्षतिग्रस्त कर दिया। घायल विष्णु देव राम ने बताया विरोध करने पर दूसरा पक्ष के मनोज राम, भीम राम, कपिल देव राम, अनिल राम, सुमन राम, सरोज राम अन्य परिजन घर पर आए और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट करने लगे मारपीट की घटना में एक पक्ष के विष्णु देव राम, अनीता देवी, सिद्धू राम, प्रभादेवी, नवीन कुमार, शिव कुमार घायल हो गए। थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने बताया जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्ष में मारपीट की घटना हुई है दोनों पक्ष से आवेदन मिला है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष बने शैलेश चौरसिया, दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता,

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। मधेपुरा जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष पद के लिए उदाकिशुनगंज स्थित मध्य विद्यालय हरेली के सहायक शिक्षक शैलेश कुमार चौरसिया को निर्विरोध चुना गय। निर्विरोध चुने जाने पर जनप्रतिनिधि एवं अन्य ने बधाई दी है। बताया गया की मधेपुरा जिला प्राथमिक शिक्षक संघ मधेपुरा के द्वारा जिला परिषद सभागार में चुनाव कराया गया जिसमें सर्वसम्मति से शैलेश कुमार चौरसिया को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया। श्री चौरसिया को निर्विरोध घोषित होने पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा जिले के शिक्षकों को अच्छी प्रतिनिधि मिला है, बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव ने कहा चौरसिया रात दिन शिक्षक के हित में लगे रहते हैं, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य डॉ. संजीव कुमार सिंह ने कहा मधेपुरा जिला के संगठन में अब कर्मठ जनप्रतिनिधि मिला है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा शिक्षक हित में कार्य करते आ रहे हैं। वहीं बधाई देने वाले में विधान परिषद सदस्य मदन मोहन झा, संजय कुमार, बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार, प्रांतीय सचिव डॉ. अरुण कुमार नूनू, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष मनीष सिंह, माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष परमेश्वरी प्रसाद यादव एल, प्रमोद पासवान, ललन कुमार दीनबंधु, हिरा भारती एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने श्री चौरसिया को निर्विरोध चुने जाने पर बधाई दी।

# बिजली लाइन में फाल्ट से रात भर रही बिजली गुल, लोग रहें परेशान

प्रात : किरण संवाददाता,

घैलाढ़ (मधेपुरा)। प्रखंड क्षेत्र के परमानपुर, मोहनपुर, बरदाहा, जागीर, चकला सहित बनचोलहा फीडर में रात भर बिजली सप्लाई गुल रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति रोष है। स्थानीय सुमन कुमार समिति प्रतिनिधि, अखिलेश अकेला, भूपेंद्र यादव, सुशील यादव, रविंदर यादव सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग की चरमराई कार्यप्रणाली के कारण आए दिन फाल्ट आते रहता हैं। जिससे लोगों को बिजली की भारी तंगी का सामना करना पड़ता है। वहीं उपभोक्ताओं ने आक्रोश लहजे में बताया कि गर्मी बढ़ते ही बिजली की व्यवस्था बिल्कुल खराब हो जाती है। बिजली विभाग की उदासीनता को देखकर हम लोग काफी परेशान रहते हैं इस प्रचंड गर्मी में रात भर बिजली नहीं रहने से लोगों के स्वास्थ्य के ऊपर काफी हद तक प्रभाव पड़ता है। रात भर बिजली नहीं रहने से लोग अपने-अपने छत या रोड पर जगकर टहलते नजर आए। भर रात किसी को नींद नसीब नहीं हुई। खासकर छोटे-छोटे बच्चे और बूढ़े गर्मी से काफी परेशान रहे। क्योंकि युवा वर्ग के महिला व पुरुष घर से बाहर निकलकर रात भर बिजली आने का इंतजार करते रहे। लेकिन सुबह लगभग 10 बजे के करीब बिजली बहाल किया गया। लगातार बढ़ रहे भीषण गर्मी के प्रभाव से लोग भारी मात्रा में बीमार पड़ने लगे हैं खास बात यह है की भीषण गर्मी को देखकर अब बिजली भी पूरी तरह से मुंह मोड़ लिया है।

# जिलास्तरीय पदाधिकारियों की साप्ताहिक समन्वय-सह-समीक्षात्मक बैठक आहुत

प्रात : किरण संवाददाता, मधेपुरा



जिलाधिकारी, मधेपुरा की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबू सभागार, मधेपुरा में जिलास्तरीय पदाधिकारियों की साप्ताहिक समन्वय-सह-समीक्षात्मक बैठक आहुत की गई। बैठक में सर्वप्रथम विभिन्न विभाग यथा राजस्व, नगर विकास, ग्रामीण कार्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, पशु एवं मत्स्य संसाधन, पर्यटन, उद्योग, खेल, जीविका, समाज कल्याण आदि से संबंधित आगामी वर्ष के लक्ष्य, उनकी प्राथमिकताओं एवं कार्य योजना पर परिचर्चा किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी विभागों के कार्यालय प्रधानों को पूर्व से क्रियान्वित योजनाओं के अतिरिक्त मधेपुरा जिला के विकास के लिए विशिष्ट प्रस्ताव तैयार कर संबंधित विभाग को क्रियान्वयन हेतु समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। इस क्रम में डीपीओ आईसीडीएस को रेंट पर संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए भूमि चिन्हित करने तथा उनके संचालन के सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार सिविल सर्जन को स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने एवं सुचारू क्रियान्वयन हेतु चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता, आवश्यक दवाइयां का भंडारण एवं उपलब्धता तथा सभी पीएचसी) सीएचसी के भौतिक निरीक्षण एवं टेलीमेडिसिन के क्रियान्वयन से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा को पंचायतों में अवस्थित खेल मैदानों से संबंधित जानकारी तथा प्रत्येक प्रखंड से प्रतिभावान खिलाड़ियों की सूची संग्रहित करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मधेपुरा एवं उदाकिशुनगंज को नगर क्षेत्र के विकास हेतु नाला, पथ निर्माण, नल जल क्रियान्वयन, वेंडिंग जोन, कचरा निष्पादन, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, सौंदर्यकरण एवं साफ सफाई हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी को महादलित टोलों में संवाद आयोजित करने तथा तथा योजनाओं को सुदृढ़ क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। डीपीएम जीविका को जीविका से संबंधित कार्य योजना तैयार कर जीविका दीदियों हेतु महिला संवाद आयोजित करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग मधेपुरा एवं उदाकिशुनगंज को पथ हेतु छूटे हुए बसावटों की सूची तैयार कर विभाग से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी को लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं होने के कारणों को चिन्हित करने तथा उनका समाधान करने का निर्देश दिया गया।

# बनरझूला घाट पर पुल सड़क निर्माण को लेकर जल सत्याग्रह आंदोलन धरना प्रदर्शन सभा आयोजित

अलौली। देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन के बैनर तले हथवन पंचायत के बनरझूला घाट पर कोसी नदी पर पूल सह सड़क निर्माण को लेकर जल सत्याग्रह धरना प्रदर्शन सभा किया गया जिसका नेतृत्व एवं अध्यक्षता अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया।

जल सत्याग्रह आंदोलन में पूल सड़क निर्माण करने एवं नदी घाटी पानी मानव जीवन बचाने के सवाल को लेकर गगनभेदी नारे लगाये।

सभा को संबोधित करते हुए पंच सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष समाजसेवी किरण देव यादव ने कहा कि यदि पूल सड़क निर्माण होता है तो फरकिया का सर्वांगीण विकास हो जाएगा। सैकड़ो गांव के लाखों लोग लाभान्वित होंगे। फरकिया में रहने वाले गर्भवती महिलाएं रोगियों का आवागमन की व्यवस्था नहीं होने के कारण पूल सड़क के अभाव में असमय मौत हो जाती है। सभा को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि शासन प्रशासन जल्द बनरझूला घाट का स्थलीय जांच कर डीपीआर बनाकर सरकार को भेजें एवं सरकार स्वीकृति प्रदान कर पूल निर्माण प्रक्रिया चालू करें अन्यथा आगामी आंदोलन जल समाधि आंदोलन किया जाएगा जिसका जिम्मेदार सरकार एवं प्रशासन की होगी।

सम्पादकीय

## औरत को कब बराबरी का दर्जा मिलेगा!

वह तोड़ती पत्थर, देखा मैंने उसे इलाहाबाद के पथ पर! कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने जब यह कविता लिखी। तबसे लेकर अबतक काफी कुछ बदल गया है। जिंदगी की रफ़्तार बदल गई। लोगों के सोचने-समझने का नजरिया बदला गया। जीवन के मायने बदल गए और निःसन्देह महिलाओं के जीवन में भी काफी बदलाव आया है। आज महिलाएं आगे तो बढ़ रही हैं, लेकिन आज भी उनके रफ़्तार की गति बहुत धीमी है। तभी तो देश की आजादी के 77 वर्ष बाद भी देश की महिलाएं आर्थिक लैंगिक समानता के मामले में पिछड़ी हुई है। हालिया जारी वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की ताजा रिपोर्ट की माने तो लैंगिक समानता के मामले में भारत 146 देशों की सूची में 129 वें नंबर पर है। आज भी हमारे देश में औसतन पुरुषों को 100 रुपए कमाई के मिलते है तो महिलाओं को मात्र 39.80 पैसे मिलते है। वैसे यह दस्तूर सिर्फ भारत का नही बल्कि पूरी दुनिया का है। आखिर यह भेदभाव क्यों? हम स्त्री को सृजनकर्ता के रूप में देखते। फिर उसके द्वारा किया गया कार्य कमतर कैसे हो जाता। यह बात समझ से परे है। देखा जाए तो पुरुषों और महिलाओं में समानता का सवाल बहुत पुराना है। लेकिन, जब योग्यता, क्षमता और दक्षता में दोनों समान हों, तो सिर्फ लैंगिक कारणों से दोनों में विभेद नहीं किया जाना चाहिए! लेकिन, हर क्षेत्र में लैंगिक असमानता बरकरार है। यहां तक कि खेल संगठन में भी पुरुषों और महिलाओं में फर्क किया जाता है और ये उनको मिलने वाले वेतन, भत्तों में भी साफ नजर आता है! वर्तमान दौर में लैंगिक समानता पर बहस छिड़ी है और इस असमानता का अर्थ महिलाओं के संघर्ष से जोड़कर देखा जाने लगा। जबकि, लैंगिक समानता का सीधा सा अर्थ है कि महिला और पुरुषों को हर क्षेत्र में बराबरी के अवसर मिले। उन्हें न केवल समान वेतन मिले, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक आर्थिक क्षेत्रों में भी समानता के भाव से देखा जाए। पर, विडंबना देखिए कि हम बात तो समता और समानता की करते है, लेकिन आज भी महिलाओं को उस नजरिए से नहीं देखा जाता। यहां तक कि उन्हें काम पाने के लिए भी कड़े संघर्ष करने पड़ते हैं। जबकि कमाई के मामले में महिलाएं आज भी बहुत पिछड़ी हुई है। पिछड़ेपन की सबसे बड़ी वजह महिलाओं को उनके काम का उचित पारिश्रमिक नहीं मिलना है। भारत में जिस कार्य के लिए पुरुष को 100 रुपए मिलते है महिलाओं को उसी काम के लिए महज 52 रुपए ही मिलते है। जबकि आर्थिक लैंगिक समानता की सूची में बीते वर्ष 127 वें स्थान पर थे लेकिन अब फि सलकर 129 वें स्थान पर पहुंच गए है। यही स्थिति रही तो वर्ष 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में आने के हमारे लक्ष्य को आर्थिक लैंगिक असमानता बाधक बन सकती है।

आज भी हमारे देश में बडे संवैधानिक पद हो, या उद्योग जगत महिलाओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले कम ही नजर आती है। यह सामाजिक व्यवस्था की कमजोरी कहे चाहे प्रशासनिक संस्था की लाचारी और बेबसी। लेकिन दोनों ही परिस्थितियों में महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले कमतर ही आंका जाता है। महिलाएं ही हैं जो घर और समाज को बेहतर ढंग से चला सकती हैं। फिर क्यों उस महिला को समाज में कमतर आंका जाता है उसे उचित सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाता है। उसके द्वारा किए काम का सही मूल्य नहीं दिया जाता।

आज पुरुष प्रधान समाज के साथ-साथ महिलाओं को भी इस दिशा में सोचना होगा। इससे इतर अपनी बेहतरी के लिए आगे आना होगा। तभी नए उभरते भारत में महिलाएं भी अपनी बेहतर सामाजिक आर्थिक स्थिति बना सकती है। वरना पितृसत्तात्मक समाज का क्या है, वह तो कोई नई बेड़ियां महिलाओं के पैरों में डालकर उसे नए भारत में भी कठपुतली ही समझेगा, क्योंकि उसकी फितरत में यह सदियों से रहा है। वह सिर्फ बात समानता की कर सकता, लेकिन अमल करने की बारी आने पर उसका पौरुष जाग उठता है। जो उसके बदलाव करने की सोच पर अड़ंगे डाल देता है। तभी तो वर्तमान समय में भी राजनीति में महिलाओं की भागीदारी 15 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पाई है।

चेर नामक एक दार्शनिक का मानना था कि महिलाएं समाज की सच्ची शिल्पका होती है। ऐसे में आधुनिकता के दौर में महिलाओं को समाज के अभिन्न अंग के रूप में क्यों स्वीकार नही किया जा रहा है। आज भी महिलाओं को सिर्फ भोग विलास की वस्तु ही समझा जा रहा है। स्त्री पुरूष दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू है किसी एक के न होने से दूसरे की कल्पना करना असंभव है। महिलाएं पुरुषों से कम नहीं हैं, उनको भी समान हक है जीवन जीने का, आजाद रहने का, और उचित वेतन पाने का फिर यह भेदभाव क्यों? इस पर आज समाज के हर वर्ग को जागरूक होने की आवश्यकता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में महिलाओं को उचित स्थान मिले जिसकी वह हकदार हैं। मत बनाइए उन्हें देवीस्वरूपा। मत कहिए जगत जननी लेकिन एक सामाजिक प्राणी होने के वो सभी अधिकार तो दिए ही जा सकते है।

## नीट परीक्षा की पवित्रता पर प्रश्चिनचिन्ह

अजय दीक्षित

देश के प्राइवेट और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एन.टी.ए) नीट परीक्षा आयोजित कराती है। (नेशनल एलिजिबिलिटी और इन्टरैंस टेस्ट)। इस वर्ष यह परीक्षा 7 मई को आयोजित हुई थी। परीक्षा के तत्काल बाद अनेक शहरों के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा रद्द करके पुनः परीक्षा की मांग की। शुरू में तो केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने परीक्षा की पवित्रता पर प्रश्नचिन्ह उठाने वालों को नकारा। पर जैसे-जैसे समय बीतता गया मालूम हुआ कि वास्तव में पेपर लीक हुआ था। पिछले दिन बिहार में पकड़े गये एक छात्र ने बतलाया कि परीक्षा से पहली रात उसे जिन प्रश्नों के उत्तर रटवाये गये थे, अगले दिन परीक्षा में हू-ब-हू वही प्रश्न आये। इस छात्र का कहना है कि उसके फूफा ने उसे एक रात पहले कोटा से पटना बुलाया और उसे बिचौलिए ने लगभग 25-30 लाख रुपये लिये। अब पुलिस को धरपकड़ में और भी छात्र-छात्राओं ने स्वीकारा कि उन्हें पर्चा पहले से मालूम था। असल में टेस्ट की पूरी प्रक्रिया क्या है ? किसी एक व्यक्ति से पहले पेपर बनवाया जाता है। अब कहा जा रहा है कि कई व्यक्ति पेपर बनाते हैं और फिर कोई एक वरिष्ठ इन सभी प्रश्न पत्रों को मिलाकर एक नया पेपर तैयार करता है। इस व्यक्ति की विश्वसनीयता पर कोई शक नहीं कर सकता क्योंकि यह व्यक्ति बहुत वरिष्ठ और निष्ठावान होता है। अब प्रश्न पत्र टाइपकिया जाता है। कहा जाता है कि जो इसे टाइप करता है उसे परीक्षा होने तक एक प्रकार से कैद में रखा जाता है। या उस पर पूरी निगरानी रखी जाती है। अब प्रश्न पत्र छपने के लिए किसी प्रिंटिंग प्रेस को भेजा जाता है। इस प्रेस का नाम भी कोई नहीं जान सकता। फिर पेपर कहां से लीक होता है? कहते हैं कि विभिन्न केन्द्रों में जो पेपर पहले भेज दिये जाते हैं, उन केन्द्रों से कहीं पेपर पहले खोल कर उसे लीक किया जाता है। यद्यपि यह भी असंभव लगता है क्यों कि परीक्षा के दिन पेपर पर पर्यवेक्षकों के सामने खोल जाता है और उनके हस्ताक्षर लिये जाते हैं। फिर हर सेंटर पर एन.टी.ए. का एक प्रतिनिधि भी रहता है ? शायद पेपर बनाने वाले या टाइप करने वाले या केन्द्र से पेपर लीक होता है। इसकी जो जांच हो रही है वह गोपनीय है। अतः विश्वास पूरक यह कहना कठिन है कि पेपर कहीं से लीक होता है। बिहार, गुजरात और अन्यत्र पकड़े गये लड़के और लड़कियों ने स्वीकारा है कि उन्हें परीक्षा की पहली रात पेपर रटाया गया था, अब कहते हैं कि इस माफिया ग्रुप को कई करोड़ का लेन-देन प्रकट हुआ है। यह प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा है। 20 जून को हुई सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के बाद अब आगामी तारीख 7 जुलाई को दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने चयन के लिए होने वाले साक्षात्कार पर रोक लगाने से अभी मना कर दिया है। पर जिस तरह से कुछ छात्रों ने पेपर लीक को स्वीकारा है तो क्या यह परीक्षा रद्द होगी। चलते-चलते खबर आई है कि यू.जी.सी. की नेट परीक्षा जो 16 जून को हुई थी उसे यू.जी.सी. ने निरस्त कर दिया है क्योंकि मंत्रालय को शक है कि परीक्षा में गड़बड़ी हुई है। असल में इस परीक्षा के लिए विद्यार्थी बहुत मेहनत करता है। जो ज्यादा अंक पाते हैं उन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज मिल जाता है। यहां फीस भी कम लगती है और पढ़ाई का स्तर भी काफी ऊंचा है। प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में फीस कई गुना ज्यादा है और वहां की फैकल्टी भी उतनी अच्छी नहीं होती। इससे आगे चलकर उस विद्यार्थी को पी.जी. में प्रवेश भी नहीं मिल पाता। सरकारी मेडिकल कॉलेज में पढ़े हुए को नौकरी भी अच्छे अस्पतालों में मिल जाती है। कुल प्रश्न बच्चों की मेहनत का है। कोटा या अन्यत्र इतना पैसा खर्च करके विद्यार्थी जो तैयारी करता है, वह व्यर्थ जाती है यदि परीक्षा रद्द कर दी जाती है। आगे आने वाले दिनों में ही पता चलेगा कि सरकार क्या निर्णय लेती है और सुप्रीम कोर्ट क्या फैसला सुनाता है। परन्तु कुल मिलाकर देश के युवाओं के साथ नीट परीक्षा में खिलवाड़ ही हुआ है? शायद भविष्य में सरकार और सख्त कदम उठाये क्यों कि मोदी जी किसी भी भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस रखते हैं।

# भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने पर हो रहा है विचार

यदि उक्त दोनों क्षेत्रों में लगातार सुधार दिखाई देता है तो भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया जा सकता है। वर्तमान में भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग इइइ- है, जो निवेश के लिए सबसे कम रेटिंग की श्रेणी में गिनी जाती है। किसी भी देश की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को यदि अपग्रेड किया जाता है तो इससे उस देश में विदेशी निवेश बढ़ने लगते हैं क्योंकि निवेशकों का इन देशों में पूंजी निवेश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित माना जाता है। साथ ही, अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग प्राप्त देशों की कम्पनियों को अन्य देशों में पूंजी उगाहना न केवल आसान होता है बल्कि इस प्रकार लिए जाने वाले ऋण पर ब्याज की राशि भी कम देनी होती है। किसी भी देश की जितनी अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग होती है उस देश की कम्पनियों को कम से कम ब्याज दरों पर ऋण उगाहने में आसानी होती है। भारत में हाल ही में केंद्र में नई सरकार के गठन सम्बंधी प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी सहित केंद्रीय मंत्रीमंडल के समस्त सदस्यों को विभागों का आबंटन भी किया जा चुका है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले दस वर्षों के दौरान लिए गए आर्थिक निर्णयों का भरपूर लाभ देश को मिला है। इससे देश के आर्थिक विकास को गति मिली है एवं आज भारत, विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है।





प्रहलाद सबनानी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की सावरेन क्रेडिट रेटिंग पर कार्य कर रही संस्था स्टैंडर्ड एंड पूअर ने हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था का आंकलन करते हुए भारत के सम्बंध में अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक किया है एवं कहा है कि वह भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के उद्देश्य से भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी विभिन्न पैमानों का एवं भारत के राजकोषीय घाटे से सम्बंधित आंकड़ों का लगातार अध्ययन एवं विश्लेषण कर रहा है। यदि उक्त दोनों क्षेत्रों में लगातार सुधार दिखाई देता है तो भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया जा सकता है। वर्तमान में भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग इइइ- है, जो निवेश के लिए सबसे कम रेटिंग की श्रेणी में गिनी जाती है।

किसी भी देश की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को यदि अपग्रेड किया जाता है तो इससे उस देश में विदेशी निवेश बढ़ने लगते हैं क्योंकि निवेशकों का इन देशों में पूंजी निवेश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित माना जाता है। साथ ही, अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग प्राप्त देशों की कम्पनियों को अन्य देशों में पूंजी उगाहना न केवल आसान होता है बल्कि इस प्रकार लिए जाने वाले ऋण पर ब्याज की राशि भी कम देनी होती है। किसी भी देश की जितनी अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग होती है उस देश की कम्पनियों को कम से कम ब्याज दरों पर ऋण उगाहने में आसानी होती है।

भारत में हाल ही में केंद्र में नई सरकार के गठन सम्बंधी प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी सहित केंद्रीय मंत्रीमंडल के समस्त सदस्यों को विभागों का आबंटन भी किया जा चुका है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले दस वर्षों के दौरान लिए गए आर्थिक निर्णयों का भरपूर लाभ देश को मिला है। इससे देश के आर्थिक विकास को गति मिली है एवं आज भारत, विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में अपार कमी दृष्टिगोचर है। देश में बहुत बड़े स्तर पर वित्तीय समावेशन हुआ है, जनधन योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक बैंक बचत खाते खोले जा चुके हैं एवं इन बचत खातों में आज लगभग 2.50 लाख करोड़ रुपए की राशि जमा है, इस राशि का उपयोग देश के आर्थिक विकास के लिए किया जा रहा है। रोजगार के नए अवसर भारी संख्या में निर्मित हुए हैं। देश में प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर लगभग 2200 अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष तक पहुंच गई है। देश के कुछ राज्यों में तो किसानों की आय दुगने से भी अधिक हो गई है। भारत में विदेशी निवेश भारी मात्रा में होने लगा है एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना भारत में ही करने लगी हैं। इससे देश में विनिर्माण इकाईयों (उद्योग क्षेत्र) की विकास दर 8-9 प्रतिशत के पास पहुंच गई है। मंदिर की अर्थव्यवस्था एवं लगातार तेज गति से आगे बढ़ रहे धार्मिक पर्यटन के चलते भारत में आर्थिक विकास की दर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 प्रतिशत से भी अधिक रही है।

भारत, अपने आर्थिक विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से आधारभूत ढांचें को विकसित करने के लगातार प्रयास कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में 7.5 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान देश के आधारभूत ढांचे को विकसित करने हेतु किया गया था, जिसे वित्तीय वर्ष 2023-24 में 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया था एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इसे और अधिक बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया है। आधारभूत ढांचे को विकसित करने से देश में उत्पादकता में सुधार हुआ है एवं विभिन्न उत्पादों की उत्पादन लागत में कमी आई है। जिससे, कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को भारत में स्थापित करने हेतु आकर्षित हुई हैं। स्टैंडर्ड एंड पूअर का तो यह भी कहना है कि भारत जिस प्रकार की आर्थिक नीतियों को लागू करते हुए आगे बढ़ रहा है और केंद्र में नई सरकार के आने के बाद से अब सम्भावनाएं बढ़ गई हैं कि भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रम बहुत तेजी के साथ किए जाएंगे इससे कुल मिलाकर भारत की आर्थिक विकास दर को लम्बे समय तक 8 प्रतिशत से ऊपर बनाए रखा जा सकता है।

भारत ने अपने आर्थिक विकास की गति को तेज रखते हुए अपने राजकोषीय घाटे पर भी नियंत्रण स्थापित कर लिया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत का राजकोषीय घाटा 17 लाख 74 हजार करोड़ रुपए का रहा था जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में घटकर 16 लाख 54 हजार करोड़ रुपए का रह गया है। यह राजकोषीय घाटा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 5.8 प्रतिशत था जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में घटकर 5.6 प्रतिशत रह गया है। भारत के राजकोषीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5.1 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.5 प्रतिशत तक नीचे लाने के प्रयास केंद्र सरकार द्वारा सफलता पूर्वक किए जा रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रान्स, जर्मनी जैसे विकसित देश भी अपने राजकोषीय घाटे को कम नहीं कर पा रहे हैं परंतु भारत ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान यह बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। सरकार का खर्च उसकी आय से अधिक होने पर इसे राजकोषीय घाटा कहा जाता है। केंद्र सरकार ने खर्च पर नियंत्रण किया है एवं अपनी आय के साधनों में अधिक वृद्धि की है। यह लम्बे समय में देश के आर्थिक स्वास्थ्य की दृष्टि से एक बहुत महत्वपूर्ण तथ्य उभरकर सामने आया है। भारत के कुछ राज्यों (पंजाब, पश्चिम बंगाल, केरल,

# सेंसेक्स और आर्थिक अहमियत की ऊंचाई

जहां एक ओर हाल ही में 18 जून को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के विकास दर अनुमान को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 .2 प्रतिशत कर दिया है और 20 जून को बीएसई सेंसेक्स 77479 अंकों की सर्वकालिक नई ऊंचाई पर बंद हुआ है और अब कुछ घट-बढ़ के साथ शेयर बाजार की अच्छी संभावनाएं बनी हुई हैं, वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों 13 से 15 जून के बीच इटली में आयोजित जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष रूप से आमंत्रित भारत की प्रभावी अहमियत दिखाई दी है और यूरोपीय देशों ने भारत को प्राथमिकता दिए जाने के संकेत दिए हैं। गौरतलब है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी भारत के शेयर बाजार और भारत की विकास दर के बढ़ते नए अनुमान प्रस्तुत किए हैं। कहा गया है कि बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की जीत का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि नीतिगत सुधार जारी रहेंगे। इससे अगले पांच वर्षों के दौरान विकास और इक्विटी रिटर्न प्रभावित होगी। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि सरकार महंगाई की आक्रामकता पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी। मूडीज ने अगले एक वर्ष में भारतीय शेयर बाजारों का प्रदर्शन सकारात्मक रहने का अनुमान जताया है और कहा है कि अगले 12 महीनों के दौरान बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 82 हजार के स्तर के पार जा सकता है और इसमें मौजूदा स्तर से 14 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इन सबके साथ-साथ रिपोर्ट में आने वाले दिनों में और अधिक संरचनात्मक सुधारों की उम्मीद की गई है। कहा गया है कि 2025-26 तक आय वृद्धि पूवार्नुमान के साथ कंपनियां बेहतर प्रदर्शन करेंगी, जो आम सहमति से 500 आधार अंक या पांच प्रतिशत अधिक है।





डा. जयंतीलाल भंडारी
लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है

इन दिनों प्रकाशित हो रही दुनिया की प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों और आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई गठबंधन सरकार के द्वारा आर्थिक नीतियों, आर्थिक सुधारों और विकास की डगर पर तेजी से आगे बढे के रणनीतिक कदमों से भारत की विकास दर में वृद्धि, शेयर बाजार की नई ऊंचाई तथा वैश्विक परिदृश्य पर भारत की आर्थिक अहमियत बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। जहां एक ओर हाल ही में 18 जून को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के विकास दर अनुमान को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है और 20 जून को बीएसई सेंसेक्स 77479 अंकों की सर्वकालिक नई ऊंचाई पर बंद हुआ है और अब कुछ घट-बढ़ के साथ शेयर बाजार की अच्छी संभावनाएं बनी हुई हैं, वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों 13 से 15 जून के बीच इटली में आयोजित जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष रूप से आमंत्रित भारत की प्रभावी अहमियत दिखाई दी है और यूरोपीय देशों ने भारत को प्राथमिकता दिए जाने के संकेत दिए हैं। गौरतलब है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी भारत के शेयर बाजार और भारत की विकास दर के बढ़ते नए अनुमान प्रस्तुत किए हैं। कहा गया है कि बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की जीत का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि नीतिगत सुधार जारी रहेंगे। इससे अगले पांच वर्षों के दौरान विकास और इक्विटी रिटर्न प्रभावित होगी। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि सरकार महंगाई की आक्रामकता पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी। मूडीज ने अगले एक वर्ष में भारतीय शेयर बाजारों का प्रदर्शन सकारात्मक रहने का अनुमान जताया है और कहा है कि अगले 12 महीनों के दौरान बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 82 हजार के स्तर के पार जा सकता है और इसमें मौजूदा स्तर से 14 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

इन सबके साथ-साथ रिपोर्ट में आने वाले दिनों में और अधिक संरचनात्मक सुधारों की उम्मीद की गई है। कहा गया है कि 2025-26 तक आय वृद्धि पूवार्नुमान के साथ कंपनियां बेहतर प्रदर्शन करेंगी, जो आम सहमति से 500 आधार अंक या पांच प्रतिशत अधिक है। इतना ही नहीं, दुनिया में अगला दशक भारत का होगा। वैश्विक वृद्धि में भारत की भागीदारी करीब 20 प्रतिशत होगी। दुनिया भर में भारत की सेवाओं और वस्तुओं की बढ़ती मांग से इसमें मदद मिलेगी। इससे भारत में मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि होगी। साथ ही देश के उन्नत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय शेयर बाजार की ऊंचाई का लाभप्रद नया रिकॉर्ड बना है। जहां भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण अब बढकर 5.21 ट्रिलियन डॉलर हो गया है, वहीं हांगकांग के शेयर बाजार का पूंजीकरण घटकर 5.17 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। ऐसे में भारत ने बाजार पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को एक बार फिर पछाड़ दिया है और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। स्थिति यह है कि देश की नई सरकार से देश और दुनिया में विकास व सुधारों की उम्मीद बढ़ी है। पिछले दिनों दुनिया की प्रसिद्ध क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसऐंडपी ने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, तेज आर्थिक सुधार और बढ़ती राजकोषीय मजबूती के मद्देनजर भारत की रेटिंग को स्थिर यानी स्टेबल से बदलकर पॉजिटिव कर दिया है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि पिछले तीन साल में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की औसत वास्तविक वृद्धि दर 8.1 फीसदी सालाना रही है और अब यह विकास दर अगले तीन साल में लगातार 7 फीसदी के करीब होगी। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई एनडीए गठबंधन सरकार की वैश्विक आर्थिक अहमियत पिछले दिनों 13 से 15 जून के बीच एक बार फिर दुनिया के सात प्रमुख विकसित देशों के समूह जी-7 के शिखर सम्मेलन में दिखाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इटली में आयोजित जी-7 देशों की 50वीं शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया। भारत उन 12 देशों और पांच संगठनों में शामिल था जिन्हें इटली में जी-7 कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में जी-7 बैठक एक बेहतर वैश्विक मंच साबित हुई है। इस सम्मेलन के दौरान मोदी ने कई प्रभावी बातें कहीं।

उन्होंने तकनीकी क्षेत्र में एकाधिकार खत्म करने की भी मांग की, साथ ही हरित युग को अपनाने की अपील की है। इस मौके पर उन्होंने दुनिया के प्रमुख नेताओं से जो द्विपक्षीय बातचीत की, उसके भी अच्छे परिणाम दिखे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्की के साथ मुलाकात करके मोदी ने कहा कि यूक्रेन के द्वारा रूस के साथ युद्ध को बातचीत और कूटनीति के जरिए हल करना ही बेहतर है। इस सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली, फ्रांस, जापान और इंग्लैंड के राष्ट्र प्रमुखों से द्विपक्षीय वाताएं भी की। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत के लिए सबसे ठोस लाभ जी-7 की उस प्रतिबद्धता से उपजा, जिसमें कहा गया कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को बढ़ावा दिया जाएगा। इस गलियारे के निर्माण की घोषणा गत वर्ष भारत में जी-20 शिखर बैठक के समय की गई थी। जी-7 सम्मेलन में कहा गया है कि खास तौर पर आईएमईसी को मूर्तरूप देने के लिए समन्वय और वित्तपोषण पर जोर दिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सडक, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है, ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को समान विचारधारा वाले देशों ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में पेश किया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की बढ़ी अहमियत से चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में और अधिक उभरकर सामने आएगा।

अब नई गठबंधन सरकार निर्यात बढ़ाने और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने की अच्छी संभावनाएं रखती है। निश्चित रूप से इस समय घटते हुए वैश्विक निर्यात और घटते हुए वैश्विक व्यापार के बीच भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में उच्चतम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 776.68 अरब डॉलर रहा है। यह वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरे कार्यकाल के दौरान गठबंधन सरकार के सभी दलों के साथ समन्वय व सामंजस्य के नए प्रतिमान स्थापित करने के साथ आर्थिक सुधारों को जारी रखते हुए देश को आगे बढ़ाएंगे। हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री मोदी महंगाई नियंत्रण और रोजगार वृद्धि को अधिक प्राथमिकता देते हुए एक ऐसी मजबूत सरकार को आगे बढ़ाते हुए दिखाई देंगे जो गरीब कल्याण व सामाजिक न्याय के ऊंचे प्रतिमानों से आम आदमी की मुस्कुराहट बढ़ा सकेगी। हम उम्मीद करें कि मोदी एक दृढ़तापूर्वक रणनीतिक प्रशासनिक निर्णय लेते हुए उन्हें कार्यान्वित करने वाली ऐसी

# परीक्षाओं में धांधली से योग्यता हो गई पैर की जूती!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

मोदी सरकार ने नीट परीक्षा के 47 दिन बाद एनटीए में सुधार के लिए एक कमेटी बनाने का बंनाने का एलान किया है, जबकि छात्र इससे संतुष्ट नही है और वे समस्या की जड़ में जाकर उसे समाप्त करना चाहते हैं। उनका कहना है कि बार-बार पेपर लीक होने से योग्यता पैरों की जूती बनकर रह गई है। एनटीए का गठन सन 2018 में किया गया था, लेकिन उसके बाद से लगभग हर साल परीक्षा में गड़बड़ी और धांधली के आरोप लगते रहे हैं। तभी तो एनटीए के अध्यक्ष सुबोध कुमार को हटाना पड़ा है।

एनटीए यानि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का गठन इसलिए किया गया था, ताकि प्रवेश परीक्षाओं को निष्पक्ष कराया जा सके, लेकिन एनटीए परीक्षाओं को कराने में बार-बार फेल हो रही है। इसी कारण सीएसआईआर, यूजीसी व नेट की परीक्षाओ को स्थगित करना पड़ा है। ये परीक्षा 25 से 27 जून के बीच होनी थी। परीक्षा आगे बढ़ाने की वजह संसाधनों की कमी बताई गई है, लेकिन सरकार के इस कदम ने एनटीए को लेकर छात्रों की आशंका को बढ़ाने का ही काम किया है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जिस एजेंसी का गठन परीक्षा में भरोसा बढ़ाने के लिए किया गया, उसकी विश्वसनीयता खत्म होने के लिए कौन जिम्मेदार है ?साथ ही नीट परीक्षा धांधली में जो लोग गिरफ्तार किए गए है और जिन्होंने पैसे देकर परीक्षा प्रश्न पत्र व उनके उत्तर ,परीक्षा से पहले प्राप्त किए ,वह व्यापक भ्ष्टाचार का प्रमाण नही है ?इन सब मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी भी सबको हैरान कर रही है,जो परीक्षा पे चर्चा करते नही थकते थे। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, बिहार, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, असम, अरुणाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर देश के इन 15 राज्यो में पिछले 5 साल के अंदर 41 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए है। जिससे करोड़ों छात्र पीड़ित प्रभावित हुए है। नीट की परीक्षा में गड़बड़ी के बाद हो रहे युवाओं के विरोध ने तो इस आक्रोश को सड़को पर लाकर खड़ा कर दिया है। इन युवाओं का कहना है कि ऐसी कौन सी बात है कि जो बार-बार पेपर लीक हो रहे हैं,हम कैसी दुनिया में जी रहे हैं कि हम सालभर मेहनत करते हैं फिर पेपर लीक हो जाता है। जिससे पूरी व्यवस्था ही खराब हो जाती है। बार-बार वही गलतियां दोहराने से सरकार की भी फजीहत हो रही हैं। ऐसे में सवाल ये है कि इसमें सुधार क्यों नहीं हो रहा है। युवा पूछते हैं कि जो एन टी ए परीक्षा करवाने में सरकार असफल क्यो साबित हो रही है, इस व्यवस्था को कौन ठीक करेगा? विपक्ष के सशक्त नेता राहुल गांधी खुद इस मुद्दे पर मोदी सरकार को घेर रहे है। अब नीट की परीक्षा रद्द हो या न हो, छात्रों के एक वर्ग का नाखुश होना तय है। हालांकि शिक्षामंत्री छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ न होने की बात कह रहे हैं, लेकिन छात्रों का सवाल ये है कि जब नेट की परीक्षा प्राटिप्पणीकारथमिक इनपुट के आधार पर रद्द कर दी गई है। तो फिर ऐसा नीट को लेकर ऐसा क्यों नहीं किया गया। नेट की तैयारी कर रही श्रद्धा सरकार से पूछना चाहती हैं कि अगली बार परीक्षा का पेपर लीक नहीं होगा इसकी क्या गारंटी है? अब चाहे राज्यों में भर्ती परीक्षा हो या फिर दाखिले के लिए कोई परीक्षा, हर छात्र को पेपरलीक और परीक्षा में धांधली का.डर सताता रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब कारोबारी के घर पर छापा 11 लीटर शराब बरामद, कारोबारी फरार

तारापुर (कोर्ट)। थाना क्षेत्र के उर्दू चौक से शनिवार के दिन एक शराब कारोबारी के घर से 11 लीटर शराब को पुलिस ने जब्त किया है। बताया जाता है पुलिस के आने की सूचना पर शराब कारोबारी फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस शराब को जब्त कर थाना लाया गया। तारापुर थाना गश्ती दल का नेतृत्व कर रहे दरोगा शिवकुमार सिंह बताया कि उन्हें सूचना मिली कि एक शराब कारोबारी उर्दू चौक स्थित अपने आवास पर से शराब का कारोबार कर रहा है। पुलिस के गश्ती दल उस शराब कारोबारी के घर पर पहुंचकर घर की तलाशी लिया। जहां पुलिस को एक बोतल सहित 13 अलग-अलग पॉलिथीन में शराब मिला। शराब कारोबारी के खिलाफ तारापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जिम्मेदारी दरोगा राजकुमार राम सोंपा गया है।

### जनाब हाल बेहाल है नल जल योजनाओं का : ग्रामीण

बरियारपुर (मुंगेर)। जनाब हाल बेहाल है सात निश्चय योजना का यह कहना है बरियारपुर प्रखंड के पडिया पंचायत के वार्ड संख्या एक की जनता का। जहां आम जनों को मुख्यमंत्री साथ निश्चय योजना के तहत जल नल योजना का लाभ नहीं मिला है। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना सफेद हाथी साबित हो रहा है। पीएचइडी विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी केवल आश्वासन ही पंचायत के लोगों को देते आ रहे हैं। इधर नल जल योजना के पंप संचालक सूरज कुमार ने बताया कि हमारे पंप का स्टार खराब हो गया है इसकी सूचना कार्यपालक पदाधिकारी रूबी कुमारी को दिया गया है लेकिन आज तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है। पंप संचालक ने यह भी बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया है कि मेंटेनर को भेज कर पंप का मरम्मत करवा दिया जाएगा। नल जल योजना के पंप संचालक ने बताया कि पीएचडी विभाग के मेंटेनर के पंप मरम्मती के लिए समय पर नहीं आने से ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ रहा है।

### झट मार से अपनी मोबाइल बचाने के लिए यात्री स्टेशन पर गिरकर हुआ बेहोश

बरियारपुर (मुंगेर)। सोमवार के दिन दानापुर-साहेबगंज इन्टरसिटी एक्सप्रेस बरियारपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर आकर खड़ी हुई। 2 मिनट रुकने के बाद दानापुर साहिबगंज इंटरसिटी एक्सप्रेस बरियारपुर स्टेशन के प्लेटफार्म दो नंबर से जैसे ही खुली। इसी बीच एक उच्चका ने जनरल बोगी के डिब्बे के गेट पर खड़े एक यात्री के हाथ से मोबाइल को झपट लिया। अपने मोबाइल को बचाने के लिये यात्री ने ट्रेन से नीचे कूद पड़ा। यात्री के ट्रेन से नीचे कूदने के वजह से वह बेहोश हो गया। बेहोशी के हालात में उसे अन्य यात्रियों ने उसे उठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियारपुर ले गया। अस्पताल के चिकित्सकों ने यात्री के गंभीर अवस्था को देखकर बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेन्टर भेजा दिया गया। जहां पर होश आने पर यात्री ने अपने परिजनों के समक्ष बताया कि वह अपने बडी बहन चुआ बाग से वापस अपने घर पीरपैंती जाने के लिए इन्टरसिटी पर चढ़ गया। बोगी में अत्यधिक भीड़ रहने के कारण मैं गेट पर ही खड़ा था और अपनी मोबाइल हाथ में लिया हुआ था। उन्होंने बताया कि जैसे ही बरियारपुर स्टेशन से गाड़ी खुली एक उच्चाका ने मेरा मोबाइल फोन झपट्टा मारा अपनी मोबाइल को बचाने के क्रम में मैं भी स्टेशन पर गिर गया और बेहोश हो गया।

### वायु सेना अधिकारी परीक्षा मे उच्चतर स्थान प्राप्त करने पर किया गया सम्मानित

आरा। पहले वायुसेना अधिकारी परीक्षा मे पूरे देश मे 18 वीं रैक और फिर सीडीएस जैसे उच्चतर परीक्षा मे पूरे देश मे चौथी रैंक लाने पर भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखंड के नथमलपुर गाँव के अरविन्द सिंह की बेटी मनीषा सिंह को सोमवार को पूर्व मंत्री सह बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज सहित भाजपा कार्यकताओ द्वारा सम्मानित किया गया। बड़हरा विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा प्रतिभाशाली मनीषा सिंह को अंगवस्त्र, बुक्के दे कर सम्मानित किया गया। उसके बाद विधायक द्वारा मिठाई खिला कर बधाई और शुभकामनाएं दी गई। उक्त अवसर पर पूर्व मंत्री सह बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज हमारे क्षेत्र की बेटी ने जो कार्य किया है वह आज तक किसी बेटे ने नही किया। बहुत बड़ी बात है कि एक साथ देश के कठोर परीक्षा सीडीएस और एयर फोर्स के मेरिट लिस्ट मे उच्च रैंक प्राप्त करना। आज नथमलपुर गाँव ही नही,पूरे बड़हरा, भोजपुर जिला और बिहार अपनी बेटी पर फक्र महसुस कर रहा है। मेरा आशीर्वाद हमेशा बिटिया और उसके परिवार के साथ है। पूरे बड़हरा विधानसभा के तरफ से मै मनीषा और उसके माता-पिता को बधाई और शुभकामना देता हूँ।

# भोजपुरिया जन मोर्चा भोजपुर इकाई द्वारा अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय दिया धरना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुरिया जन मोचाभीजपुर इकाई की ओर से जिलाधिकारी भोजपुर के समक्ष पांच सूत्री मांग को लेकर धरना एवम पैदल मार्च किया गया जिस मार्च का नेतृत्व मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोरखनाथ अकेला एवम प्रदेश अध्यक्ष (दलित प्रकोष्ठ )ललन प्रसाद नट, एवम प्रखंड अध्यक्ष कुँअर पासवान ने किया यह पैदल मार्च रेलवे पश्चिमी गुमटी से चलकर जिला समहर्ता भोजपुर कार्यालय तक हुआ जिसमे सैकड़ो लोग सामिल हुवे सभी के हाथ मे पार्टी का झंडा था एवम सभी लोग गरमजोशी से नारे लगारहे थे वोटर पेंशन चालू करो वर्ना कुर्सी खाली करो। एवम तीन डिसमिल जमीन का वादा पूरा करो, आदि। फिर जिला समहर्ता के पास जाकर धरना मे तब्दील हो गया जिस धरना का अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दलित प्रकोष्ठ ललन प्रसाद नट ने किया।

धरना को सम्बोधित करते हुवे मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी ने कहा कि समाज एवम देश हित मे देश के सभी वोटरों को राष्ट्रीय आमदनी का आधा पैसा सीधे वोटर के खाते मे जाना चाहिए और बंदरबाट बाली योजना को बंद कर दिया जाय। धरना को सम्बोधित करते हुवे राष्ट्रीय प्रवक्ता गोरखनाथ अकेला ने कहा कि :-देश के 90 करोड़ वोटरों को बिना भेद भाव किये हर माह दस हजार रुपया दिया जाय और बेक्तिगत हित वाली लूट योजना को बंद किया जाय यह वही पैसा है जो सरकार चंदा के बदले धंधा देती है इलेक्ट्रॉल बौउंड के माध्यम से 6 हजार करोड़ रुपये देश का लूट लिया गया,साथ ही कई दसको से बने मकान वाली जमीन का पूरा मालिकाना हक दिया जाय। ललन प्रसाद नट ने कहा कि :-सरकार बार बार घोसणा करती है कि भूमिहानो को तीन डिसमिल जमीन दिया जायगा उस वादा को सरकार पूरा करे कुछ बसगीत पर्चा बना हुआ है उसे तत्काल बटा जाय, एवम भरस्टाचार पर रोक लगाई जाय, धरना को सम्बोधित करते हुवे प्रवक्ता विनोद सिंह ने कहा कि भोजपुरी भाषा को संबिधान की आठवीं अनुसूची मे सामिल किया जाय, धरना को सम्बोधित करने वालों मे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम अयोध्या सिंह,सुनीता देवी, श्रद्धा देवी,जिला अध्यक्ष महिला सीता देवी, जिला अध्यक्ष दलित प्रकोष्ठ बक्सर कमलेश नट, जिला अध्यक्ष भोजपुर दलित बिश्वामित्र, चंद्रशेखर पांडे, जिला अध्यक्ष रोहतास, जितेंद्र कुमार,बीरेंद्र पासवान, पिंकी देवी, बिमला देवी मुख्य थे।

## 23 से 29 जून तक श्रीमद भागवत कथा की भक्ति बयार बहेगी

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत शाहजंगी नवटोलिया में 23 से 29 जून तक श्रीमद भागवत कथा की भक्ति बयार बहेगी। जिसको लेकर रविवार की सुबह बाबा बेलानाथ प्रांगण सालेपुर से लगभग 1001 माताओं बहनों ने कलश संकल्पित कर शोभायात्रा में भाग लिया। कलश शोभायात्रा में हजारों की संख्या में ग्रामीण राधे कृष्णा के जयकारे व गाजे बाजे के साथ झूमते नाचते कथास्थल पहुंचे। श्री श्री 108 श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में वृंदावन से पधारे कथाव्यास पंडित आंनदमूर्ति गोपाल भाई ओझा के मुखारबिंद से आज से लगातार 29 जून तक भगवतामृत कि बयार बहेगी। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक संजीव सुमन ने कहा की मुझे ईश्वर से घनिष्ठ प्रेम है इसलिए ऐसे कार्यक्रम कराने पर मुझे आत्मसंतुष्टि मिलती है साथ ही नवटोलिया समाज से मेरा काफी पुराना संबंध रहा है इसलिए मैंने अपने संगठन नव सृजन संघर्ष समिति तथा स्थानीय ग्रामवासियों के सहयोग से यह कार्यक्रम करवा रहा हूँ। मौके पर बिकास यादव, पवन यादव, मनीष यादव, अनादि यादव, संजीव यादव, भविष्य राज, जनार्दन यादव, परसुराम यादव, बीरेंद्र यादव, संतोष यादव, श्याम मंडल, सुमन यादव, सरजी शर्मा, दिलीप मंडल, पिक्कू, सचिन, अनिल, पप्पू, मनोहर, आकाश आदि दर्जनों कार्यकर्ता के अलावे सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# तीन पुलिसकर्मी बुरी तरह जख्मी, शराब को लेकर छापेमारी करने गया था दल

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खन्नी कला गांव में शराब को लेकर छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों द्वारा हमला कर दिया गया। हमले के दौरान ग्रामीणों द्वारा पुलिस टीम पर पत्थरबाजी की गई, जिसमें अगिआंव बाजार थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। जख्मी दारोगा और दफादार को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है।

वहीं, मामूली रूप से जख्मी थानाध्यक्ष का इलाज स्थानीय पीएचसी में कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में अगिआंव बाजार थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता, दारोगा गोरेलाल कुमार और अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के बांघोड नारायणपुर गांव निवासी स्व. गौरी शंकर के 55 वर्षीय पुत्र और दफादार विजय कुमार सिंह शामिल है घटना के संबंध में बताया जाता है कि अगिआंव बाजार थाना टीम और सीआईएटी की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी की जा रही थी। छापेमारी के दौरान जब टीम खन्नी कला गांव पहुंची और गांव में प्रवेश कर रही थी।

तभी वहां मौजूद स्थानीय ग्रामीण द्वारा पुलिस टीम पर जमकर पत्थरबाजी की गई, जिसमें थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। इसके बाद जख्मियों में दो कोई इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, इस मामले में एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पीरो अनुमंडल अंतर्गत अगिआंव बाजार थाना की टीम और सीआईएटी की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब के खिलाफ कुछ जगह छापेमारी की गई थी, जिसमें छापेमारी के क्रम में जब टीम खन्नी कला गांव में पहुंची और जैसे ही टीम अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी के लिए उतरकर गांव में घुसना आरंभ करती है। वैसे ही वहां पर क्रिकेट खेल रहे और उसके आसपास खड़े कुछ लोगों द्वारा टीम के ऊपर पत्थरबाजी शुरू कर दी गई।

उसी में से कुछ गांव के लोगों द्वारा भी पत्थरबाजी की गई, जिस क्रम में थाना के दफादार विजय के सिर पर एक पत्थर से चोट लग गई और टीम के एक सिपाही के भी सिर में पत्थर लगा, जिससे हल्की चोट आयी है और पुलिस की एक गाड़ी के शीशे के ऊपर भी पत्थर पड़ा, जिससे एक शीशा चकनाचूर हो गया। पुलिस ने उक्त घटना के संदर्भ में प्राथमिक की दर्ज कर ली है तथा पूर्व जगह तथा इस घटना में शामिल लोगों को मिलाकर कुल चार लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है। पुलिस पर हमले से संबंधित अन्य अभियुक्तों को चिह्नित करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी में पूर्व जगह और वर्तमान जगह से कुछ शराब भी बरामद की गई है तथा अवैध शराब के धंधे वालों के खिलाफ चिह्नित करके कार्रवाई की जा रही है।

## सड़कों के बटवारे को लेकर दर्ज करा सकते हैं आपत्ति

गया । गया नगर निगम श्रेत्र के सड़कों के वर्गीकरण के बाद बहुत से मुहल्लो का होल्डिंग टैक्स कई गुणा इजाफा हुआ है इसकी शिकायत नगर निगम आयुक्त को मिली जिससे गम्भीरता से लेते हुए सड़क का वर्गीकरण कराने में बहुत भेदभाव किया गया है इस सभी बातों को ध्यान में रखते हुए इसे दुर करने के लिए लोगों से आपत्ति दर्ज कराने को कहां गया है इस संबंध में नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने बताया कि वार्ड वार कैंप में जिनकी शिकायत मिलेगी उसकी जांच तुरंत कराई जाएगी जिससे आशंकाओं को दूर कर लिया जाए। आगे बताया कि वार्ड एक से 13 के लिए 25 जून, वार्ड संख्या 14 से 27 के लिए 26 जून, वार्ड नं 28 से 40 के लिए 27 जून, वार्ड संख्या 41 से 53 के लिए 28 जून को शिवीर आयोजित किया ज रहा है। नगर आयुक्त ने कहा कि अपने अपने वार्ड से संबंधित आपत्ति नगर निगम में आयोजित शिविर में दर्ज करा सकते हैं।

# श्रीविष्णु महायज्ञ की सफलता को लेकर की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



आरा (भोजपुर)। अंतरराष्ट्रीय महायोगी ब्रम्हलीन श्रीदेवराहा बाबाजी बंड महाराज की 34 वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर त्रिकालदर्शी परमसिद्ध को संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज के सान्निध्य में आगामी 02 जुलाई से लेकर टि 8 जुलाई तक बिहिया चौरास्ता स्थित दोघरा में होनेवाले श्रीविष्णु महायज्ञ की के सफलता को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए। मठ संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज ने कहा कि हमारे गुरुजी श्रीदेवराहा बाबा बना एक ऐसे संत थे जो वेद-पुराण, और धर्म सम्प्रदाय से बहुत ऊपर थे। प्रकृति हमारे चार गुरुजी श्री देवराहा बाबा के आधीन थी। वैसे महायोगी की पुण्यतिथि पर होनेवाले

बल श्रीविष्णु महायज्ञ में मैं सभी लोगों को शामिल होने के लिए आवाहन करता हूं। य वहीं यज्ञ समिति के सदस्य सह सुरक्षा प्रमुख और रामविलास लोजपा के एवं जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने कहा कि इस महायज्ञ में लगभग ढाई लाख लोगों क की रहने सहने और ठहरने की व्यवस्था की गई है।

श्रीविष्णु महायज्ञ में श्रद्धालुओं का को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए हर प्रकार की व्यवस्था की गई मटि है। वहीं राजेश्वर पासवान ने कहा आगामी 2 जुलाई से 8 जुलाई तक देवराहा बाबा बात की पुण्यतिथि पर होनेवाले श्रीविष्णु महायज्ञ में काशी के प्रमुख यज्ञाचार्य पंडित भूपेन्द्र नश पाण्डेय और उनके सहयोगियों के द्वारा लगभग ग्यारह लाख वेद मंत्रों से यज्ञकुंड के में आहुति दी जाएगी। वहीं राम जन्मभूमि अयोध्या के जनकदुलारी रामलीला मंडल के के द्वारा नित्य संध्या बेला में रामलीला का मंचन किया जाएगा। श्रीविष्णु महायज्ञ की सफलता को लेकर गांव गांव जनसंपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है।

# आज दूरदर्शन पर आरा के अमित कुमार द्वारा कथक प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। 25 जून को संध्या 5:30 बजे अमित दूरदर्शन पर नृत्य करते नजर आयेंगे। इस प्रसारण में तबले पर इनके गुरु बक्शी विकास, हारमोनियम पर वीरेंद्र उपाध्याय व सितार पर देवप्रिय ठाकुर संगत करेंगे। अमित कुमार ने कृष्ण भजन " बांके बिहारी जी म्हारो प्रणाम" तीनताल में उपज, ठाट, उठान, आमद, परन व लड़ी समेत ठुमरी "मारो ना लंगर मोहे कंकड़" पर भाव अभिनय प्रस्तुत किया हैं। गौर तलब हैं कि कथक नृत्य के क्षेत्र में अपनी पहचान कायम करने वाले अमित कुमार को हाल के दिनों में ही दूरदर्शन द्वारा ग्रेड प्रदान कर सूचीबद्ध किया गया हैं।

**कला के लिये संघर्ष आदर्श बन चुका हैं:** घर के हालात व मजबूरी के कारण 7वीं की पढ़ाई छूट गयी और ऑटो चलाकर परिवार की मदद में जुट गये। इसी दौरान अमित को गुरु बक्शी विकास का सानिध्य प्राप्त हुआ। नृत्य सीखने की अभिलाषा को देखते हुये गुरु विकास ने इन्हें निःशुल्क शिक्षा प्रदान की और कला के वातावरण में ऐसे ढले कि 7वीं की पढ़ाई छोड़ने वाले अमित आज 2-2 विषयों से स्नातक उतीर्ण हैं।

**ऑटो चालक से बीपीएससी अध्यापक तक तय किया सफर :** अमित के जिंदगी का सफर आरा के सड़कों पर दौड़ते ऑटोरिक्शा से शुरू हुआ। परंतु कला के प्रति दृढ़ संकल्प करने वाले अमित कुमार को कुछ वर्ष की साधना के पश्चात गैर सरकारी संस्थानों में नृत्य शिक्षक के पर कार्य करने का अवसर मिला। जहां से इनकी आर्थिक समृद्धि भी होने लगी और ढेर सातें अनुभव भी। हाल के दिनों में बीपीएससी अध्यापक की परीक्षा उतीर्ण कर अमित अपनी प्रतिभा के बदौलत शिक्षा विभाग में नृत्य अध्यापक के पर कार्यरत हुये। वर्तमान में अमित सारण जिले के दाउदपुर स्थित संवेदना प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में पदस्थापित हैं।

**देश के कई प्रतिष्ठित मंचों जगमगा रहा हैं आरा का यह सितारा:** अपनी लगन, साधना, गुरु भक्ति व कला के प्रति समर्पण के कारण अमित कुमार कथक के क्षेत्र में 17 वर्षो से ख्याति अर्जित कर रहें हैं। नेशनल कोरियोग्राफी फेस्टिवल, दिल्ली, अखिल भारतीय संगीत एवं नृत्य समारोह, इलाहाबाद, संकट मोचन संगीत समारोह, जमशेदपुर, घाट संध्या , वाराणसी समेत कई महत्वपूर्ण मंचों पर प्रस्तुति दे चुके अमित कुमार को 'नृत्य रत्न' व 'कथकमणि' सम्मान समेत कई पुरस्कार प्राप्त हैं।

**गुरुसेवा इनके जीवन में सबसे महत्वपूर्णः** अमित कुमार कहते हैं कि उनके जीवन में सारी उपलब्धियां गुरुसेवा की बदौलत हैं। आजकल के बच्चे गुरु की जरा सी डांट पर गुरु बदल लेते हैं जो कि गलत हैं। गुरु के छत्रछाया में जबतक शिष्य रहता हैं निरंतर आगे बढ़ता हैं और जिसदिन शिष्य स्वयम को गुरु से बड़ा समझने लगता हैं उस दिन से उसका पतन शुरू हो जाता हैं। गुरु के ऋण को कभी नहीं चुकाया जा सकता हैं। मेरा सौभाग्य हैं कि गुरु के रूप में मुझे बक्शी विकास मिलें।

## परिवहन विभाग ने राज्य में वाहनों के इतिहास को खंगालने की तैयारी की है

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। बिहार सरकार ने राज्य के 14 जिलों में वाहनों की कुंडली खंगालने के लिए अतिरिक्त एमभीआई और तीन से आठ मोबाइल दरोगा प्रत्येक जिले में तैनात करने की योजना बनाई है । इसके बाद प्रदूषण में कंट्रोल राजस्व में इजाफा ओवरलोडिंग फजीर्वाड़ा शराब तस्करी समेत कई अन्य गैर कानूनी कार्यो में सीधे तौर पर तुरंत लगाम लग जाएगा।

अभी विशेष कार्य पदाधिकारी परिवहन विभाग पटना के सौजन्य से चल रहे दूसरे चरण के दो सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए सभी एमभीआई और मोबाइल दरोगा को भेजा गया है पूरे बिहार में प्रत्येक माह 10 लाख छोटी बड़ी गाड़ियों की बिक्री होती है लेकिन इसमें 60 की गाड़ी की संख्या में गाड़ी की बिक्री बेगूसराय भागलपुर कोसी सीमांचल जिले में होती है नए एमबीआई को को तैनाती से बालू माफिया पर शिकंजा कसा जाएगा। प्रतिदिन हजारों की संख्या में गिट्टी बालू लदे ट्रक ओवरलोड होकर परिवहन करते हैं।

प्रत्येक जिला में सिर्फ एक एम बी आई रहने के कारण माकूल कार्रवाई नहीं हो सकती थी लेकिन अब ओवरलोडिंग करके चलना मुश्किल होगा जिन जिलों में से होकर अधिक बालू और गिट्टी लदी गाड़ियां का आवागमन अधिक संख्या में है वहां एम बी आई की तैनाती की गई है। एक आंकड़े के अनुसार 13 जिलों में 05 पांच लाख की संख्या पर ऐसी गाड़ी है जिसके कागजात दुरुस्त नहीं है 90 फीसदी गाड़ी का प्रदूषण प्रमाण पत्र फेल रहता है ।जिन जिलों में नई एम बी आई दिए गए हैं उसमें मुंगेर में चार जमुई दो बांका पांच किशनगंज दो लखीसराय दो बेगूसराय 4 मधेपुरा खगड़िया सहरसा 3 भागलपुर पूर्णिया तीन कटिहार सूत्रों के अनुसार जरूरत के अनुसार एम बी आई की संख्या को जिले में घटाई या बढाई भी जा सकती है।

# नगर पंचायत कोईलवर में आम बैठक का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। जिले के कोइलवर नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में मुख्य पार्षद सरताज आलम की अध्यक्षता में आम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ईओ सपना कुमारी और मुख्य पार्षद सरताज आलम के समक्ष बारी बारी से वार्ड पार्षदों ने कार्य योजना को रखा। मुख्य पार्षद ने बैठक में कहा कि नगर विकास विभाग में आश्रय विहीन के लिए बहुमंजिला इमारत बनाने के लिए एक करोड़ बीस लाख रुपया उपलब्ध है। जगह का चयन कर एनओसी मिलने पर बहुमंजिला इमारत का निर्माण होगा। जिसके लिए पुनः सर्वे कराया जाएगा। वार्ड नंबर नौ के पार्षद अरविंद सिंह ने बताया कि नगर में व्यवसायिक वाहनों से चुंगी की वसूली हो रही है। जिस पर ईओ ने लिखित में शिकायत मांगा। नगर के वार्ड नंबर तीन के पार्षद शिव कुमार सिंह के साथ सभी वार्डो से नल जल के सबमर्सिबल और बचे हुए घरों में नल एक्सटेंशन की मांग किया गया। पार्षदों ने कहा कि भीषण गर्मी के कारण वार्ड में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जिस पर मुख्य पार्षद और ईओ ने सर्वे करा कर नए सबमर्सिबल और एक्सटेंशन करवाने का बोर्ड में निर्णय लिया गया। बैठक में कोईलवर थाना चौक से शहीद कपिलदेव चौक तक सड़क के दोनों तरफ मछली और सब्जी बाजार समेत अस्थाई दुकानों को हटा अतिक्रमण मुक्त कराने पर चर्चा हुई। अतिक्रमण में हटाये गये दुकानों को पीडब्लूडी के समीप शिफ्ट करने पर चर्चा हुआ। एक लिमिट राशि के भुगतान पर टैंकर से पेयजल उपलब्ध पहुंचाने पर मुहर लगी। नगर के राजस्व बढाने के लिए कर्मियों को वार्डवाइज तैनात कर होल्डिंग टैक्स की राशि वसूली की जाएगी। ईओ ने कहा कि नगर कार्यालय कोईलवर परिसर में लगे कम्पोस्ट कीट मशीन को कहीं दूसरे जगह शिफ्ट किया जाएगा। मौके पर उपमुख्य पार्षद मनोरमा देवी, शिव कुमार सिंह, अरविंद सिंह, सूफिया परवीन, सविता देवी, धनन्जय कुमार, समेत सभी पार्षद उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्र की जंयती मनाई गई

गया ।बिहार प्रदेश राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा का जयंती मनाया गया सर्वप्रथम उनके तेल चित्र पर माला पुष्प चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा जगन्नाथ मिश्रा भारतीय राजनीति के एक प्रमुख व्यक्तित्व थे। उनका जन्म 24 जून 1937 को बिहार के सुपौल जिले में हुआ था। वह एक अर्थशास्त्री और शिक्षाविद् थे, जिन्होंने पटना विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दीं। राजनीति में उनकी यात्रा कांग्रेस पार्टी से शुरू हुई, और वे तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री बनेः पहली बार 1975-77 में, दूसरी बार 1980-83 में और तीसरी बार 1989-90 में ।मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, उन्होंने राज्य के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

## खरीफ महोत्सव सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

आरा। जिले के कोइलवर प्रखण्ड के ई किसान भवन में प्रखंड कृषि कार्यालय द्वारा खरीफ महोत्सव सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खरीफ महोत्सव सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी,प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी मो मुस्तफा,प्रखंड उद्यान पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्य्रकम के दौरान उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों ने खरीफ फसलों की बुआई से लेकर कटाई तक के बारे में विस्तारपूर्वक किसानों को बताया। कृषि पदाधिकारी मो मुस्तफा ने बताया कि प्रखण्ड में मोटा अनाज को प्राप्त लक्ष्य में मडुआ 240 एकड़, ज्वार 137 एकड़, चना 140 एकड़ तथा धान बीज 158 क्विंटल का लक्ष्य प्राप्त हो। उद्यान पदाधिकारी ने आगत किसानों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे पौधरोपण और उसके साथ मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। साथ ही किसानों को अपनी जमीन के दस्तावेजों को दुरुस्त कर पैतृक जमीन को अपने नाम से करने की सलाह दी ताकि सरकार द्वारा किसानों को दिए जा रहे सुविधाओ का सीधा लाभ उन्हें मिल सके। कार्यक्रम के दौरान कृषि पदाधिकारी ने सभी पंचायतों में आयोजित होने वाले आगामी कृषि चौपालों के संभावित तिथियों की भी जानकारी दी।

# डीएम कार्यालय के समने ताली और थाली बजाकर जनाधिकार मोर्चा ने किया जोरदार प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। सोमवार को जन अधिकार मोर्चा द्वारा पीडीएस ट्रांसपोर्टर के द्वारा अनाज डिलीवरी भान में इलेक्ट्रॉनिक तराजू नहीं रखने तथा डीलरों को आबंटित गेंहू-चावल उनके दुकानों पर तौलकर नहीं देने को लेकर डीएम से लगातार गुहार लगाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से क्षुब्ध जनाधिकार मोर्चा ने डीएम कार्यालय पर ताली और थाली बजाकर जोरदार प्रदर्शन किया तथा जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने "डीएम साहब खोलो कान नहीं तो होगा चक्का जाम", "पीडीएस ट्रांसपोर्टर को इलेक्ट्रॉनिक तराजू रखना होगा", "पीडीएस ट्रांसपोर्टर के सामने डीएम साहब लाचार क्यों - जवाब दो जवाब दो" आदि नारे लगा रहे थे। ताली बजाओ-थाली बजाओ कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जनाधिकार मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष संजय केशरी ने कहा कि पीडीएस ट्रांसपोर्टर गरीब लाभार्थियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले नियमित खाद्यान्न एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनान्तर्गत मिलने वाले मुफ्त अनाज में प्रतिवर्ष लगभग दस करोड़ रुपए का वारा-न्यारा कर रहे हैं। लेकिन लगातार गुहार के बावजूद डीएम साहब ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की जिससे जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है और स्थिति विस्फोटक बन चुकी है। श्री केशरी ने कहा कि डीएम साहब के रवैए को देखते हुए लगता है कि अब जनहित याचिका दायर करना ही एकमात्र विकल्प रह गया है। राकेश गुप्ता एवं आजाद शर्मा ने कहा कि गरीबों के अनाज के लुटेरों की लॉबी बेखौफ होकर कहती है कि हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है और यह दिख भी रहा है। सोनी सिन्हा एवं जूली शर्मा ने कहा कि डीलर से जब कम अनाज मिलने की लाभार्थी शिकायत करते हैं तो डीलर मायूस होकर कहते हैं कि हमें ही ट्रांसपोर्टर द्वारा कम अनाज मिल रहा है तो हम क्या करें। एक ताली बजाओ-थाली बजाओ कार्यक्रम में मो० तौसीफ, सुबोध यादव, अमर ठाकुर, बीणा देवी, किरण देवी एवं शोभा देवी सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उत्तम खेती के लिए मिट्टी की जांच कराना आवश्यक

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर । बारियापुर प्रखंड के गंगा पार पंचायत झौवा बहियार में कृषि विभाग की ओर से किसान चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को कृषि संबंधी जानकारी देने के लिए कृषि समन्वयक प्रवीण कुमार, बीटीएम सुधीर तिवारी, एटीएम विकास कुमार, कृषि सलाहकार राजू उपस्थित हुए उपस्थित किसानों को उन्नत खेती करने के लिए कई जानकारियां उपलब्ध करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही किसानों को सरकार के द्वारा मिलने वाली योजनाओं के लाभ की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान किसानों को बताया गया कि सभी किसान अपने खेतों की मिट्टी जांच अवश्य करा ले। इससे खेतों का संतुलन बना रहेगा। जो किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेते हैं वह अपना केवाईसी एवं एनपीसीआई व आधार से लिंक जरूर करा लें। ताकि समय से राशि का भुगतान हो सके। यंत्रीकरण में किसानों को पंपसेट एवं थ्रेसर में 50 प्रतिशत अनुदान, कुदाल खुरपी दो कचिया मक्का छुड़ाने वाला मैन्युअल यंत्र में 80 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराई जा रही है। सभी गांव में किसान समूह का गठन करें। जिससे कि राज्य से बाहर किसानों को प्रशिक्षण में भेजा जा सके। सभी किसान रासायनिक के बजाय जैविक खेती पर ध्यान दें। इससे आपकी भूमि की उर्वरा शक्ति निरंतर बनी रहेगी और पौष्टिक अनाज का उत्पादन होगा इस क्रम में किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए भी प्रेरित करते हुए बताया गया कि मोटे अनाज क्रमशः मक्का, ज्वार, बाजरा, रागी पर किसान बल दें। जिनकी बीज विभाग के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। मोटे अनाज की खेती क्लस्टर के द्वारा कराया जाएगा। मोटे अनाज का बीज मक्का पर 50 प्रतिशत जबकि अन्य बीज पर 100 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए किसान को पहले बीज लेने के दौरान पूर्ण राशि जमा करनी पड़ेगी। जो राशि अनुदान के रूप में खाते पर वापस आ जाएगी। इसके अतिरिक्त कई जानकारियां उपलब्ध कराई गई। मौके पर किसान संतोष यादव शमशेर कुमार शत्रुघ्न पासवान, रवि कुमार, राणा कुमार, पंकज कुमार, नवनीत कुमार उपस्थित थे।



# बिग बॉस ओटीटी 3 कंटेस्टेंट बनने पर बोले रणवीर शौरी

एक्टर रणवीर शौरी ने बिग बॉस ओटीटी 3 में बतौर कंटेस्टेंट एंट्री ली है। बिग बॉस टेलीविजन का सबसे बड़ा कंट्रोवर्शियल शो माना जाता है। हर सीजन, शो में कई सारी कंट्रोवर्सी होती हैं। लोगों की पर्सनल लाइफ की बातें भी जगजाहिर होती हैं। लेकिन रणवीर का कहना है कि वह अपनी पर्सनल लाइफ की धज्जियां नहीं उड़ने देंगे। वैसे, रणवीर शौरी की पर्सनल लाइफ की बात करें तो वह भी काफी उतार-चढ़ाव से भरी रही है। इस बारे में बातचीत के दौरान, रणवीर ने कहा, मैं अपनी पर्सनल लाइफ की बातें किसी से भी शेयर करने में कंफर्टेबल महसूस नहीं करता हूं। मैं हमेशा से इससे बचता आया हूं। हालांकि, सच्चाई यह भी है कि मैं अब उस शो का हिस्सा हूं जिसमें ऑडियंस मुझे 24×7 देखेगी। ऐसे में, मेरी कोशिश यहीं होगी कि मैं एक सीमा बनाकर रखूं।

## मैं अपनी पर्सनल लाइफ की धज्जियां नहीं उड़ने दूंगा

एक्टर ने आगे कहा, मुझे नहीं लगता कि मेरी निजी जिंदगी में किसी को भी दखलअंदाजी करनी चाहिए। फिर चाहे वो कंटेस्टेंट ही क्यों न हो। लाइफ में जो भी मुझसे जुड़ चुका है या जिनकी मैं इज्जत करता हूं, उनके बारे में कभी पब्लिक डोमेन पर चर्चा नहीं करूंगा। उनका नाम नहीं लूंगा। यदि कोई जानबूझकर मेरी पर्सनल लाइफ से जुड़े लोगों के बारे में बात करता है, तो मैं पार्टिसिपेट नहीं करूंगा। मैं अपनी पर्सनल लाइफ की धज्जियां नहीं उड़ने दूंगा।

## 24×7 पब्लिक की नजर में रहना चैलेंज से कम नहीं

रणवीर शौरी की मानें तो उन्हें बिग बॉस में आने के लिए हर साल ऑफर आता था। हालांकि, किसी न किसी वजह से बात नहीं बन पाती थी। हालांकि, इस बार वह इस ऑफर को मना नहीं कर पाए। इस बारे में उन्होंने कहा, मेकर्स हर साल मुझे इस शो के लिए अप्रोच करते हैं। हालांकि, अपने दूसरे वर्क कमिटमेंट की वजह से मैं शो नहीं कर पाता था। इस बार मेरे पास कोई काम नहीं था। साथ ही मेरा बेटा अपनी मां के साथ छुट्टियां बिताने अमेरिका जा रहा है। इसी वजह से मैंने बिग बॉस में आने का फैसला लिया। इस शो के लिए मैं काफी उत्साहित हूं। हालांकि, 24×7 पब्लिक की नजर में रहना किसी चैलेंज से कम नहीं होगा। वैसे, कौन मेरे बारे में क्या सोचता है मुझे इस बात की बिल्कुल परवाह नहीं है। कोशिश बस यही रहेगी कि एक अच्छा इंसान बनकर मैं हर सिचुएशन में खुद को संभाल पाऊं। बता दें, एक्टर अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 को होस्ट कर रहे हैं।



# श्रीनिधि शेट्टी के साथ रोमांस करेंगे राणा दग्गुबाती


साउथ अभिनेता राणा दग्गुबाती ब्रेक लेने के बाद अब कई फिल्मों के लिए अपनी कमर कस रहे हैं। उन्हें फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए देखने के लिए प्रशंसक उत्साहित हैं। वे निर्देशक तेजा के साथ मिलकर अब अपनी नई फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका शीर्षक राक्षस राजा है। इसके अलावा राणा दग्गुबाती अर्का मीडिया वर्क्स के बैनर तले बाहुबली के निर्माता शोबू यारलागड्डा और प्रसाद देवीनेनी के साथ एक फिल्म पर भी काम कर रहे हैं, जिससे जुड़ी कई दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं।

## फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी

बाहुबली के निर्माताओं के साथ जिस फिल्म पर राणा काम कर रहे हैं, फिलहाल उसका शीर्षक तय नहीं किया गया है और न ही फिल्म को लेकर आधिकारिक घोषणा की गई है। हालांकि, फिल्म के निर्देशक और मुख्य नायिका का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री के बारे में जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार इस अनाम फिल्म का निर्देशक एक नए निर्देशक कर रहे हैं, जो इस फिल्म के जरिए निर्देशन की दुनिया में करियर की शुरुआत करेंगे। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है।

## इस अभिनेत्री के साथ काम करेंगे अभिनेता

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म में केजीएफ की अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी मुख्य भूमिका में होंगी। हालांकि, प्रोडक्शन हाउस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह श्रीनिधि की पहली प्रत्यक्ष तेलुगु परियोजना है। फिल्म के बारे में आधिकारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी। इस परियोजना में कई शीर्ष तकनीशियनों की भागीदारी होगी। खबर है कि राणा दग्गुबाती इस फिल्म के लिए एक नया रूप अपनाएंगे।



## राणा दग्गुबाती की आने वाली फिल्म

वहीं बात करें राणा दग्गुबाती की राक्षस राजा के बारे में तो इस फिल्म के जरिए तेजा के साथ दूसरी बार काम कर रहे हैं। इस पहले वे नेनु राजू नेने मंत्री फिल्म में साथ काम कर चुके हैं, जो अभिनेता के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। इस बीच राणा दग्गुबाती विजय वेंकटेश के साथ राणा नायडू के दूसरे सीजन पर भी काम कर रहे हैं।



# रेस 4 में नजर आएंगे सलमान खान

थ्रिलर फैंचाइजी रेस अपनी चौथी किस्त के साथ वापस करेगी। फिल्म की तीन किस्तों ने फैंस के बीच खूब धमाल मचाया था। पहले दो किस्तों में सैफ अली खान मुख्य भूमिका में नजर आए थे। वहीं, तीसरी फिल्म में सलमान खान मुख्य भूमिका में नजर आए थे। रेस की अगली किस्त की पुष्टि निर्माता रमेश तौरानी ने की है। हालांकि अभी तक ये नहीं पता है कि क्या सलमान खान रेस फैंचाइजी के साथ अपनी वापसी करेंगे। इसे लेकर रमेश तौरानी ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया है।

रमेश तौरानी ने पीटीआई से बात करते हुए फिल्म की पुष्टि की है। उन्होंने कहा, अगली रेस किस्त के लिए स्क्रिप्ट तैयार है। हम जल्द ही फिल्म की कास्टिंग की घोषणा करेंगे। कास्ट नई होगी। मैं इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता कि सलमान खान इसका हिस्सा होंगे या नहीं। यह फिल्म साल के अंत तक फ्लोर पर आ जाएगी। अभी यह तय नहीं हुआ है कि इसका निर्देशन कौन करेगा।

## खलनायक की भूमिका में दिखे थे बॉबी देओल

रेस में सैफ अली खान, अक्षय खन्ना, कैटरीना कैफ और बिपाशा बसु अहम भूमिका में नजर आई थीं। इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। इसके बाद इसके दूसरे भाग में सैफ अली खान, जॉन अब्राहम, दीपिका पादुकोण और जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म का निर्देशन अब्बास-मस्तान ने किया था। वहीं, सलमान खान स्टारर रेस 3 में सलमान खान मुख्य भूमिका में थे। बॉबी देओल ने फिल्म में खलनायक की भूमिका निभाई थी।

## इन फिल्मों का भी आएगा सीक्वल

इसके अलावा तौरानी ने भूत पुलिस और सोल्जर के सीक्वल की भी पुष्टि की है। तौरानी ने कहा, हम भूत पुलिस और सोल्जर का सीक्वल भी जल्द बनाएंगे। इस बारे में आधिकारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी। 2021 में रिलीज हुई फिल्म भूत पुलिस में सैफ अली खान और अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका में थे। इसका निर्देशन पवन कृपलानी ने किया था।

# अरमान मलिक और उनकी पत्नियों की देवोलीना ने की आलोचना

'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत हो चुकी है। इस बार शो में यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर की बड़ी तादाद है। शनिवार को शो के शुरुआत के साथ यूट्यूबर अरमान मलिक ने अपनी दोनों पत्नियों पायल और कृतिका के साथ प्रतिभागी के रूप में बिग बॉस के घर में प्रवेश किया। इस दौरान उन्होंने अपनी प्रेम कहानी सुनाई। अरमान की दोनों पत्नियों ने साझा किया कि उन्हें अरमान से मिलने के सात दिनों के भीतर प्यार हो गया। सोशल मीडिया पर भी उनकी प्रेम कहानी की खूब चर्चा चल रही है। हालांकि, अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी को ये पसंद नहीं आया। अभिनेत्री ने रियलिटी शो में बहुविवाह को बढ़ावा देने के लिए तीनों की आलोचना की। उन्होंने इसे 'घृणित' कहा।

अभिनेत्री और बिग बॉस की पूर्व प्रतिभागी देवोलीना ने तीनों की जमकर आलोचना की और उन पर बहुविवाह को रियलिटी शो में बढ़ावा देने का आरोप लगाया। अभिनेत्री ने एक्स पर लिखा, 'क्या आपको लगता है कि यह मनोरंजन है? यह मनोरंजन नहीं है, यह गंदगी है। इसे हल्के में लेने की गलती मत करो क्योंकि यह सिर्फ रील नहीं है, यह असली है। मेरा मतलब है, मैं यह भी नहीं समझ सकती कि कोई इस बेशर्मी को मनोरंजन कैसे कह सकता है? मुझे इसके बारे में सुनकर ही घिन आती है। मेरा मतलब है, सिर्फ छह-सात दिनों में प्यार हुआ, शादी हुई और फिर पत्नी की सबसे अच्छी दोस्त के साथ भी यही हुआ। यह मेरी कल्पना से परे है।'

अभिनेत्री ने आगे लिखते हुए बिग बॉस से भी सवाल किया, देवोलीना ने लिखा, बिग बॉस आपको क्या हो गया है? क्या इतने बुरे दिन चल रहे हैं आपके कि आपको बहुविवाह मनोरंजक लगता है? जब आपने ऐसे प्रतियोगियों को पेश किया तो आप क्या सोच रहे थे? यह शो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी देखते हैं। आप नई पीढ़ी को क्या सिखाना चाहते हैं? कि वे दो-तीन-चार शादियां कर सकते हैं? हर कोई एक साथ खुशी से रह सकता है? जाकर उनसे पूछिए जो हर दिन ऐसी घटनाओं से पीड़ित हैं, अपना जीवन दुख में जी रहे हैं।'



# ट्विंकल कर रही हैं अपने स्क्रीन टाइम में कटौती


अक्षय कुमार की पत्नी ट्विंकल खन्ना अक्सर समसामयिक मुद्दों पर बातें करती दिखती हैं। आज अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपनी एक तस्वीर को साझा करते हुए लिखा है, हमें इस में जीवन में एक सीमित संसाधन मिला है जिसे समय कहते हैं। अब ये हम पर निर्भर करता है कि हम अपने समय का कैसे उपयोग करते हैं। ट्विंकल खन्ना अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मुझे ऐसा लगता है कि सिर्फ मैं ही नहीं बल्कि सभी लोग इन दिनों फोन पर अत्याधिक समय बिताते हैं। इन दिनों मैं स्क्रीन टाइम को कम करने की कोशिश कर रही हूं।





# सलमान को अपना मेंटर मानती हैं मन्नारा

बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा हमेशा लाइमलाइट में बनी रहती हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में मन्नारा सलमान खान की तारीफ करती नजर आ रही हैं। मन्नारा वीडियो में कहती हैं, सलमान हमेशा से मेरे मेंटर रहे हैं, उन्होंने मुझे कई चीजें सिखाई हैं। मन्नारा ने कहा कि शो के फाइल डे पर उन्होंने मुझे कई सारे टिप दिए थे, जिसे मैं आज भी फॉलो करती हूं। इसके साथ ही मन्नारा ने कहा कि इस सीजन हम सभी उन्हें बहुत ही ज्यादा मिस कर रहे हैं, हालांकि, अनिल सर का अपना स्वैग है।



# बतौर खलनायक विजय सेतुपति को स्क्रीन पर ये करना पसंद नहीं

**विजय सेतुपति की हालिया रिलीज फिल्म महाराजा बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस बीच एक इंटरव्यू के दौरान पूछा गया कि एक खलनायक के तौर पर उन्हें पर्दे पर क्या चीज है, जो करना पसंद नहीं आता। जिसका जवाब काफी तेजी से वायरल हो रहा है।**

विजय सेतुपति दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने कलाकार हैं। वह मुख्य रूप से तमिल फिल्मों के अभिनेता हैं, लेकिन उन्होंने तेलुगु,मलयालम और हिंदी फिल्मों में भी अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया है। अपने करियर में अब तक उन्होंने पचास से भी अधिक फिल्मों में काम किया है। इस दौरान उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से भी नवाजा गया है। हाल में ही उनकी फिल्म महाराजा रिलीज हुई है। इसे तमिलनाडु और तेलुगु राज्यों में काफी पसंद किया जा रहा है।

## महाराजा ने अब तक बटोरे 50 करोड़ रुपये

विजय सेतुपति की हालिया रिलीज फिल्म महाराजा बॉक्स ऑफिस पर पचास करोड़ रुपये का कारोबार कर चुकी है। फिल्म अभी भी काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अभिनेता इस फिल्म का प्रमोशन लगातार कर रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक अपनी फिल्म को पहुंचा सकें। इस दौरान वह लगातार इंटरव्यू भी दे रहे हैं। हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया कि बतौर खलनायक वो कौन सी चीज है, जो उन्हें स्क्रीन पर करना पसंद नहीं है।

## खलनायक में भी कुछ नैतिकता होनी चाहिए

विजय सेतुपति कई फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभा कर दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। ऐसे में जब उनसे पूछा गया कि खलनायक की कौन सी बात उन्हें पसंद नहीं आती, तो इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनके लिए खलनायक की भूमिका में भी कुछ नैतिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, बहुत सी चीजे हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि कहानी कैसे बतायी जा रही है। लोग किसी भी तरह की कहानी बता सकते हैं, लेकिन उसमें नैतिकता होनी चाहिए। अभिनेता ने इसमें आगे जोड़ते हुए कहा कि उनकी भूमिका से किसी की भावनाएं भी आहत नहीं होनी चाहिए।

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में सान्या को अवॉर्ड

एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'मिसेज' को लेकर चर्चा में है। एक्ट्रेस ने हाल ही में न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 में मिसेज में अपनी भूमिका के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता है। बातचीत के दौरान सान्या ने अवॉर्ड मिलने पर अपना पहला रिएक्शन शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा- सुबह सात बजे मैं उठी थी। देखा मेरे डायरेक्टर आरती और प्रोड्यूसर हरमन बावेजा का मैसेज आया था। मैंने तो सोचा भी नहीं था कि मुझे अवॉर्ड मिलेगा। मैं वहां फिल्म की स्क्रीनिंग के समय नहीं जा पाई थी। मेरे दिमाग में यही चल रहा था कि पता नहीं लोगों को फिल्म कैसी लगी होगी? जब मुझे अवॉर्ड के लिए बताया गया तो मेरे लिए बहुत ही सरप्राइज मोमेंट था। मैंने सबसे पहले यह बात अपने फैमिली में शेयर की।






## संक्षिप्त समाचार

### अप्रैल-जून में नए घरों की आपूर्ति 13 प्रतिशत घटकर 97,331 इकाई रहने का अनुमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में आम चुनाव के कारण बिल्डरों ने कम संख्या में परियोजनाएं शुरू की हैं। ऐसे में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान नौ प्रमुख शहरों में नयी आवासीय इकाइयों की आपूर्ति में 13 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है। रियल एस्टेट डेटा विश्लेषण फर्म प्रॉपइक्विटी ने यह जानकारी दी। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल-जून में नौ प्रमुख शहरों में नए घरों की आपूर्ति घटकर 97,331 इकाई रहने का अनुमान है। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 1,11,657 इकाई का था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान पुणे और हैदराबाद में सबसे कम नए घर पेश किए गए। दूसरी ओर दिल्ली-एनसीआर में नई आपूर्ति लगभग दोगुनी हो गई है। प्रॉपइक्विटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक समीर जसूजा ने आवास इकाइयों की नई आपूर्ति में गिरावट के लिए इस तिमाही में हुए लोकसभा चुनाव को वजह बताया। विश्लेषण में दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, नवी मुंबई, पुणे और ठाणे को शामिल किया गया। प्रॉपइक्विटी ने अप्रैल-जून 2024 के दौरान आवास बिक्री में दो प्रतिशत की मामूली गिरावट का अनुमान लगाया है।

### सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी की धमाकेदार लिस्टिंग, निवेशकों को हुआ 300 प्रतिशत का फायदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलर बनाने वाली कंपनी जीपीईएस सोलर आईपीओ की शेयर बाजार में शानदार लिस्टिंग हुई है। कंपनी की लिस्टिंग 298 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ एनएसई एसएमई में 375 रुपये पर हुई है। बता दें, कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 90 रुपये से 94 रुपये प्रति शेयर है। शानदार लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयरों में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया। जिसके बाद एनएसई में कंपनी के शेयरों का भाव 393.75 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। यानी निवेशकों का पैसा 4 गुना बढ़ गया है। बता दें, यह आईपीओ 14 जून से 19 जून 2024 को खुला था। कंपनी के आईपीओ का लॉट साइज 1200 शेयरों का था। जिस वजह से किसी भी निवेशक को कम से कम 1,12,800 रुपये का दांव लगाना होगा। बता दें, कंपनी ने एंकर निवेशकों से 8.30 करोड़ रुपये जुटाए थे। एंकर निवेशकों के लिए यह आईपीओ 13 जून को खुला था। 3 दिन के ओपनिंग के दौरान आईपीओ को 1187.72 गुना सब्सक्राइब किया गया था। आखिरी दिन आईपीओ को 856.21 गुना सब्सक्राइब किया गया था। रिटेल कैटगरी में आईपीओ को आखिरी दिन 793 गुना सब्सक्राइब किया गया था। पहले दिन 61.92 गुना और दूसरे दिन 269.59 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। बता दें, कंपनी में आईपीओ से पहले प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 86.40 प्रतिशत की थी। कंपनी के प्रमोटर्स दीपक पाण्डेय, अंजू पाण्डेय और आस्तिक मणि त्रिपाठी हैं। इस आईपीओ का साइज 30.79 करोड़ रुपये का था। कंपनी आईपीओ के जरिए 32.76 लाख फ्रेश शेयर जारी किया है। बता दें, कंपनी 2010 में बनाई गई थी। यह कंपनी सोलर इंवर्टर्स और सोलर पैनल्स बनाती है।

### स्किल इंडिया मिशन के तहत 1.35 लाख से अधिक योग प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के अवसर पर, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय तथा इसके सहयोगी संगठनों ने विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर कौशल भवन, नई दिल्ली में सुबह 6:00 बजे से एक वाइब्रेंट योगा कैंप का आयोजन कर लोगों को योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। योगा फॉर सेल्फ एंड सोसायटी विषय पर केंद्रित इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बढ़ाने और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग की परिवर्तनकारी शक्ति को रेखांकित किया गया।इस अवसर पर कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जयन्त चौधरीने अपने आधिकारिक ट्वीट में एमएसडीई की उपलब्धि साझा की, जिसमें उन्होंने बताया कि स्किल इंडिया मिशन के तहत अब तक 1.35 लाख से अधिक योग प्रशिक्षकों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित और प्रमाणित किया गया है ।

# शेयर नहीं पारस पत्थर हैं सरकारी कंपनियों के स्टॉक

**▶▶ कई शेयरों ने निवेशकों को मालामाल कर दिया है ▶▶ कोचीन शिपयार्ड ने निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है**

### रेल विकास निगम में निवेश करने वालों को बंपर मुनाफा हुआ है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच कई ऐसे स्टॉक हैं, जिन्होंने निवेशकों को बंपर रिटर्न दिया है। इन शेयरों में निवेश करने वाले मालामाल हो गए हैं। इन शेयरों ने काफी कम समय में निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। आज हम आपको एक ऐसे ही सरकारी कंपनियों के शेयरों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। इन शेयरों में लगातार तेजी बनी हुई है। यहां हम आपको ऐसे 3 स्टॉक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसमें निवेश करने वालों को सिर्फ दो साल में ही एक हजार फीसदी से ज्यादा का छप्परफाड़ रिटर्न मिला है। ये शेयर किसी पारस पत्थर से कम नहीं हैं। हालांकि आप शेयर बाजार में किसी भी स्टॉक में बिना जानकारी के निवेश न करें। ऐसा करने पर आपको आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसी भी स्टॉक में निवेश करने से पहले अपने वित्तीय सलाहकार से बात जरूर कर लें।





#### इन शेयरों ने किया मालामाल

निवेशकों को मालामाल करने वाले शेयरों में कोचीन शिपयार्ड, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स और रेल विकास निगम शामिल हैं। इन शेयरों में दो साल पहले एक लाख रुपये का निवेश करने वालों की रकम 15 लाख से ज्यादा हो चुकी है। कोचीन शिपयार्ड की बात करें तो इस शेयर ने पिछले 2 वर्षों में निवेशकों को 1200 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है। यह शेयर बीते शुक्रवार को एनएसई पर 2139 रुपये के भाव पर बंद हुए हैं। वहीं दो साल पहले की बात करें तो साल 2022 में 24 जून को ये शेयर 155 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस शेयर में निवेश करने वालों को शानदार रिटर्न मिला है।

#### लगातार बढ़ रहे भाव

बाजार में निवेशकों को बंपर रिटर्न देने के मामले में रेल विकास निगम का शेयर भी शामिल है। दो साल पहले 24 जून 2022 को ये शेयर सिर्फ 30 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं बीते शुक्रवार यानी 21 जून को यह शेयर 409 रुपये के स्तर पर बंद हुआ है। ऐसे में देखें तो इसने बीते दो वर्षों में निवेशकों को 1200 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है। शेयर में अभी भी तेजी बनी हुई है। अगर किसी ने इस शेयर में दो साल पहले एक लाख रुपये का निवेश किया होता तो आज उसकी रकम 13 लाख रुपये से ज्यादा हो चुकी होती।

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर ने भी निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। इसमें निवेशकों को दो साल में 1400 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न मिल चुका है। साल 2022 में 24 जून को ये शेयर 245 रुपये के भाव पर था। वहीं अभी यह शेयर 3896 रुपये के स्तर पर है। इसमें एक लाख रुपये का निवेश करने वालों को 15 लाख रुपये से ज्यादा का रिटर्न मिला है।

## 1 जुलाई से बिल भरने में होगी दिक्कत, कई बैंकों ने अभी तक नहीं किया बीबीपीएस पर रजिस्ट्रेशन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिनटेक ऐप्स के जरिए क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान करने वाले ग्राहकों को 30 जून के बाद मुश्किल हो सकती है। दरअसल, जिन बैंकों और क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सभी कंपनियों ने आरबीआई के भारत बिल पेमेंट सिस्टम पर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, उनके ग्राहकों के लिए इन ऐप्स से बिल पेमेंट की सुविधा बंद हो जाएगी।

रिजर्व बैंक ने रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट 30 जून तय की है। बताया जा रहा है कि अब तक एचडीएफसी, आईसीआईसीआई और एक्सिस बैंक ने बीबीपीएस रजिस्ट्रेशन नहीं किया है। इन तीनों बैंकों के पांच करोड़ से अधिक क्रेडिट कार्ड धारक हैं। वहीं, फिनटेक ऐप्स फोन-पे और क्रेड पहले से रजिस्टर्ड हैं। जिन बैंकों ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, उनके ग्राहक भी फिनटेक कंपनियों के ऐप के जरिए एक जुलाई से बिल का भुगतान नहीं कर पाएंगे। बताया जा रहा है कि कंपनियों और बैंकों ने समयसीमा को 90 दिनों तक बढ़ाने की मांग की है। अब तक केवल आठ बैंकों ने बीबीपीएस पर बिल भुगतान को सक्रिय किया है, जबकि कुल 34 बैंकों को क्रेडिट कार्ड जारी करने की अनुमति है। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक के सोशल मीडिया मंच एक्स पर आधिकारिक खाते से छेड़छाड़ की गई है।

## हिंडनबर्ग पर जमकर बरसे गौतम अडानी, कहा- हमें बदनाम करने के लिए बनाई गई थी रिपोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी समूह के एजीएम के दौरान समूह के मुखिया गौतम अदाणी ने सोमवार को निवेशकों को संबोधित किया। भारतीय शेयर बाजार में कमजोरी के बीच अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी ने सोमवार को निवेशकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग की ओर से समूह को बदनाम करने के लिए और अधिकतम नुकसान पहुंचाने के लिए हमला किया गया।

अदाणी ने कहा कि शॉर्ट-सेलर की ओर से किए गए हमले के बाद लिक्विडिटी हमारे लिए सबसे बड़ी संपत्ति बन गई। धन जुटाने से से बाजार का भरोसा बहाल हुआ, अस्थिरता के खिलाफ पोर्टफोलियो की रक्षा की गई। अदाणी ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक संबंधों को तनाव देते हैं। जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाती है। प्रौद्योगिकी परिवर्तन हमारे जीने और काम करने के तरीके को प्रभावित करता है। शेयरधारकों के संबोधन का समापन अदाणी ने हम करके दिखाएंगे कहकर किया।

कंपनी के वार्षिक आम बैठक के दौरान अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी ने कहा कि 2 साल के लिए कर्ज के पुनर्भुगतान को कवर करने के लिए हमने 40,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। गौतम अदाणी ने शेयरधारकों को बताया कि पिछले 5 साल में समूह का सालाना खर्च तीन गुना हो गया।

गौतम अदाणी ने कहा कि हिंडनबर्ग के आधारहीन दावों से हम प्रभावित हुए। इससे हमारा एफपीओ प्रभावित हुआ। अदाणी ने कहा, चुनौतियों के बावजूद हमने अपने निवेशकों का विश्वास हासिल किया। जीक्यूजी, क्यूआईए, यूएस डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्प ने हम पर भरोसा जताया। हमारी परीक्षा लेने वाली विपरीत परिस्थितियों ने हमें और भी मजबूत बना दिया।

## भारतीय बाजार में फिर लौटे विदेशी निवेशक, जून में अब तक किया 12 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम चुनाव के नतीजों के बाद मजबूत वापसी करते हुए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जून में अबतक (21 जून तकत्र भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 12,170 करोड़ रुपए डाले हैं। नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता और सतत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद में एफपीआई का भारतीय शेयर बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की थी। वहीं मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के बीच उन्होंने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपए से अधिक की राशि निकाली थी।

#### क्या कह रहे आंकड़े

डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि ताजा निवेश के बाद 2024 में एफपीआई की शेयरों से निकासी (21 जून) 11,194 करोड़ रुपए रही है। मोजो पीएमएस के मुख्य निवेश अधिकारी सुनील दमानिया ने कहा कि वर्तमान में भारतीय शेयर बाजार के उच्च मूल्यांकन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का प्रवाह प्रभावित रहेगा। फिडेलफोलियो के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक किसलय उपाध्याय ने कहा, हालांकि आम चुनाव के नतीजे एक तरह से आश्चर्यचकित करने वाले थे लेकिन बाजार स्थिर सरकार के गठन का जश्न मना रहा है।

#### इस वजह से बढ़ा भरोसा

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा वृद्धि को समर्थन देने वाले बजट की उम्मीद से भी निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋष्टा या बॉन्ड बाजार में 10,575 करोड़ रुपए डाले हैं।

## एसएंडपी ने वित्त वर्ष 2025 में भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.8 प्रतिशत पर बरकरार रखा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत पर बरकरार रखा और कहा कि ऊंची ब्याज दरों तथा कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में कमी आएगी। एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए अपने आर्थिक दृष्टिकोण में, एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत बढ़ने के साथ भारत की आर्थिक वृद्धि आश्चर्यजनक रूप से ऊपर की ओर बनी हुई है। एसएंडपी ने कहा, हमें उम्मीद है कि ऊंची ब्याज दर और राजकोषीय घाटे में कमी से गैर-कृषि क्षेत्रों में मांग में नरमी के साथ चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.8 प्रतिशत रह जाएगी। वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए, एसएंडपी ने क्रमशः 6.9 प्रतिशत और 7 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया। वित्त वर्ष 2025 के लिए एसएंडपी का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तुलना में कम है। आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में ग्रामीण मांग में सुधार और मुद्रास्फीति घटने के कारण कारण चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था का विस्तार 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। एक अन्य रेटिंग एजेंसी फिच ने वित्त वर्ष 2025 में भारत की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। एशियाई विकास बैंक का अनुमान है कि भारत की जीडीपी 7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। मूडीज रेटिंग्स और डेलॉयट इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। जबकि मॉर्गन स्टेनली ने 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। चीन के लिए, एसएंडपी ने अपने 2024 के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि का अनुमान 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया, लेकिन दूसरी तिमाही में इसमें क्रमिक मंदी आ सकती है।

## सेंसेक्स 77,341 के स्तर और निफ्टी 23,537 के लेवल पर बंद




**मुंबई, एजेंसी।** सोमवार (24 जून) को शेयर बाजार में गिरावट के माहौल के साथ कारोबार की शुरुआत हुई थी। हालांकि, दिन में बाजार ने रिकवरी दिखाई। आखिरी घंटों में बाजार एक रेंज में कारोबार कर रहे थे। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 131 अंक उछला, ये 77,341 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 36 अंक की तेजी देखी गई, ये 23,537 के स्तर पर बंद हुआ। सुबह ग्लोबल बाजारों से सुस्त संकेतों के बीच सेंसेक्स-निफ्टी आधा-आधा पर्सेंट गिरकर खुले थे। सेंसेक्स लगभग 400 अंक गिरकर 76,885 पर खुला और निफ्टी भी लगभग 100 अंक गिरकर 23,382 पर खुला। फार्मा, प्राइवेट बैंक और मेटल शेयरों में गिरावट दर्ज हुई। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी करीब आधा पर्सेंट गिरकर कारोबार कर रहे थे। ढ्ठ्ठस्रद्बड्ड ङ्कढ्ढङ्ग 5 पर्सेंट ऊपर था।

#### शुक्रवार को बाजार में रही थी गिरावट

इससे पहले बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी 21 जून को निफ्टी ने 23,667 का रिकॉर्ड स्तर छुआ था। हालांकि, दिनभर के कारोबार के बाद यह नीचे आया और 65 अंक की गिरावट के साथ 23,501 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, सेंसेक्स में भी 269 अंक की गिरावट रही, ये 77,209 के स्तर पर बंद हुआ था।

## 7 साल में 18 लाख उद्यम बंद, 54 लाख नौकरियां चली गईं: एनएसओ डेटा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में जुलाई 2015 से जून 2016 और अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र के 18 लाख असंगठित उद्यम बंद हो गए हैं। इस दौरान इन असंगठित उद्यमों में काम करने वाले 54 लाख लोगों की नौकरियां चली गईं। हाल में जारी 'असंगठित क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण' की फैक्ट शीट और राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 2015-16 में किए गए 73वें दौर के सर्वेक्षण के तुलनात्मक विश्लेषण से यह बात सामने आई है।

अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में करीब 178.2 लाख असंगठित इकाइयां काम कर रही थीं, जो जुलाई 2015 से जून 2016 के बीच काम कर रहीं 197 लाख असंगठित इकाइयों की तुलना में करीब 9.3 प्रतिशत कम हैं। इसी तरह से इन प्रतिष्ठानों में काम करने वाले लोगों की संख्या भी इस दौरान करीब 15 प्रतिशत घटकर 3.06 करोड़ रह गई है, जो पहले 3.604 करोड़ थी।

अनिगमित उद्यम में वे कारोबारी इकाइयां शामिल होती हैं, जो अलग कानूनी इकाइयों के रूप में निगमित नहीं होती हैं। आमतौर पर इन उद्यमों में छोटे व्यवसाय, एकल स्वामित्व, साझेदारी और अनौपचारिक क्षेत्र के कारोबार शामिल होते हैं। अप्रैल 2021 से मार्च 2022 में महामारी के दौरान जो कर्मचारियों की संख्या का निचला स्तर था, उसकी तुलना में अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच 1.17 करोड़ कामगार शामिल हुए हैं और भारत के व्यापक अनौपचारिक क्षेत्र में कुल कर्मचारियों की संख्या 10.96 करोड़ हो गई है लेकिन यह संख्या अभी भी महामारी के पहले की तुलना में कम है।

सांख्यिकी पर बनी स्थायी समिति के चेयरपर्सन प्रणव सेन ने कहा कि अनिगमित क्षेत्र, जिसमें व्यापक अनौपचारिक क्षेत्र शामिल होता है, लगातार लगने वाले आर्थिक झटकों से गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। ऐसे झटकों में वस्तु एवं सेवा कर और कोविड महामारी प्रमुख हैं। उन्होंने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि इन नीतिगत फैसलों और महामारी के कारण हुई देशबंदी के कारण अनौपचारिक क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इस क्षेत्र के प्रतिष्ठान अमूमन करीब 2.5 से 3 लोगों को काम देते हैं। इसमें ज्यादातर लोगों के खुद के कारोबार हैं या इसमें काम करने वालों में परिवार के सदस्य शामिल होते हैं। इसलिए यह तर्कसंगत है कि इसकी वजह से विनिर्माण क्षेत्र में करीब 54 लाख नौकरियां खत्म हुई हैं।'

इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए श्रमिक अर्थशास्त्री संतोष मेहरोत्रा का कहना है कि सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) में बड़े पैमाने पर असंगठित क्षेत्र में होते हैं और ये गैर कृषि क्षेत्र के बाद सबसे बड़े रोजगार प्रदाता हैं।

उन्होंने कहा, 'लगातार लग रहे नीतिगत झटकों के कारण 2016 के बाद असंगठित क्षेत्र के एमएसएमई और इन इकाइयों में गैर कृषि रोजगार की स्थिति में गिरावट देखी जा रही है। हालांकि मौजूदा आंकड़ों से पता चलता है कि कुल प्रतिष्ठानों की संख्या महामारी के बाद बढ़ी है। अपना उद्यम खोलने वाले लोगों की बढ़ती संख्या के कारण संख्या में बढ़ोतरी हुई है। यह बड़ी आबादी के जीवनयापन की रणनीति बनी है। इस तरह के प्रतिष्ठानों में अमूमन बाहर के लोगों की नियुक्ति नहीं होती है। यही वजह है कि इसी अनुपात में रोजगार सृजन की दर नहीं बढ़ पाई है।' आंकड़ों के विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि ट्रेडिंग सेक्टर में अनिगमित प्रतिष्ठानों की संख्या 2 प्रतिशत घटकर अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान 2.25 करोड़ रह गई है, जो जुलाई 2015 से जून 2016 के दौरान 2.305 करोड़ थी। हालांकि इस दौरान इस सेक्टर में कामगारों की संख्या मामूली बढ़कर 3.87 करोड़ से बढ़कर 3.90 करोड़ हो गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया ने हॉकी पुरुष विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया

लुसाने, एजेंसी। एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैच में बेल्जियम के खिलाफ ग्रेट ब्रिटेन की हार के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने बेल्जियम और नीदरलैंड में आयोजित होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2023/24 सीज़न की शुरुआत में, इस आयोजन में एक नया प्रोत्साहन जोड़ा गया, जिसमें खिताब विजेता आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए सीधे योग्यता अर्जित करेंगे। नियमों के



अनुसार, बेल्जियम या नीदरलैंड पुरुष या महिला दोनों में से किसी एक का खिताब जीतते हैं, तो उनके पीछे सर्वोच्च स्थान पर रहने वाली टीम को सीधे प्रवेश मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया, जो वर्तमान में 34 अंकों के साथ पुरुष तालिका में पहले स्थान पर है, पहले ही अपने 16 मैच पूरे कर चुका है। ग्रेट ब्रिटेन के आज अंक गिरने से, अब वे अधिकतम 31 अंक प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वे खिताब की दौड़ से बाहर हो गए हैं।
जबकि नीदरलैंड, अपने सीज़न में 4 मैच शेष रहते हुए, वर्तमान में 26 अंकों पर है, खिताब की तलाश में बना हुआ है। ऑस्ट्रेलिया को अब खिताब विजेता के रूप में या नीदरलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहने की गारंटी है, दोनों उदाहरणों से उन्हें एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप 2026 में स्थान की गारंटी मिलती है।

### हम काफी कुछ सीखकर जा रहे हैं : कोरी एंडरसन



**ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी।** अमेरिका का टी20 विश्व कप में स्वर्णिम अभियान भले ही सुपर 8 में थम गया लेकिन उसके बल्लेबाज कोरी एंडरसन ने कहा कि उनकी टीम को इस टूर्नामेंट से काफी कुछ सीखने को मिला। अमेरिका ने टूर्नामेंट के पहले दौर में पाकिस्तान को हराया था तथा भारत के सामने भी कड़ी चुनौती पेश की थी लेकिन सुपर 8 चरण में उसे दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा। एंडरसन ने रविवार को इंग्लैंड के हाथों मिली 10 विकेट से हार के बाद कहा, 'आसमान की भी एक सीमा होती है। पिछले कुछ वर्षों से अमेरिकी क्रिकेट को लेकर चर्चा चल रही थी। उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में हम प्रगति करते रहेंगे। एंडरसन मूल रूप से न्यूजीलैंड के रहने वाले हैं जिसके लिए उन्होंने 93 मैच भी खेले। बाद में अमेरिका में बसने वाले इस बल्लेबाज ने कहा कि टीम में अभी काफी सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'कई ऐसे क्षेत्र हो सकते हैं जिनमें सुधार करने की जरूरत है। हम अभी आईसीसी के एसोसिएट देशों में शामिल है और बड़ी टीमों में शामिल होने के लिए प्रयास कर रहे हैं। सुपर 8 में जगह बनाना निश्चित तौर पर अमेरिका के लिए ऐतिहासिक है। एंडरसन ने कहा, 'हमें इन बड़ी टीमों के खिलाफ अक्सर खेलने का मौका नहीं मिलता। इसलिए इन टीमों के खिलाफ हमें जितना भी खेलने को मिला वह हमारे लिए काफी मायने रखता है। हमारी टीम अभी शुरुआत कर रही है लेकिन हमें इस टूर्नामेंट से काफी कुछ सीखने को मिला।

# मेजबान टीमें टी20 विश्व कप से बाहर, ग्रुप-2 से सेमीफाइनल में द. अफ्रीका और इंग्लैंड




**नार्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी।** टी20 विश्व कप कप 2024 में सुपर-8 के ग्रुप 2 से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दो टीमों का नाम तय हो चुका है। ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका ने छह अंकों के साथ पहले स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई किया, जबकि इंग्लैंड की टीम चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। बारिश से बाधित मैच में सोमवार को एंटीगा में दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टक्कर हुई। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। टूर्नामेंट की सह मेजबान वेस्टइंडीज ने अफ्रीकी टीम के सामने 136 रन का लक्ष्य रखा। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन रोस्टन चेज (52 रन) ने बनाए। इससे पहले काइल मेयर्स ने 35 रन की अहम पारी खेली थी। दक्षिण अफ्रीका की ओर से तबरेज शम्सी ने 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बारिश की वजह से डकवर्थ लुईस नियम के तहत तीन ओवर्स कम कर दिए गए थे। फिर दक्षिण अफ्रीका को 17 ओवर में 123 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में शुरुआती झटकों से उबरते हुए अफ्रीकी टीम ने 16.1 ओवर में 7 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। टीम के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए, लेकिन मार्को यानसन ने सबसे अहम नाबाद 21 रन की पारी खेली। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की और वेस्टइंडीज को टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया। वहीं वेस्टइंडीज की ओर से रोस्टन चेज ने गेंद और बल्ले से दोहरा प्रदर्शन किया, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उन्होंने 52 रन बनाए और 3 विकेट झटके। दक्षिण अफ्रीका ने 10 वर्षों में पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। इससे पहले इंग्लैंड, अमेरिका को हराते हुए ग्रुप-2 से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी थी।

### सेमीफाइनल में पहुंचकर बोले मार्कराम-

## गेंदबाजों को दिया जीत का श्रेय

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी।** टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने से राहत महसूस कर रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्कराम ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ लक्ष्य को जल्दी हासिल करने की हड़बड़ी दिखायी जिससे यह मुकाबला काफी करीबी हो गया। दक्षिण अफ्रीका ने दो बार की चैंपियन टीम को आठ विकेट पर 135 रन रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करते समय जब टीम ने 15 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे तब बारिश के कारण एक घंटे तक खेल रूका रहा। दक्षिण अफ्रीका को इसके बाद डकवर्थ लुईस प्रणाली से जीत के लिए 17 ओवर में 123 रन का लक्ष्य मिला। टीम ने सात विकेट गंवाकर आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल किया। मार्कराम ने मैच के बाद कहा, 'सेमीफाइनल में पहुंचने से काफी राहत मिली। हम हालांकि इस जीत के बाद भावनाओं पर काबू रखना चाहते है। हम बल्लेबाजी करते समय और अधिक सतर्कता बरतना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा, 'बारिश के ब्रेक के बाद पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो गई थी। हम मैच को जल्दी खत्म करना चाहते थे लेकिन साझेदारियां नहीं बना पाए। जल्दबाजी दिखाने से टीम मुश्किल में पड़ गई थी। हमारे लिए यह (सेमीफाइनल में पहुंचना) बड़ी सफलता है और टीम ड्रेसिंग रूम में माहौल शानदार



है। मार्कराम ने जीत का श्रेय गेंदबाजों को देते हुए बल्लेबाजों से अधिक जिम्मेदारी लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'हमने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, परिस्थितियों का आकलन किया और उन्हें सामान्य से कम स्कोर पर रखा। हम बारिश के बाद साझेदारी बना सकते थे और फिर उसे आगे बढ़ा सकते थे, हम उससे सीख लेंगे और उम्मीद है कि दोबारा यह गलती नहीं करेंगे। इस हार के साथ ही वेस्टइंडीज के लिए तीसरा खिताब जीतने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गई, लेकिन कप्तान रोवमैन पॉवेल को पिछले एक साल में टीम की प्रगति पर बेहद गर्व है। पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से चूकने के बाद, ऐसा लग रहा था कि वेस्टइंडीज क्रिकेट अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। पॉवेल की कप्तानी में टीम ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और आईसीसी टी20 रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। पॉवेल ने कहा, 'जब आप बड़े पैमाने पर देखते हैं, तो हमने विश्व कप या सेमीफाइनल नहीं जीता है, लेकिन अगर आप पिछले 15 महीनों में खेले गए क्रिकेट को देखें तो रैंकिंग में नौवें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंचना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा, 'वेस्टइंडीज क्रिकेट को लेकर कैरेबियाई देशों में काफी चर्चा है और अब खेल में सुधार करने का काम यहीं से शुरू होगा। एक समूह के रूप में मिलकर काम करना जारी रखें और कैरेबियाई लोगों को गौरवान्वित करें। जब हम राष्ट्रगान सुनते हैं, तो खिलाड़ी के रूप में हमें कुछ महसूस होता है. उन्होंने कम स्कोर के बावजूद मैच को आखिरी ओवर तक खींचने के लिए गेंदबाजों की तारीफ की। पॉवेल ने कहा, 'खिलाड़ियों को इसका श्रेय मिलना चाहिए कि उन्होंने आखिरी ओवर तक संघर्ष किया। बल्लेबाजी इकाई के लिए यह ऐसा प्रदर्शन है जिसे आप भूलना चाहेंगे। हमने बीच के ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। मैच की शुरुआत में यह आसान विकेट नहीं था।

## हॉकी ने जो कुछ भी दिया, उसके लिए आभारी हूं: माधुरी किंडो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर माधुरी किंडो को हाल ही में जूनियर टीम से प्रमोट किया गया है। अपने इस शानदार सफर को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हॉकी ने जो कुछ भी उन्हें दिया, वो उसके लिए सदैव आभारी रहेंगी। माधुरी ओडिशा के बीरमित्रपुर के एक साधारण किसान परिवार से हैं, जो राउरकेला के राजसी बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम से एक घंटे की दूरी पर है। माधुरी ने अपने जीवन में हॉकी के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि बीरमित्रपुर में हमारे पास बिना कंक्रीट की छत वाले दो घर थे और परिवार में केवल मेरे भाई मनोज ही कमाते थे।

उन्होंने नए घर के निर्माण का सारा खर्च उठाया और पश्चिमी रेलवे से नौकरी का प्रस्ताव मिलने के बाद, मैं आखिरकार उनकी आर्थिक मदद करने में सक्षम हुई।




अपने भाई की मदद करना काफी अच्छा एहसास था। मैं हॉकी की आभारी हूं, जिसने मुझे हर चीज में मदद की। माधुरी अपने भाई मनोज किंडो के हॉकी कौशल से काफी प्रभावित थी। उनके नक्शेकदम पर चलते हुए, माधुरी ने हॉकी स्टिक उठाई और 2012 में पानपोष स्पोर्ट्स हॉस्टल में शामिल हो गईं। माधुरी शुरू में एक डिफेंडर के रूप में शामिल हुईं, लेकिन अपने एथलेटिक कौशल के कारण गोलकीपर बन गईं।

ओडिशा से राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कई बार भाग लेने के बाद, माधुरी को 2021 में भारतीय जूनियर टीम में शामिल किया गया। जापान में जूनियर महिला एशिया कप 2023 में उनका शानदार प्रदर्शन उनके लिए टर्निंग पॉइंट था, जहां टीम ने स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्हें मुंबई में पश्चिमी रेलवे से नौकरी का प्रस्ताव मिला। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड हॉकी टीम में जगह पक्की करने के अलावा, माधुरी ने इस साल अप्रैल में साई बेंगलुरु में एक शिविर के बाद भारतीय टीम में भी कदम रखा। हालांकि उन्हें अभी सीनियर में डेब्यू करना बाकी है, लेकिन माधुरी अपनी आदर्श सविता के साथ प्रशिक्षण के अवसर का पूरा लुत्फ उठा रही हैं। उन्होंने कहा, जूनियर और सीनियर टीमों के बीच का अंतर इतना बड़ा नहीं है क्योंकि मेरी टीम में सविता, बिचू देवी खारीबाम और बंसरी सोलंकी जैसे सीनियर खिलाड़ी हैं जो मेरे खेल में मेरी मदद करते हैं। उन्हें हर दिन गहन प्रशिक्षण करते हुए देखने से मुझे उच्चतम स्तर पर खेल के बारे में अधिक जानकारी हासिल करने में मदद मिली है। मेरे पास सुधार की बहुत गुंजाइश है। मैं टीम में अपने लिए जगह बनाने का प्रयास कर रही हूं। मैं अपनी कमजोरियों पर काम कर रही हूं ताकि मैं भविष्य में टीम को जीतने में मदद कर सकूं। मैं दुनिया भर की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलने के लिए उत्सुक हूं।

## एशियन चैंपियनशिप में रोहतक की मुस्कान व दिपांशी ने अंडर-17 मुकाबलों में जीता स्वर्ण, परिवार में जश्न

**रोहतक, एजेंसी।** दोनों पहलवानों के शानदार प्रदर्शन से अखाड़े की सभी पहलवानों को प्रेरणा मिलती है। स्वर्ण पदक जीतने पर पहलवानों के परिवार व अखाड़े में खुशी का माहौल है। मंगलवार को घर लौटने पर दोनों पहलवानों का जोरदार स्वागत किया जाएगा। एशियन चैंपियनशिप में पहले अंडर-17 व बाद में अंडर-19 के मुकाबले होंगे। ये चैंपियनशिप जार्डन में 22 से 30 जून तक हो रही है। कोच मंदीप ने बताया कि जार्डन में आयोजित कुश्ती एशियन चैंपियनशिप में गांव रिठाल निवासी दीपांशी 46 किलोग्राम भार वर्ग व गांव अस्थल बोहर निवासी मुस्कान 53 किलोग्राम भार वर्ग में दोनों पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दोनों पहलवानों के शानदार प्रदर्शन से अखाड़े की सभी पहलवानों को प्रेरणा मिलती है।



## मंधाना ने रचा इतिहास

- **शतक की हैट्रिक लगाने से चूकी स्मृति मंधाना, 3 मैचों में बनाए 343 रन**

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में साऊथ अफ्रीका महिला टीम के खिलाफ तीसरे वनडे में लगातार तीसरा शतक लगाने से चूक गई। स्मृति ने सीरीज के पहले दो मैचों में 117 और 136 रन बनाए थे। रविवार को तीसरे वनडे में 216 रनों का पीछा करते हुए स्मृति ने अपनी टीम को मजबूत शुरूआत दी। वह 31वें ओवर में 90 रन बनाकर आऊट हुई और अपने शतक से चूक गईं। स्मृति ने 83 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से यह रन बनाए। तीन वनडे मैचों की सीरीज में इसी के साथ स्मृति के 343 रन हो गए हैं। वह 3 मैचों की वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर भी बन गई हैं।

**पहले ही मिताली का रिकॉर्ड कर चुकी हैं बराबर-** स्मृति मंधाना ने इस सीरीज में दो शतक लगाए जिसके चलते उन्होंने अपने वनडे करियर में 7 शतक पूरे किए। भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड इससे पहले मिताली राज के नाम पर था। अब इसे स्मृति ने बराबर कर लिया है। महिला वनडे में सबसे ज्यादा 15 शतक लगाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की मेग लेनिंग के नाम पर हैं जिन्होंने 103 मैचों में ही 15 शतक लगाए हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के नाम 13 शतक हैं। इंगलैंड की नेट साइवर ब्रंट, श्रीलंका की अथापथ्थु, इंगलैंड की टिम ब्यूमोंट और एडवर्ड 9-9 शतक लगा चुकी हैं। अब स्मृति से आगे इंगलैंड की एस टेलर, न्यूजीलैंड की सोफिया डिवाइन, ऑस्ट्रेलिया की के रॉल्टन हैं जोकि 8-8 शतक लगा चुकी हैं।

## अभिषेक, रियान, मयंक की होगी भारतीय टीम में एंट्री, आगामी टी20 सीरीज में मिस सकता है मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवा ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा, रियान पराग तथा तेज गेंदबाज मयंक यादव को जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए पहली बार भारतीय टीम में शामिल किए जाने की संभावना है। आईसीसी टी20 विश्व कप के समापन के बाद भारत पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा। यह सीरीज 6 जुलाई से शुरू होगी और 14 जुलाई तक चलेगी। सभी मैच हरारे में खेले जाएंगे।



सूत्रों ने बताया कि इस सीरीज में कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। अभिषेक और रियान ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने बेहतरीन बल्लेबाजी प्रदर्शन से धमाल मचाया। अभिषेक 16 मैचों में 32.26 की औसत और 204.31 की स्ट्राइक रेट से तीन अर्धशतकों के साथ 484 रन बनाकर 10वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 75* रहा। अभिषेक ने सीजन में 42 छक्के लगाए और ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड के साथ सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार ओपनिंग साझेदारी की। वह एक उपयोगी स्पिन गेंदबाज भी हैं।

रियान एक और ऑलराउंडर हैं जो ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं और स्पिन के कुछ महत्वपूर्ण ओवर कर सकते हैं। कई वर्षों तक निचले क्रम में खराब प्रदर्शन के बाद राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन ने रियान को चौथे नंबर पर अपग्रेड किया और उन्होंने 16 मैचों में 52.09 की औसत, 149 से अधिक की स्ट्राइक रेट और चार अर्धशतकों के साथ 573 रन बनाकर उन्हें इसका बदला चुकाया। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84* रहा। उनकी लगातार बल्लेबाजी आरआर के प्लेऑफ में पहुंचने के पीछे प्रमुख कारणों में से एक थी। मयंक ने चार मैचों में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का प्रतिनिधित्व किया जिसमें 12.14 की औसत और 6.98 की इकॉनमी रेट से सात विकेट लिए, जिसमें 3/14 का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा रहा।

### आईओए ने पूर्व ओलंपियनों के लिए चिकित्सा बीमा

## पेंशन शुरू करने का प्रस्ताव रखा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने रविवार को कहा कि देश का यह शीर्ष खेल निकाय सभी पूर्व ओलंपियनों के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य बीमा और पेंशन योजना लाने योजना तैयारी की है। उषा ने आईओए की कार्यकारी समिति को सिफारिशें प्रस्तावित की हैं जिन पर जल्द ही चर्चा होगी।

उषा को यह विचार भारतीय तीरंदाज लिंबा राम की दुर्दशा को देखने के बाद आया। प्रस्ताव के मुताबिक आईओए इन सभी खर्चों को पूरी तरह से अपने खजाने से वहन करेगा। उषा ने यहां अपने आवास पर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के मौके पर महान भारतीय खिलाड़ी गुरबचन सिंह रंधावा को सम्मानित करते हुए कहा, आईओए कई एथलीट-केंद्रित कदम उठा रहा है और इनमें से हमारे सभी पूर्व-ओलंपियनों के लिए चिकित्सा बीमा और पेंशन शामिल है।

उषा ने कहा, हमने सभी पूर्व ओलंपियनों के लिए कार्यकारी समिति सदस्यों को प्रस्ताव सौंप दिया है। यह पूर्व ओलंपियनों के लिए आईओए की ओर से एक छोटी सी मदद है। हमें अपने सभी पूर्व ओलंपियनों के योगदान की सराहना करना चाहते हैं।

## रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने की घटना के बाद एक्शन में EFA, यूरो मुकाबलों की सुरक्षा बढ़ाई जाएगी



**फ्रैंकफर्ट, एजेंसी।** पुर्तगाल की तुर्की पर मिली 3-0 की जीत के दौरान शनिवार को चार प्रशंसक सेल्फी लेने के लिए रोनाल्डो का पीछा करते हुए मैदान पर आ गए थे। मैच खत्म होने के बाद और भी खेल प्रेमियों ने सेल्फी लेने की कोशिश की।
यूरोपीय चैम्पियनशिप में खेल प्रेमियों को खिलाड़ियों तक पहुंचने से रोकने के लिए मैदान के बाहर किनारे पर सुरक्षा बढ़ायी जाएगी क्योंकि कम से कम छह प्रशंसकों ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की थी। यूएफा (श्वस्त्र) ने रविवार को कहा कि जर्मनी के 10 स्टेडियमों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए जायेंगे। हालांकि इस योजना के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। यूएफा ने कहा, पिच पर किसी भी तरह घुसने की कोशिश करना स्टेडियम के नियमों का उल्लंघन होगा जिसके कारण उसे स्टेडियम से बाहर कर दिया जाएगा। साथ ही उसे टूर्नामेंट के सभी मैचों से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा और मैदान में घुसने के लिए आपराधिक शिकायत दर्ज की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जज साहब 5 साल तक करते रहे मेरा रेप, हनीट्रैप की आरोपी क्लर्क का बड़ा दावा

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के दौसा में एक 30 वर्षीय महिला ने रविवार को अजमेर सिविल कोर्ट के एक जज पर पांच साल से अधिक समय तक उसके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाया है। वहीं, कुछ दिन पहले ही आरोपी जज ने शिकायतकर्ता महिला के खिलाफ हनीट्रैप और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। महिला और जज 5 साल से एक दूसरे को जानते हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दौसा के महिला थाने में एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में उसने जज पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। दौसा के एक पुलिस अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि महिला का आरोप है कि जज विजेंद्र मीणा (33) ने शादी का झांसा देकर 2019 से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन अब उसने शादी करने से इनकार कर दिया और अजमेर में उसके खिलाफ झूठी एफआईआर भी दर्ज करा दी। पुलिस के अनुसार, श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर में लोअर डिवीजन क्लर्क (एलडीसी) के पद पर कार्यरत महिला की आरोपी जज विजेंद्र से 5 साल पहले दौसा में मुलाकात हुई थी। जहां वे दोनों 2019 में दौसा में राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। अजमेर उत्तर सीओ रुद्र प्रकाश शर्मा ने बताया, हालांकि, जज मीणा ने 16 जून को महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उसने 2019 में एक दिन जबरन शारीरिक संबंध बनाए और उसका वीडियो भी रिकॉर्ड कर लिया। इसके बाद उस महिला ने उन्हें उसके साथ शादी करने या 50 लाख रुपये कीमत का फ्लैट देने के लिए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

### शोटाइम डिज़्नी+ हॉटस्टार पर 12 जुलाई से

**मुंबई, एजेंसी।** असली कहानी तो पूरी पिक्चर देखने के बाद ही पता चलती है! लाइट्स, कैमरा और इसके शोटाइम के साथ निर्माताओं के बीच की लड़ाइयों, खुद की वास्तविकताओं की पहचान, शक्तिशाली महिलाओं और रघु खन्ना के पुर्नउत्थान को देखने के लिये तैयार हो जाइये। डिज़्नी+ हॉटस्टार और धर्मेटिक एन्टरटेनमेंट अपने दर्शकों के लिये लेकर आये हैं ङ्क शोटाइम के नये एपिसोड्स। यह विरासत और महत्वकांक्षाओं की कहानी है। शोटाइम दर्शकों को रघु खन्ना की यात्रा की एक झलक देता है, जो उसकी व्यक्तिगत कमजोरियों, टूटे हुए रिश्तों को सुधारने के प्रयास, और अपने खोए हुए अधिकारों को फिर से पाने की कोशिशों से भरी हुई है। सुमित रॉय व शो रनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं मिहिर देसाई और अर्चित कुमार द्वारा निर्देशित इस शो में इमरान हाशमी, महिमा मकवाना, मौनी रॉय, राजीव खंडेलवाल, श्रिया सरन जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ ही विजय राज़ व विशाल वशिष्ठ प्रमुख भूमिकाओं में हैं। शोटाइम के सभी एपिसोड्स 12 जुलाई से विशेष रूप से सिर्फ डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे। करण जौहर, फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, धर्मेटिक एन्टरटेनमेंट ने कहा, ''शोटाइम' की मेरे दिल में एक खास जगह है। यह किरदारों की असली जिंदगी, उनकी व्यक्तिगत कमजोरियों और आंतरिक संघर्षों को दिखाती है, जिसकी सामना 'शोबिज़' की दुनिया में हर किसी को करना पड़ता है। रघु के पुर्नउत्थान से लेकर मौनी रॉय और महिमा मकवाना के दमदार परफॉर्मेंस तक, 'शोटाइम' एक दमदार कहानी बयां करेगा और दर्शकों की बेताबी को और बढ़ाएगा। हमें डिज़्नी+ हॉटस्टार से बेहतर पार्टनर नहीं मिल सकता था और हम इस कहानी को लोगों तक पहुंचाने के लिए बहुत उत्सुक हैं।'' अपूर्वा मेहता, सीईओ, धर्मेटिक एन्टरटेनमेंट ने कहा, ''शोटाइम' एक अनूठी सीरीज है। यह बॉलीवुड की दुनिया को दिखाती है और इसकी वास्तविकताओं को प्रस्तुत करती है, जिसमें निर्माताओं के बीच की लड़ाईयां और संघर्ष सबसे ऊपर है। धर्मेटिक और डिज़्नी+ हॉटस्टार की साझेदारी सफल रही है और यह 'शोटाइम' के साथ और भी मजबूत हुई है। हमें उम्मीद है कि यह दर्शकों को पसंद आयेगा।'' सोमेन मिश्रा, हेड ऑफ कंटेंट (फिक्शन), धर्मेटिक एन्टरटेनमेंट ने कहा, ''शोटाइम' के नये एपिसोड्स में रघु खन्ना को एक बिल्कुल नये अवतार में दर्शकों को दिखाने के लिये हम बेहद उत्साहित हैं। डिज्नी+ हॉटस्टार के साथ हमारा सहयोग शानदार रहा है।

# बेटा न होने पर जुड़वां बेटियों का कर दिया कत्ल

### दिल्ली में शर्मनाक वारदात



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। बाहरी दिल्ली के पूठकलां गांव में करीब 20 दिन पहले एक परिवार ने जुड़वां बच्चियां पैदा होने पर दोनों नवजात बच्चियों को मार डाला और आनन-फानन में शव को भी दफना दिया। महिला का पति और ससुराल वाले बेटा चाहते थे। इस संबंध में मामला दर्ज होने के बाद से बच्चियों का पिता और उसका परिवार फरार है।

दरअसल, जुड़वां बच्चियों होने के कारण महिला का पति और उसके घरवाले नाराज थे। इसलिए उन्होंने महिला के होश में आने से पहले ही वारदात को अंजाम दे डाला। हालांकि, महिला ने होश में आने के बाद जब बच्चियों के बारे में पूछा तो पति ने दोनों बच्चियों के बीमार होने के कारण मौत का बहाना बना दिया। इस पर महिला और उसके मायके वालों को शक हुआ तो मामले की शिकायत पुलिस से की गई। इसके बाद शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दफना दिए गए बच्चियों के शवों को कब्र से बाहर निकाला और मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामला दर्ज होने के बाद से ही पति परिवार समेत फरार है।

**वर्ष 2022 में हुई थी शादी:** जानकारी के मुताबिक, नवजात बच्चियों की मां हरियाणा के रोहतक की रहने वाली है। उसकी शादी 2022 में बाहरी दिल्ली के पूठकलां में रहने वाले नीरज सोलंकी नाम के एक शख्स से हुई थी। वह जब गर्भवती हुई तो ससुराल वाले चाहते थे कि वह बेटे को जन्म दे, लेकिन महिला ने जुड़वां बेटियों को जन्म दे दिया। इससे परिवार के लोग परेशान हो गए। योजना के मुताबिक, परिजन महिला को रोहतक में छोड़कर बच्चियों को यह कहकर ले आए कि मां जब स्वस्थ हो जाएगी तो बच्चियों से मिल लेगी, तब तक घर के अन्य सदस्य बेटियों की देखभाल करेंगे।

#### 20 दिन बाद मामला दर्ज

बच्चियों की मां शिकायत लेकर रोहतक सेक्टर-35 के अर्बन एस्टेट थाना पहुंची। मगर उन्हें गांव के थाने सांपला भेज दिया गया। जब वे सांपला पहुंचीं तो दिल्ली का मामला बताकर उन्हें दिल्ली के सुल्तानपुरी थाने भेजा गया। इस तरह थानों के चक्कर काटने के बाद 5 जून को परिजन दिल्ली के बाहरी जिला के डीसीपी से मिले तो कार्रवाई शुरू की गई। तत्काल अधिकारियों ने क्षेत्रीय एसडीएम को इसकी सूचना दी। उसी दिन बच्चियों के शव श्मशान घाट में कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल में भेज दिया गया। अगले दिन पोस्टमॉर्टम हुआ।

#### वारदात के बाद आरोपी पिता फरार हुआ

महिला पूजा का पति नीरज फरार है। इसके परिवार में पिता बिजेंद्र सोलंकी, मां चांद कौर, बड़ा भाई दिनेश व बहन मोनिका है। पूजा के भाई जुगनू ने बताया कि बहन के गर्भवती होने पर नीरज व उसके परिजनों ने अवैध रूप से भ्रूण जांच करवाई थी, जिसमें पूजा की गर्भ में जुड़वां लड़कियां होने का पता चला। इसके बाद से ससुराल वाले उसके साथ बदसलूकी करने लगे। बात ज्यादा बढ़ी तो पूजा अपने मायके आ गई। करीब छह माह मायके में रहने के बाद पूजा ने 30 मई को रोहतक के एक निजी अस्पताल में बच्चियों को जन्म दिया। यह सुनकर शाम को पूजा के सास-ससुर अस्पताल पहुंचे। अगले दिन एक जून को नीरज, अपनी मां और बहन के साथ अस्पताल पहुंचा। नीरज और उसकी मां ने दोनों बच्चियों को लिया और उन्हें दिल्ली ले आए।

## ऐलान कर किया दोस्त का कत्ल, लड़की के चक्कर में गोली मारकर की हत्या

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ में लोहियानगर के हुमायूंनगर में दिन निकलते ही ऐलानिया कत्ल की वारदात से सनसनी फैल गई। हेयर सैलून में शेविंग कराने पहुंचे युवक को उसके दोस्त ने कनपटी पर गोली मार दी। हत्या की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। लखनऊ से भी घटना का संज्ञान लिया गया। इसके बाद दोपहर को मुठभेड़ में आरोपी के पैर में दो गोली लगी और पुलिस ने उसे दबोच लिया।

नूर गार्डन निवासी 22 वर्षीय समीर पुत्र असलम ई-रिक्शा रिपेयरिंग का काम करता था। हुमायूंनगर में ही उसने दुकान किराये पर ली थी। बराबर में अमीरू सैफी निवासी फतेउल्लापुर का बाइक सर्विस सेंटर है और दोनों दोस्त भी थे। दोनों के बीच एक युवती को लेकर शनिवार दोपहर विवाद हो गया था। अमीरू ने समीर को हत्या की धमकी दी थी। रविवार सुबह 11 बजे समीर अपनी दुकान के पास हेयर सैलून पर शेविंग कराने पहुंचा था। दुकान मालिक वसीम ने जैसे ही शेविंग करना शुरू किया, इसी दौरान अमीरू तमंचा लेकर दुकान में घुस आया और समीर की कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर फरार हो गया। दोपहर में आरोपी को ततीना रोड पर पुलिस ने घेर लिया और मुठभेड़ में घायल होने के बाद उसे दबोच लिया। मेरठ के एसपी सिटी, आयुष विक्रम सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि समीर और अमीरू दोनों की दुकान आसपास है। दोनों आपस में दोस्त हैं। दोनों के बीच कुछ विवाद हुआ, जिसके बाद अमीरू ने वारदात अंजाम दी है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। तमंचा भी बरामद है। पूछताछ की जा रही है।

## बसपा इस बार विधानसभा के उपचुनाव भी लड़ेगी, बड़े नेताओं को हाईकमान से मिला आदेश

**लखनऊ, एजेंसी।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को बुलाई बैठक में निर्देश दिया है कि इस बार उपचुनाव मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। यहां बता दें कि बसपा अमूमन उपचुनावों से दूरी बनाकर रहती है, लेकिन अब उसने भी उपचुनावों में उम्मीदवारों को उतारे का फैसला किया है। बसपा सुप्रीमो ने चंद्रशेखर आजाद को भाजपा, कांग्रेस और सपा का एजेंट बताया है।



बहुजन समाज पार्टी उपचुनाव भी लड़ेगी, इस निर्णय के बाद राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों को हाईकमान से निर्देश दिया गया है कि वे उपचुनाव की तैयारियों में जुटें। उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है कि लोकसभा चुनाव के बाद रिक्त हुई विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए तैयारियां शुरू करें। उम्मीदवारों के चयन के लिए नामों का पैनल अभी से तैयार करने शुरू कर दिए जाएं, जिससे समय रहते अच्छे उम्मीदवार उतारे जा सकें। पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि नगीना लोकसभा सीट पर इन तीनों पार्टियों ने मिलकर कमजोर उम्मीदवार दिए जिससे चंद्रशेखर आजाद चुनाव जीत गया।

**मायावती ने सदस्यता शुल्क घटाया:** मायावती ने संगठन को मजबूत करने के लिए बसपा सदस्यता शुल्क 200 रुपये से घटाकर 50 रुपये कर दिया है।

## भंगार लेनो है थारे; वायरल वीडियो से चिढ़ाया जाता था बुर्जुग, पेड़ पर लटकी मिली लाश



**जोधपुर , एजेंसी।** राजस्थान के जोधपुर-फलोदी स्टेट हाइवे पर लोहावट कस्बे में गेंगहट के पास रविवार रात एक वृद्ध ने पेड़ पर रस्सी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया।लोहावट थाने के एएसआई शैतानाराम पंवार ने बताया कि रात आठ बजे गेंगहट के पास पेड़ पर एक वृद्ध का शव लटका होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को अंदेशा है कि वृद्ध ने आत्महत्या की है। पास ही उसकी एक रेहड़ी भी खड़ी मिली। जिसमें कुछ पुराना सामान है। मृतक के पास बाड़मेर के चौहटन निवासी प्रतापराम पुत्र केसराराम प्रजापत के दस्तावेज मिले। उसकी जेब से मंदिर व गौशाला की कुछ रसीदें और साढ़े तीन चार हजार रुपए भी मिले है। जिसके आधार पर देर रात तक पुलिस पहचान कर उसके परिजन से सम्पर्क करने का प्रयास कर रही है। अभी तक आत्महत्या का कारण पता नहीं लग पाया है।

**सोशल मीडिया पर वायरल हो रखे हैं वृद्ध के वीडियो:** पुलिस के अनुसार मृतक का कुछ महीने पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें विदेशी महिला व युवक, वृद्ध को की रेहड़ी को मिट्टी से धकेलकर निकालने में मदद करने, रेहड़ी को धक्का लगाने व पानी पिलाने की मनुहार करते हैं, लेकिन वृद्ध इससे गुस्सा हो जाता है। फिर वह कहता है कि भंगार लेवणों थ्हारेज्उसके साथ थोड़ी सी चलते हुए बातचीत का वह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ है। इसके बाद जहां से वृद्ध रेहड़ी लेकर निकलता तो आस-पास के लोग उसे भंगार लेहणो है थ्हारे, कहकर खिल्ली उड़ाते थे। वृद्ध के लोहावट कस्बे में आने पर कुछ लोगों के खिल्ली उड़ाने की बात भी सामने आई है। सोशल मीडिया ट्रोलिंग आत्हत्या करने की बड़ी वजह मानी जा रही है। हालांकि, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दुर्भाग्य है कि आतंकवाद का महिमामंडन करने वाले कृत्यों को..., 1985 के आतंकी हमले पर भारतीय उच्चायोग



**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा में आतंकवाद को महिमामंडित करने वाली लगातार हो रही घटनाओं को भारत ने निंदनीय बताया। कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि यहां कई मौकों पर ऐसी कार्रवाइयों को नियमित होने दिया जाता है जबकि सभी शांतिप्रिय देशों और लोगों को इसकी निंदा करनी चाहिए। भारतीय उच्चायोग ने 1985 में हुए कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी मनाई। इस मौके पर उच्चायोग ने कहा कि आतंकवाद कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं जानता।

**क्या है कनिष्क बम विस्फोट घटना?:** बता दें, 23 जून 1985 को मॉन्ट्रियल-लंदन-दिल्ली मार्ग पर उड़ान भरने वाले एयर इंडिया 182 कनिष्क विमान में आयरलैंड के तट से दूर अटलांटिक महासागर के ऊपर हवा में विस्फोट हो गया था, जो कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना आतंकी कृत्य के कारण हुआ था। इस घटना में एअर इंडिया के विमान में सवार 86 बच्चों समेत 329 लोगों की मौत हो गई थी।

**39 साल बीते, लेकिन...:** ओटावा में भारतीय उच्चायोग, टोरंटो और वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावासों ने रविवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। यहां 1985 की घटना में मारे गए लोगों को याद किया। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि इस कायराना कृत्य के 39 साल बीत चुके हैं, लेकिन दुर्भाग्य से आतंकवाद आज अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा बन गया है। उसने आगे कहा, 1985 में एयर इंडिया 182 पर बमबारी सहित आतंकवाद को महिमामंडित करने का कोई भी कृत्य निंदनीय है और सभी शांतिप्रिय देशों और लोगों को इसकी निंदा करनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कनाडा में कई मौकों पर इस तरह के कृत्य को नियमित होने दिया जाता है। पिछले सप्ताह भारत ने खालिस्तान चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की याद में कनाडा की संसद द्वारा एक मिनट का मौन रखे जाने पर कड़ी आपत्ति जताई थी। वहीं, रविवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट में कनिष्क बम विस्फोट को याद करते हुए जोर देकर कहा कि यह इस बात की याद दिलाता है कि आतंकवाद को क्यों बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

## दक्षिण कोरिया में लिथियम बैटरी बनाने वाली एक फैक्ट्री में आग, एक की मौत; 20 लोग लापता



**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की राजधानी के पास सोमवार को लिथियम बैटरी बनाने वाली एक फैक्ट्री में आग लग गई। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। वहीं, 20 से अधिक लोगों को कुछ पता नहीं लग पा रहा है।

**कर्मचारियों के नाम का रजिस्टर जला:** स्थानीय अग्निशमन अधिकारी किम जिन-यंग ने बताया कि सियोल के दक्षिण में ह्वासोंग स्थित कारखाने में बचाव कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि 23 लोगों के लापता होने की खबर है। पहचान करना मुश्किल होगा क्योंकि माना जा रहा है कि कर्मचारियों का एक रजिस्टर जल गया है।

**चीन के लोग लापता:** उन्होंने आगे बताया कि लापता लोगों में चीनी सहित विदेशी नागरिक शामिल हैं। यंग ने बताया कि लापता लोगों के मोबाइल फोन के सिग्नल कारखाने की दूसरी मंजिल से आ रहे थे।

**इतने लोग कर रहे थे काम:** दक्षिण कोरियाई मीडिया ने बताया कि आग लगने से पहले कारखाने में लगभग 67 लोग काम कर रहे थे।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने समकक्ष नाहयान से की मुलाकात

### बोले- रणनीतिक संबंधों पर हुई गहन बातचीत



**अबू धाबी , एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ भारत और यूएई के बढते व्यापक रणनीतिक संबंधों पर उपयोगी और गहन बातचीत की। इसके अलावा क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। इससे पहले जयशंकर रविवार को अबू धाबी में प्रतिष्ठित बीएपीएस हिंदू मंदिर गए। वहीं, 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भी भाग लिया।

अपने समकक्ष से मिलने के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से आज अबू धाबी में मिलकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने आगे कहा कि हमारे बढ़ते व्यापक रणनीतिक संबंधों पर उपयोगी और गहन बातचीत हुई। इसके अलावा क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर आबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर गए व मंदिर में विधि-विधान से पूजा पाठ किया। उन्होंने कहा, मैं बीएपीएस हिंदू मंदिर आकर धन्य हो गया। यह मंदिर भारत-यूएई दोस्ती का एक स्पष्ट प्रतीक है। यह दुनिया को एक सकारात्मक संदेश देता है। यह दोनों देशों के बीच एक सच्चा सांस्कृतिक ब्रिज है।

जयशंकर ने मंदिर में बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम संगठन (बीएपीएस) के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की थी। बीएपीएस ने यूएई द्वारा दान की गई भूमि पर मंदिर बनवाया है। इसके अलावा, विदेश मंत्री ने भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का उद्घाटन किया और उसमें भाग लिया, जो लौर अबू धाबी संग्रहालय परिसर में आयोजित किया गया था।

#### पीएम मोदी ने इस साल की थी यूएई की यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगस्त 2015 में संयुक्त अरब अमीरात की ऐतिहासिक यात्रा के बाद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया है। दोनों देशों ने आर्थिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए फरवरी 2022 में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) पर हस्ताक्षर किए थे। व्यापार समझौते में कई लाभ दिए गए हैं, जिनमें टैरिफ को खत्म करना और कम करना, खुले व्यापार के माहौल को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में सेवा प्रदाताओं के लिए बाजार पहुंच को बढ़ाना शामिल है। यूएई 2022-23 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में भारत में शीर्ष चार निवेशकों में से एक है। करीब 35 लाख संख्या के साथ भारतीय समदाय यएई में सबसे बडा प्रवासी समह है।

## अमेरिका से इस्राइल आने वाले हथियारों में कमी आई, नाराज नेतन्याहू ने बाइडन प्रशासन को घेरा

**यरूशलम , एजेंसी।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को यरूशलम में एक कैबिनेट बैठक के बाद एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका हथियारों की डिलीवरी रोक रहा है। अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए नेतन्याहू ने बताया कि चार महीने पहले अमेरिका से इस्राइल आने वाले हथियारों में तेजी से कमी आई थी। कई हफ्तों तक हमने अपने अमेरिकी दोस्तों से बातचीत की और उन्हें हथियारों के शिपमेंट में तेजी लाने का अनुरोध किया। नेतन्याहू ने बैठक की शुरूआत में ही जो बाइडन प्रशासन को घेरा। उन्होंने कहा, करीब चार महीने पहले तक अमेरिका से इस्राइल आने वाले हथियार सामग्री में कमी कई थी। हमने कई हफ्तों तक अमेरिका से शिपमेंट में तेजी लाने का अनुरोध किया। हमने ऐसा बार-बार किया। हमने उच्चतम स्तर पर ऐसा किया। हमें सभी प्रकार के स्पष्टीकरण मिले। बुनियादी स्थिति नहीं बदली। कुछ वस्तुएं छिटपुट रूप से आई, लेकिन बड़े पैमाने पर युद्ध सामग्री पीछे ही रही गई। हालांकि, नेतन्याहू ने यह स्पष्ट नहीं किया कि व किस हथियार की बात कर रहे हैं। मई में अमेरिका के बाइडन प्रशासन ने 500 पौंड और दो हजार पौंड बमों की शिपमेंट में देरी की पुष्टि की। अमेरिका को डर था कि इस्राइल इन हथियारों का इस्तेमाल राफा में कर सकता है। नेतन्याहू की टिप्पणी विदेश मंत्री योग गैलेंट के शनिवार को अमेरिका के लिए रवाना होने के बाद आई।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129